शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद
शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष 12 संवत 2081
रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित
वर्ष : 2, अंक : 256
मूल्य ₹ 3 पृष्ठ संख्या : 12

बॉक्सिंग डे टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने ठोके अर्धशतक ▸10

युवाओं के कारण विकसित भारत की सफलता तय है : मोदी ▸12

नहीं रहे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री

मनमोहन सिंह



नई दिल्ली। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन हो गया है. गुरुवार शाम करीब 8 बजे उन्हें दिल्ली के एम्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था. डॉ. मनमोहन सिंह, दो बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं. वे लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे. वह कई बार स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती कराए जा चुके थे.

उधर डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर सामने आने के बाद पूरे देश में शोक की लहर देखने को मिल रही है. जानकारी के अनुसार साल, 2006 में मनमोहन सिंह की दूसरी बार बाईपास सर्जरी हुई थी, जिसके बाद से वह काफी बीमार चल रहे थे. गुरुवार को उन्हें सांस लेने में तकलीफ और बेचैनी के बाद एम्स में भर्ती कराया गया था. उनका जन्म 26 सितम्बर 1932 को पश्चिमी पंजाब के गाह (अब पाकिस्तान) में हुआ था.

आरबीआई के रह चुके हैं गवर्नर

पूर्व पीएम राजीव गांधी की सरकार में वह 1985 से 1987 तक भारतीय योजना आयोग के प्रमुख के पद पर भी रहे. उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के साथ भी काम किया. इसके अलावा वह 1982 से 1985 तक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर भी रहे. इस दौरान उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में कई सुधार किए. जिसके लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है.

आर्थिक सुधारों के लिए किए जाएंगे याद

डॉ. मनमोहन सिंह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और जाने-माने अर्थशास्त्री थे. उन्होंने 1991 में देश के आर्थिक सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वित्त मंत्री के रूप में, उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों को लागू किया, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली. उन्हें उनके योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिसमें पद्म विभूषण भी शामिल है. 1991 में, पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री के रूप में, डॉ. मनमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नया रूप दिया. उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों को अपनाया.

उनकी बुद्धिमत्ता और विनम्रता हमेशा देखने को मिलती थी : पीएम मोदी

डॉ. मनमोहन सिंह जी और मैं उस समय नियमित रूप से बातचीत करते थे जब वे प्रधानमंत्री थे और मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था. हम शासन से संबंधित विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श करते थे. उनकी बुद्धिमत्ता और विनम्रता हमेशा देखने को मिलती थी. दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं के उनके परिवार के साथ हैं. ओम शांति

मैंने एक मार्गदर्शक खो दिया : राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, मनमोहन सिंह जी ने असीम बुद्धिमत्ता और ईमानदारी के साथ भारत का नेतृत्व किया. उनकी विनम्रता और अर्थशास्त्र की गहरी समझ ने पूरे देश को प्रेरित किया. श्रीमती कौर और उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं. मैंने एक मार्गदर्शक खो दिया है. हममें से लाखों लोग जो उनके प्रशंसक थे, उन्हें अत्यंत गर्व के साथ याद करेंगे.

न्यूज इन ब्रीफ

वैष्णो देवी यात्रा में बरपा है हंगामा

जम्मू। वैष्णो देवी यात्रा के पहले पड़ाव कटरा में गुरुवार को सन्नाटा पसरा रहा, क्योंकि रोपवे प्रोजेक्ट के विरोध कर रहे स्थानीय दुकानदारों ने 72 घंटे का बंद का आह्वान किया है. हालांकि दर्शन करने गए श्रद्धालुओं के लिए होटल खुले हैं. मंदिर के ट्रैक पर भी पिट्ठू और पालकीवाले नजर नहीं आए. बुधवार को कटरा संघर्ष समिति के विरोध प्रदर्शन के बीच जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया था.

भाजपा प्रदेश अध्यक्षों की बैठक 29 को होगी

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक 29 दिसंबर को दिल्ली में होगी, जिसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुलाई है. झारखंड से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी इस बैठक में शामिल होंगे. बैठक में राजनीतिक गतिविधियों को लेकर एक रोडमैप तैयार किया जाएगा और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा होगी. साथ ही, इस दिन एक कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें पार्टी नेताओं को अहम टिप्स दिए जाएंगे.

मालगाड़ी बेपटरी कोई हताहत नही

झांसी। झांसी से कानपुर जा रही मालगाड़ी गुरुवार की सुबह पटरी से उतर गई. इससे रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया. अधिकारियों ने मोर्चा संभालते हुए लाइन को क्लियर कराया. दो घंटे यातायात प्रभावित रहा. वंदेभारत समेत 6 ट्रेनें लेट हो गईं. झांसी मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि यातायात शुरू करवा दिया गया है. झांसी से कानपुर जा रही मालगाड़ी के चार पहिए गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे झांसी स्टेशन के पास अचानक बेपटरी हो गए. इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.

सीएम हेमंत सोरेन ने की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय बैठक

सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनायें

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की. उन्होंने सभी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और जिला अस्पतालों का एक हेल्थ सर्किट बनाने का निर्देश दिया, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को आसानी से एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया जा सके. इसका उद्देश्य यह है कि किसी एक अस्पताल पर अत्यधिक दबाव न पड़े और सभी अस्पतालों में बेहतर इलाज की सुविधाएं उपलब्ध हों.

मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को 24×7 फंक्शनल करने की बात की और कहा कि अस्पतालों में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ हमेशा उपलब्ध रहें, ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके. उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों को और बेहतर बनाने के लिए भी कदम उठाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं ताकि मरीजों को बेवजह मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में रेफर न करना पड़े.

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन के लिए पेशेवरों की सेवा लेने का सुझाव दिया, ताकि मरीजों को अधिक सहूलियत मिल सके. इसके अलावा, किडनी के मरीजों के लिए पेरीटोनियल डायलिसिस की व्यवस्था बढ़ाने की भी बात की, ताकि मरीज घर पर ही डायलिसिस कर सकें और अस्पतालों में भीड़ कम हो.

मुख्यमंत्री ने कैंसर के मरीजों का डेटा तैयार करने का निर्देश भी दिया, ताकि राज्य में इस बीमारी के इलाज की दिशा में उचित कदम उठाए जा सकें. साथ ही, उन्होंने राज्य में पांच नए मेडिकल कॉलेजों को पूरी तरह से फंक्शनल बनाने की बात की, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके और उन्हें रिम्स या अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर करने की जरूरत न पड़े.

रांची के री-डेवलपमेंट प्लान और यातायात व्यवस्था को लेकर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने रांची शहर को सुंदर और स्मार्ट बनाने के लिए कई निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने रांची में फ्लाईओवर, सड़क मरम्मत, चौड़ीकरण और स्ट्रीट लाइट की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात की. साथ ही, अतिक्रमण हटाने और शहर की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने का भी निर्देश दिया.

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ठंड को देखते हुए चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था और गरीबों के बीच कंबल वितरण की तैयारी करने का भी निर्देश दिया. बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

सीएम हेमंत ने ये निर्देश भी दिए

- सभी अस्पताल 24 × 7 फंक्शनल होने चाहिए
- **सदर अस्पतालों को भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा मिले**
- हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होनी चाहिए व्यवस्था
- **किडनी मरीजों के पेरीटोनियल डायलिसिस की दिशा में आगे बढ़ें**
- राज्य भर के कैंसर के मरीजों का डेटा तैयार करें
- **पांच नए मेडिकल कॉलेजों को पूरी तरह फंक्शनल बनाएं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था दुरुस्त करें**
- सड़कों का मरम्मत, मजबूतीकरण और चौड़ीकरण का कार्य पूरा किया जाए.
- **राजधानी रांची में अभियान चलाकर अतिक्रमण हजाया जाए**
- सड़कों और गली मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट की पुख्ता व्यवस्था हो.
- **शहर की सड़कों के किनारे कचरा और गंदगी का अंबार नहीं होना चाहिए.**
- **सड़कों के डिवाइडरों पर पौधारोपण करें.**
- अलाव की व्यवस्था व गरीबों के बीच कंबल का वितरण सुनिश्चित करें.

मंईयां सम्मान योजना : पहला चुनावी वादा कल पूरा करेंगे सीएम

56 लाख महिलाओं के खाते में भेजेंगे ₹2500 की पहली किश्त

कौशल आनंद। रांची

विधानसभा चुनाव 2019 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया गया चुनावी वादों में से एक बड़ा वादा 28 दिसंबर को पूरा करने जा रहे हैं. हालांकि भाजपा के गोगो योजना के जवाब में विधानसभा चुनाव के पूर्व के अंतिम कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री ने दिसंबर से एक हजार की मंईयां सम्मान की राशि को 2500 रुपए करने का एलान कर दिया था, इसके बाद अचानक से भाजपा का गोगो योजना का वादा कहीं न कहीं फीका पड़ना शुरू हो गया. अंततः यह स्कीम हेमंत सोरेन की मास्टर स्ट्रोक साबित हुई और पुन सत्ता में वापसी हो गई. मुख्यमंत्री 28 दिसंबर को राज्य की लगभग 56 लाख महिलाओं को तोहफा देंगे. इस दिन नामकुम में होने वाले कार्यक्रम के दौरान यह राशि ट्रांसफर की जाएगी. जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री लगभग 3.5 लाख महिलाओं के खाते में 28 दिसंबर को 2500 रुपए मंईयां सम्मान की राशि भेजेंगे. इसके बाद आहिस्ता-आहिस्ता अन्य महिलाओं को भी राशि ट्रांसफार होती जाएगी.

सरकार ने पांच 5255 करोड़ विभाग को कर दिया है ट्रांसफमर

इसके लिए राज्य सरकार ने 5225 करोड़ रुपए की राशि भी सभी जिलों को आबंटित कर दी है. महिलाओं के खाते में राशि भेजने की जानकारी लाभुकों को एसएमएस के जरिए भी दी जाएगी. इसके लिए महिला बाल विकास विभाग ने लगभग डेढ़ करोड़ एसएमएस भी खरीदे हैं.

अब सालाना मिलेंगे 30 हजार रुपए : मंईयां सम्मान योजना के तहत अब महिलाओं को सालाना 12 हजार की जगह 30 हजार रुपए मिलेंगे. राज्य सरकार ने इस योजना के तहत महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के स्तर में सुधार और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू किया है.

हर बाल विकास परियोजना क्षेत्र से करीब 2 लाख से अधिक महिलाओं को जुटाने की तैयारी : नामकुम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में राज्य के सभी 24 जिलों से लाखों लाभुकों के शामिल होने की उम्मीद है. विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हर बाल विकास परियोजना क्षेत्र से आंगनबाड़ी सेविकाओं को लाभुकों को ले आने की जिम्मेवारी सौंपी गई है. खुद सीडीपीओ और सुपरवाइजर इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं.

डीसी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जाएजा, पूरे राज्य से दो लाख महिलाओं को जुटाने की तैयारी

कार्यक्रम स्थल का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

28 दिसंबर को नामकुम के कुटियाती चौक स्थित आर्मी मैदान में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ स्थल का जायजा लिया. इस दौरान आवश्यक तैयारी का निरीक्षण करते हुए सम्बंधित सभी अधिकारियों को सभी तैयारी ससमय पूरा कराने का निर्देश दिया. डीसी ने कार्यक्रम वाले दिन आवागमन के बेहतर इंतजाम कराने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार आवागमन की समस्या न हो. इस कार्यक्रम में लगभग चार लाख महिलाओं के शामिल होने की उम्मीद है.

गलत लाभुक हो जाएंगे वंचित

सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश पर इस योजना के तहत अयोग्य लाभुकों की स्क्रीनिंग कुछ दिन पहले ही शुरू हो गयी है. ऐसे लाभुक जो गलत तरीके से इसका लाभ ले रहे हैं, उन सभी से इन राशियों की वसूली की जाएगी. इससे संबंधित पत्र सभी उपायुक्तों को कुछ दिन पहले ही सौंप दिया गया था. अगर कोई इसका लाभ ले भी रहा है तो उस पर कार्रवाई करने की बात कही गयी है.

इन्हें नहीं मिलेगा लाभ

- **वैसी महिलाएं जो आयकर दाता हों, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा. अगर स्क्रीनिंग के दौरान ऐसे लोगों की पहचान होती है, तो उन पर कार्रवाई की जाएगी.**
- वैसी महिलाएं जिनके परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मी हो या इससे रिटायर हो तो उन लोगों को ये राशि नहीं मिलेगी.
- **वैसी महिलाएं जो ईपीएफओ धारक हों या उनके परिवार का सदस्य ईपीएफओ धारक हो उन्हें इसका लाभ नहीं मिलेगा.**
- वैसी महिलाएं जो झारखंड की नहीं हैं और वे इसका लाभ ले रही हैं तो उन पर भी कार्रवाई होगी.
- **वैसे लाभुक जो एक से अधिक जिलों से इस योजना का ले रहे हैं तो उन पर भी कार्रवाई होगी.**

कार्टून कोना

सर्राफा

सोना (बिक्री)	71,900
चांदी (किलो)	91,000

राजनीतिक चंदा

बीआरएस का न कोई सांसद, न कहीं सरकार, फिर भी कांग्रेस से ज्यादा आमदनी

कांग्रेस की स्थिति काफी कमजोर, भाजपा अव्वल

शुभम संदेश डेस्क

कांग्रेस की हालत चुनाव दर चुनाव और ज्यादा बिगड़ती जा रही है. जहां एक ओर वह चुनावों में सफलता हासिल नहीं कर पा रही है, वहीं दूसरी ओर चंदा जुटाने में भी उसकी स्थिति कमजोर होती जा रही है. देश की सबसे पुरानी पार्टी को आर्थिक रूप से भी झटका लग रहा है, जबकि दूसरी रीजनल पार्टियां जैसे कि बीआरएस चंदे के मामले में उसे पछाड़ रही हैं.

साल 2023-24 के आंकड़ों के मुताबिक भाजपा ने सबसे ज्यादा चंदा हासिल किया है. भाजपा को अलग-अलग स्रोतों से कुल 2244 करोड़ रुपए का चंदा मिला है, जो कि पिछले साल से तीन गुना ज्यादा है. वहीं कांग्रेस को केवल 288.9 करोड़ का चंदा मिला है, जो बीआरएस से कम है. बीआरएस को 580 करोड़ का चंदा मिला, जबकि कांग्रेस को सिर्फ 288.9 करोड़ ही मिले. ये कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि बीआरएस ने कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया है.

किस पार्टी को मिला कितना चंदा

भाजपा-	2244 करोड़
कांग्रेस-	288 .9 करोड़
बीआरएस-	589 करोड़
डीएमके-	60 करोड़
वाईएसआर कांग्रेस-	121 करोड़
जेएमएम-	11.5 करोड़
टीडीपी-	33 करोड़

कांग्रेस की स्थिति में गिरावट

2014 के बाद से कांग्रेस की राजनीति में गिरावट देखने को मिल रही है. साथ ही लोकसभा और विस चुनावों में हार का सिलसिला जारी है, जिसका असर पार्टी के चंदे पर भी पड़ा है. कांग्रेस के लिए ये चिंता का विषय है कि अब वह बीआरएस जैसी रीजनल पार्टी से भी पीछे हो चुकी है. सूत्रों के अनुसार भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने चंदे का बही-खाता पेश किया है, लेकिन इसमें इलेक्टोरल बॉन्ड का ब्योरा नहीं है. इसके अनुसार पार्टियां अपने एनुअल ऑडिट रिपोर्ट में इलेक्टोरल बॉन्ड का विवरण देती हैं न कि कंट्रीब्यूशन रिपोर्ट में. सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2024 में इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को रद्द कर दिया था जिससे राजनीतिक दलों के लिए चंदे का सबसे बड़ा स्रोत अब सीधे तौर पर इलेक्टोरल ट्रस्ट या बाकी कानूनी रास्तों से मिल रहे चंदे बन गए हैं.

राजनीतिक दलों के चंदे की स्थिति

चंदे के मामले में बीआरएस की सफलता चंदा जुटाने में कांग्रेस की असफलता को उजागर करती है. यही नहीं भाजपा को 2244 करोड़ का चंदा मिला, जिससे ये भी स्पष्ट हो जाता है कि चंदे की दौड़ में बीजेपी-बीआरएस ने कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया. चुनावों में लगातार हार और चंदे में कमी से पार्टी को अपनी कार्यशैली में बदलाव की जरूरत है. अगर कांग्रेस समय रहते अपने कामों में सुधार नहीं करती है, तो उसका अस्तित्व और भी संकट में पड़ सकता है.

भागवत के बयान से अलग है आरएसएस के मुखपत्र की राय

सोमनाथ से संभल तक...

शुभम संदेश डेस्क

पिछले कुछ समय से देश में मस्जिदों को लेकर विवाद गहराया हुआ है. देश में मस्जिदों के सर्वे की मांग के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि ऐसे मुद्दों को उठाना अस्वीकार्य है. लेकिन इस मुद्दे पर आरएसएस के मुखपत्र की राय भागवत से बिल्कुल अलग है.

ऑर्गनाइजर ने संभल विवाद पर अपनी कवर स्टोरी पब्लिश की, जिसमें कहा गया कि विवादित स्थलों का वास्तविक इतिहास जानना जरूरी है. पत्रिका में कहा गया है कि जिन धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किया गया, उनकी सच्चाई जानना न्याय को हासिल करने जैसा है. सभ्यतागत न्याय के लिए और सभी समुदायों के बीच सौहार्द का प्रचार करने के लिए इतिहास की समझ होना जरूरी है. इस लेख में कहा गया है कि भारत के मुस्लिमों के लिए जरूरी है कि वह आक्रांताओं द्वारा हिंदुओं के साथ किए गए ऐतिहासिक अन्याय को स्वीकार करे. सोमनाथ से लेकर संभल और उसके आगे के सच को जानने की यह लड़ाई धार्मिक श्रेष्ठता के बारे में नहीं है. यह हमारी पहचान को साबित करने और सभ्यतागत न्याय के बारे में है. लेख में ऐतिहासिक घावों को भरने की भी बात कही गई है. प्रफुल्ल केतकर ने कहा कि धार्मिक कटुता और असामंजस्य को खत्म करने के लिए एक समान दृष्टिकोण की जरूरत है.

राज्य प्रशासनिक सेवा से प्रमोट हो आईएएस बने 34 अफसरों के पास है झारखंड का डोमिसाइल

झारखंड कैडर के 135 डायरेक्ट आईएएस में से सिर्फ 32 के पास ही झारखंड का डोमिसाइल

संवाददाता। रांची

झारखंड कैडर के 135 डायरेक्ट आईएएस अफसरों में से महज 32 के पास ही झारखंड का डोमिसाइल है, जबकि बाकी अफसरों का डोमिसाइल दूसरे राज्यों से है. ये आंकड़े इस बात की ओर इशारा करते हैं कि राज्य में आईएएस अधिकारियों में बाहरी राज्य के अधिकारियों की संख्या अधिक है. हालांकि आइएएस अफसरों की नियुक्ति के समय कैडर चुनने का विकल्प भी रहता है. डायरेक्ट आइएएस अफसरों का डोमिसाइल झारखंड का होने के बावजूद इनमें से कई शीर्ष पदों पर अन्य राज्यों के अधिकारियों की नियुक्ति होती रही है. इसी तरह, राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) से आईएएस संवर्ग में प्रोन्नति पाने वाले 34 अफसरों के पास झारखंड का डोमिसाइल है. ये प्रमोटेड अधिकारी राज्य के भीतर से ही चुने गए हैं, जबकि डायरेक्ट आईएएस की भर्ती प्रक्रिया में राज्य की तुलना में बाहरी राज्यों के अधिकारियों की संख्या अधिक रही है.

ये डायरेक्ट आईएएस हैं झारखंड के

प्रवीण टोप्पो, प्रशांत कुमार, मनोज कुमार, उमाशंकर सिंह, अबु इमरान,राहुल कुमार सिन्हा, संजीव कुमार बेसरा,सूरज कुमार, मृत्युंजय वर्णवाल, शशि रंजन, नैंसी सहाय, सुशांत गौरव, आदित्य रंजन, नमन प्रियेश लकड़ा, कर्ण सत्यार्थी, मेघा भारद्वाज,चंदन कुमार, नीतीश कुमार सिंह, शशि प्रकाश सिंह, अभिजीत सिन्हा,मनीष कुमार, दीपक दूबे, सौरभ भुवानिया, मो जावेद हुसैन, रवि जैन, रीना हांसदा, सन्नी राज, अनिमेष रंजन, श्रुति राजलक्ष्मी, रवि कुमार, अभिनव प्रकाश और कुमार रजत.

प्रमोटी आईएएस जिनका डोमिसाइल झारखंड का है

हरि कुमार केशरी, सुमन कैथरिन किस्पोट्टा, बालकिशुन मुंडा, लालचंद दादेल, नेलशन इयोन बागे, शशि प्रकाश झा, अंजनी कुमार मिश्रा, गोपालजी तिवारी, शेखर जमुआर, अमित प्रकाश, संजय कुमार, राजू रंजन राय, पवन कुमार, मनमोहन प्रसाद,कुमुद सहाय, रवि रंजन कुमार विक्रम, शशि भूषण मेहरा, प्रदीप तिग्गा, पूमन प्रभा पूर्ति, मनोहर मरांडी, अमल कृष्णा सत्यजीत, ज्ञानेंद्र कुमार,अजय कुमार सिंह, अभय नंदन अंबष्ठ, विधानचंद्र चौधरी, शैलेंद्र कुमार लाल, राजीव रंजन, सुनील कुमार, सुनील सिंह, विजय गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, रंजीत कुमार लाल और मनोज रंजन.

21 होमगार्ड के जवानों को इलाज के लिए मिले 38.46 लाख रुपये

रांची। पुलिस जवानों की तरह होमगार्ड के जवानों को भी कल्याण कोष से इलाज के लिए राशि मिली है. झारखंड होमगार्ड की 21 जवानों को इलाज के लिए कल्याण कोष से 38.86 लाख रुपए इलाज के लिए मिले हैं. जिनमें दिवाकर कुमार मिश्रा, संजय कुमार बैठा, बैजनाथ महतो, रामकुमार राय, विद्याभूषण राय, मुद्रिका साह, मनोज कुमार यादव, कन्हैया प्रसाद के पुत्र रोहित कुमार, विपिन बिहारी तिवारी, घनश्याम सिंह, बृजलेश कुमार, मो. रशीद, वीरेंद्र पांडे, सुधीर प्रजापति, शाहनवाज आलम की पुत्री नफीसा रानी, राजेश्वर उपाध्याय, असीम अंसारी, इंद्रनाथ साहू,अनिल किस्कू, विकास मुंडा और बबीता कुमारी शामिल हैं.

कुछ ट्रेनें रद्द रहेंगी, कुछ परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

रांची। चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए ब्लॉक लिया जाएगा, ऐसे में कई ट्रेनें प्रभावित और कई रद्द रहेंगी. **ये ट्रेनें रद्द रहेंगी :** ट्रेन संख्या 18601/ 18602 टाटानगर - हटिया - टाटानगर एक्सप्रेस, 29 दिसंबर और 1 जनवरी को को रद्द रहेगी . ट्रेन संख्या 08151/08152 टाटानगर - बरकाकाना - टाटानगर पैसेंजर 29 दिसंबर और 1 जनवरी को को रद्द रहेगी. ट्रेनों के प्रस्थान **समय में परिवर्तन :** ट्रेन संख्या 18428 आनंद विहार टर्मिनल - पुरी एक्सप्रेस29 दिसबंर को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 3 घंटे 15 मिनट विललंब से आनंद विहार टर्मिनल से प्रस्थान करेगी **ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी :** ट्रेन संख्या 22892 रांची - हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस2 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला - पुरुलिया - टाटानगर - खड़गपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कोटशिला - राजाबेडा - जमुनियाटांड़ - आद्रा - मेदिनीपुर - खड़गपुर होकर चलेगी .

झारखंड के 9 जिलों में शुरू होगा ई-औषाधि केंद्र

रांची । स्वास्थ्य चिकित्सा और परिवार कल्याण विभाग ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ई-औषधि योजना लागू करने का निर्देश दिया है.

- घर बैठे मिल सकेगी दवाओं की जानकारी

आयुष्मान भारत डिजटल मिशन (एबीडीएम) के तहत इस सिस्टम को लागू किया जाना है. ड्रग्स एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन को इस योजना को शुरू करने को कहा गया है. इससे संबंधित पत्र जारी कर कहा गया है कि वे मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को इसे लेकर दिशा निर्देश जारी करें. झारखंड के नौ जिला में ई-औषधि केंद्र खुलेगा. जिसमें रांची, लोहरदगा गुमला, हजारीबाग, गोड्डा, गढ़वा, गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिले के नाम शामिल है. इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि आपको घर बैठे एक क्लिक पर घर बैठे ही अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की जानकारी मिल सकेगी.

राशन कार्ड का ई-केवाईसी कराने की बढ़ी तारीख

रांची। झारखंड में राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है. ई-केवाईसी प्रक्रिया के समय को बढ़ा दिया गया है. अगर कोई धारक अपने कार्ड का ई-केवाईसी नही करवाता है तो, उनका कार्ड निरस्त हो सकता है. जिस कारण उन्हें सरकारी योजना और अनाज का लाभ नहीं मिल पाएगा. हालांकि ई-केवाईसी करवाने की तय की गई अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2024 को थी. लेकिन, अब इसे बढ़ा दिया गया है और अंतिम तारीख 28 फरवरी 2025 किया गया है.बता दें कि भारत सरकार की ओर से राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत शुरू की गई है. जिसका उद्देश्य लाभार्थियों की सही पहचान करना है.

मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का आदेश निरस्त हो

यू डायस प्राप्त स्कूलों को बिना शर्त मान्यता प्रदान करे सरकार: आलोक

मुख्यमंत्री से मिलकर मान्यता की समस्याओं से अवगत कराएगी पासवा: नीरज

संवाददाता। रांची/चतरा

गॉडफ्रे स्कूल चतरा में पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की एक अति महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने वर्चुअल रूप से संबोधित किया. बैठक में चतरा जिले के निजी स्कूलों के संचालक मौजूद थे. दुबे ने कहा कि हाईकोर्ट ने झारखंड के निजी स्कूलो को मान्यता संबंधी कार्रवाई पर रोक लगा रखी है, ऐसी स्थिति में पुनः मान्यता के ऑनलाइन प्रक्रिया संबंधी आदेश देना कोर्ट के आदेश की अवहेलना है. उन्होंने सरकार से मांग की कि यू- डायस प्राप्त स्कूलो को मान्यता के लिए पुनः ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द निरस्त किया जाए.

निजी स्कूलों को यू-डायस प्राप्त है, जैक ने कोड भी दिया है : नीरज

पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार ने बताया कि झारखंड के निजी स्कूलों को सरकार द्वारा प्रदत्त यू -डायस प्राप्त है और विभिन्न स्कूलों को जैक के द्वारा विद्यालय का कोड भी जारी किया जा चुका है. एसडीएआईएस और यू-डायस प्लस द्वारा झारखंड के निजी विद्यालय लगातार सरकार के पोर्टल में बच्चों की संख्या, शिक्षक-शिक्षिकाओं की संख्या, स्कूल का इंफ्रास्ट्रक्चर, पेयजल की व्यवस्था, स्कूल में उपलब्ध शौचालय की व्यवस्था सहित सारा डाटा सरकार के पास ऑनलाइन सबमिट करते रहे हैं. ऐसी स्थिति में पुनः मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन करवाने की क्या आवश्यकता है, जबकि मान्यता के सवाल पर हाईकोर्ट ने अभी स्टे आर्डर भी दे रखा है. बहुत जल्द पासवा अपने संरक्षक डॉक्टर रामेश्वर उरांव और राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री य से मिलकर मान्यता हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया से हो रही समस्याओं से अवगत कराएगी और उनसे इस प्रक्रिया को निरस्त करने का अनुरोध करेगी.

बैठक में पासवा के जिला सचिव आदित्य कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष बच्चन कुमार पांडे, प्रतापपुर से रघुवीर राम, वीरेंद्र प्रसाद अरविंद कुमार,प्रमोद रंजन, छोटू कुमार साव,एमएस खारिक, ब्रह्मदेव डांगी, मनोहर पांडे, अंगद साव, भागीरथ प्रसाद, मुकेश कुमार, संतोष प्रजापति, रोहित सिन्हा सहित संपूर्ण चतरा जिले के चतरा सदर, हंटर गंज, प्रतापपुर सिमरिया गिद्धौर प्रखंड सहित विभिन्न प्रखंडों से बहुत बड़ी संख्या में निजी स्कूलों के संचालक गण उपस्थित रहे.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले सेना के अफसर

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लेफ्टिनेंट जनरल वाईएस अहलावत, एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, जीओसी- 17 कोर एवं मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, वीएसएम, जीओसी - 23 इन्फैंट्री डिवीजन ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री के साथ उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी.

झारखंड गैर सरकारी विद्यालय संघ का शिक्षा मंत्री को पत्र

झारखंड अधिविध परिषद के निर्णयों पर उठाए सवाल

संवाददाता। रांची

झारखंड गैर सरकारी विद्यालय संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर हुसैन ने झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को पत्र लिखकर झारखंड अधिविध परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो के कार्यकाल में विद्यालयों और छात्रों को हो रही परेशानियों के बारे में अवगत कराया है. उन्होंने कहा कि अनिल कुमार महतो का कार्यकाल विवादों से घिरा रहा है, जिसमें छात्रों के हित में कई मामलों में उच्च न्यायालय का हस्तक्षेप जरूरी हुआ. खासकर, पूर्वी सिंहभूम जिले के मॉडल उच्च विद्यालय धालभूमगढ़ के छात्रों को परीक्षा का अवसर शिक्षा मंत्री के हस्तक्षेप से मिला.

मोहम्मद ताहिर ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि परिषद द्वारा परीक्षा शुल्क और पंजीकरण शुल्क में बेतहाशा वृद्धि की गयी है, जिस कारण गरीब और असहाय छात्रों के लिए अपनी पढ़ाई जारी रखना मुश्किल हो गया है. वर्तमान में प्रत्येक छात्र को 1340 रुपये का शुल्क देना पड़ता है, जबकि बिहार और बंगाल में यह शुल्क केवल 480 रुपये है.

उन्होंने परिषद के एक और निर्णय पर आपत्ति जतायी, जिसमें छात्रों को 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा में सम्मिलित होने से पहले 9वीं और 11वीं कक्षा की परीक्षा पास करनी पड़ती है. हुसैन ने इस निर्णय को अव्यावहारिक और छात्रों के भविष्य के लिए हानिकारक बताया और इसे तत्काल संशोधित करने की मांग की.उन्होंने सरकार से यह भी अपील की कि स्वतंत्र छात्रों से अत्यधिक शुल्क न लिया जाए और उनका पंजीकरण सीधे 10वीं या 12वीं कक्षा के लिए हो. संघ ने यह भी आरोप लगाया कि परिषद ने वर्ष 2022 में बड़ी रकम लेकर बिना परीक्षा के छात्रों को सीधे परीक्षा में सम्मिलित किया.

बाबूलाल ने पेट्रोल-डीजल कीमत बढ़ोतरी की तैयारी को लेकर उठाए सवाल

फैक्ट चेक किए बना ट्वीट करने से बाबूलाल होते जा रहे हैं हल्के

विशेष संवाददाता। रांची

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी फैक्ट चेक किए बिना ट्वीट करने से हल्के बनते जा रहे हैं. मरांडी पूर्व सीएम भी रहे हैं. कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह खबर आयी कि सरकार पेट्रोल-डीजल की दरों में सेस लगाकर दो से तीन रुपए की बढ़ोतरी की तैयारी कर रही हैं. बस क्या था बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को ट्वीट कर दिया और इस पर सवाल उठाए. मरांडी के ट्विट पर सरकार की ओर से तुरंत स्पष्टीकरण भी आ गया. खुद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इसका खंडन करते हुए कहा कि सरकार की ओर ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है.

तो वित्त मंत्री ने कहा

- सरकार का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं

यह कहा वित्त मंत्री ने

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेट्रोल-डीजल पर टैक्स लगाने की संभावना से साफ इंकार कर दिया है. इस मसले पर कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव ही नहीं है. केंद्र खुद विमान के ईंधन (एविएशन टरबाइन ईंधन) पर टैक्स वसूलना चाहती है. राजस्थान में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में झारखंड सरकार ने इसका विरोध भी किया. उन्होंने कहा कि झारखंड को जीएसटी से कंप्सेशन भी नहीं मिल पा रहा है. हवाई जहाज के ईंधन से मिलने वाला वैट राज्य का राजस्व बढ़ाने का एक स्रोत भी है. यह नुकसान झारखंड को मंजूर नहीं है.

यह कहा बाबूलाल ने

मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि राज्य में पेट्रोल डीज़ल के दामों में सेस लगाकर दो से तीन रुपए प्रति लीटर बढ़ोतरी की तैयारी चल रही है. मुख्यमंत्री द्वारा राजस्व बढ़ाने के निर्देश के बाद अधिकारी जनता के पॉकेट पर बोझ लादकर सरकारी खज़ाना भरने का प्रयास कर रहे हैं. बाबूलाल ने सीएम से कहा है कि यह जनविरोधी फैसला तत्काल वापस लें क्योंकि इससे रोजमर्रा की चीजों में काफी महंगाई आ सकती है. इस बेतुके निर्णय का आम जनजीवन में बुरा असर पड़ेगा. पहले बिजली दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव और अब पेट्रोल डीज़ल के दामों में बढ़ोतरी के संकेत को देखकर जनता समझ चुकी है कि आपने अव्यावहारिक चुनावी वादे कर उनके साथ कितना बड़ा छल किया है. राजस्व बढ़ाने के लिए छटपटाहट में लिया जा रहा आपका निर्णय जनता में भारी असंतोष पैदा कर रहा है. उम्मीद है सारे जनप्रतिनिधि भी राजनीति से ऊपर उठ कर आम जनजीवन पर दुष्प्रभाव डालने वाले इस निर्णय को वापस कराने की पहल करेंगे.

68 वें राष्ट्रीय स्कूली खेलो की मेजबानी को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक

आयोजन में कोताही बर्दाश्त नहीं, तय होगी जवाबदेही : निदेशक

विशेष संवाददाता। रांची

जनवरी, 2025 में होने वाले 68वी राष्ट्रीय स्कूली खेलो की मेजबानी के मद्देनजर आज राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई. बैठक में कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग के अलावा खेल आयोजन से जुडी सभी समितियों के पदाधिकारी, खेल कोषांग से जुड़े शिक्षकों ने भाग लिया. बैठक में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन पदाधिकारियों को खेल आयोजन की तैयारियों में जुट जाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि अब आयोजन में कुछ ही समय शेष रह गया है, ऐसे में हर पदाधिकारी की जवाबदेही तय है. सभी पदाधिकारी खेल आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए अपने अपने स्तर से जो भी कमियां दिखे, उसे समय रहते निष्पादित करे. उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आयोजन के दौरान अवांछित हलचल एवं गतिविधियों पर सतर्कता से नजर बनाये रखे। यह सुनिश्चित करे कि विभिन्न राज्यों से टीमें अपने टीम मैनेजर और संपर्क अधिकारी के साथ रहे. संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी ना हो. उन्होंने कहा कि आयोजन से राज्य की प्रतिष्ठा जुडी है, ऐसे में खिलाड़ियों और प्रतिभागियों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो.

दो जनवरी को होगी अगली बैठक : 68वी राष्ट्रीय स्कूली खेलो को दृष्टिपथ रखते हुए दिनांक 2 जनवरी, 2025 को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में खेल आयोजन से पूर्व महत्वपूर्ण व निर्णायक बैठक होगी. इस बैठक में तैयारियों को मूर्त रूप देते हुए खेल आयोजन को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी समितियों से पदाधिकारी रांची आएंगे. बैठक में खेल आयोजन से संबंधित सभी समितियों की तैयारियों को भी परखा जायेगा.

आयोजन को लेकर बनाया गया कंट्रोल रूम

68वी राष्ट्रीय स्कूली खेल के अंतर्गत होने वाली राष्टीयस्तर की प्रतियोगिताओ और हज़ारो प्रतिभागियों के आवागमन को ध्यान में रखकर रांची के खेलगांव में कंट्रोल रूम बनाया गया है. यहां आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारी खेल आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के आवागमन, सुरक्षा, खान पान, पोषण और स्वास्थ्य की निगरानी करेंगे. कंट्रोल रूम में 8-8 घंटे के दो शिफ्ट में पदाधिकारी व कर्मी ड्यूटी करेंगे. कंट्रोल रूम का नंबर भी सार्वजानिक किया जाएगा, जिससे असुविधा होने पर प्रतिभागी शिकायत कर सकेंगे, जिसका त्वरित निपटारा किया जाएगा. सभी समितियों के लिए एक विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया भी बनाई जायेगी.

तीन जनवरी से शुरू हो जाएगा प्रतिभागियों का पहुंचना

खेलो में देशभर से 40 टीमें विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए रांची आएंगी. टीमों का आना तीन जनवरी से ही शुरू हो जाएगा. टीमों को मार्गदर्शित करते के लिए 40 पदाधिकारियों के कंधो पर जिम्मेदारी होगी. ये पदाधिकारी संपर्क अधिकारी बनकर इन टीमों को गंतव्यों तक पहुंचाएंगे. टीमों के रहने के लिए रांची में कई होटलो को बुक किया गया है. बालिकाओ के लिए अलग से विशेष आवासन का प्रबंध किया गया है. जहां उन्हें पूरी सुरक्षा में रखा जाएगा. प्रतिभागियों को खेल आयोजनस्थल तक लाने और ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गयी है.

बड़ी पहल राज्य के 5 शहरों में 25 डिसमिल जमीन पर आठ मंजिला स्पेशलाइज्ड थानों का होगा निर्माण

रांची, जमशेदपुर, दुमका, देवघर और साहिबगंज से होगी शुरुआत

संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार ने राज्य के प्रमुख शहरों-रांची,जमशेदपुर, दुमका, देवघर और साहिबगंज में स्पेशलाइज्ड थानों के निर्माण की महत्वाकांक्षी योजना का ऐलान किया है. इस योजना का उद्देश्य राज्य में अपराधों के प्रति एक अधिक संगठित दृष्टिकोण विकसित करना है, ताकि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को और और कुशल बनाया जा सके.

राज्य सरकार की यह योजना राज्य में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर अंकुश लगाने, और नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इन स्पेशलाइज्ड थानों के माध्यम से न केवल पुलिस अधिकारियों के लिए काम करना आसान होगा, बल्कि आम लोगों को भी उनके मुद्दों का समाधान एक ही स्थान पर मिल सकेगा. यह योजना राज्य में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिहाज से बेहद अहम साबित होगी. सभी तरह की शिकायतें एक ही जगह होंगी दर्ज प्रत्येक थाने में साइबर थाना, महिला थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, और एससी/एसटी थाना होगा. इन थानों का निर्माण 25 डिसमिल जमीन पर किया जाएगा, और हर भवन 7 से 8 मंजिला होगा. इन भवनों को विशेष रूप से डिजाइन किया जाएगा, ताकि पुलिस को अपराधों को अधिक प्रभावी तरीके से निपटाने में सुविधा हो सके. इसके साथ ही, महिलाओं के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कमरे होंगे, जिनमें किचन और बाथरूम अटैच होंगे.

महिलाओं के लिए सुविधाओं वाले कमरे होंगे: स्पेशलाइज्ड थानों में महिलाओं के लिए विशेष कमरे होंगे, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे. इन महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ, किचन और बाथरूम जैसी बेसिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी. इससे महिलाओं को पुलिस स्टेशन में आने पर एक सुरक्षित और आरामदायक अनुभव होगा, जो आमतौर पर पुलिस थानों में उनकी सुरक्षा और आराम के लिहाज से चुनौतीपूर्ण होता है. यह कदम महिलाओं के प्रति राज्य सरकार की गंभीरता और उनके अधिकारों की रक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा.

इस योजना से मिलेंगे ये लाभ

नागरिकों के लिए सुविधा: स्पेशलाइज्ड थानों की स्थापना से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार की पुलिस सेवाएं मिलेंगी, जिससे उनका समय और ऊर्जा बचेगी. उन्हें अब अलग-अलग थानों में जाकर अपनी शिकायतें दर्ज कराने की आवश्यकता नहीं होगी. यह प्रणाली उन्हें एकीकृत, सुविधाजनक और प्रभावी अनुभव प्रदान करेगी.

अधिक कुशलता: स्पेशलाइज्ड थाने के एकीकृत भवनों में पुलिस अधिकारी विभिन्न मामलों को अधिक कुशलता से निपटा सकेंगे. एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के मामलों को संभालने से उनकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी, और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जल्दी की जा सकेगी.

अपराध पर अंकुश: इन थानों के माध्यम से राज्य में विभिन्न प्रकार के अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा. विशेषकर साइबर अपराध, महिला अपराध, मानव तस्करी, और एससी-एसटी समुदाय के खिलाफ अपराधों के मामलों पर तुरंत कार्रवाई संभव होगी. इससे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर होगी .

महिलाओं की सुरक्षा: महिलाओं के लिए एक समर्पित थाना और उसमें आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित करेंगी कि महिलाओं को न्याय दिलाने में कोई रुकावट न आए. इससे उन्हें पुलिस थाने में आने में डर या असुरक्षा का अहसास नहीं होगा.

आईआरसीटीसी की सेवा दो घंटे रही ठप, हंगामा

- यात्री हुए परेशान, सोशल मीडिया पर जाहिर की नाराजगी

संवाददाता। रांची

रेलवे की ऑनलाइन वेबसाइट और ऐप आईआरसीटीसी मेंटनेंस के कारण 2 घंटों तक ठप रही. हालांकि, अब फिर से काम होने लगा है. आप दोबारा आईआरसीटीसी पर जाकर टिकटों की बुकिंग कर सकते हैं. साथ ही ट्रेन स्टेट्स और पीएनआर भी मोबाइल ऐप के जरिये चेक कर सकते हैं.

बता दें कि सुबह करीब 10 बजे से मेंटनेंस का काम चलने की वजह से ट्रेन के टिकट की बुकिंग नहीं हो पा रही थी. इससे यात्रियों के साथ-साथ टूर एंड ट्रेवल्स वाले भी परेशान हो गए. इस दौरान सबसे ज्यादा परेशानी का सामना तत्काल टिकट की बुकिंग करने वाले यात्रियों को करना पड़ा. इसका कारण था कि तत्काल टिकट की बुकिंग के समय आईआरसीटीसी वेबसाइट और उसका मोबाइल ऐप काम नहीं करने रहा था. इस कारण यात्री तत्काल टिकट नहीं बुक कर पाए. इसके साथ ही सेवा ठप होने के दौरान यात्री सामान्य टिकट बुकिंग, ट्रेन स्टेट्स और पीएनआर आदि भी चेक नहीं कर पा रहे थे.

बता दें कि सेवा ठप होने से नाराज यात्रियों ने सोशल मीडिया पर जम कर नाराजगी जाहिर की. इसे लेकर यात्रियों ने एक्स पर आईआरसीटीसी और रेल मंत्री को भी टैग कर जानकारी दी. इस घटना के संबंध में आईआरसीटीसी ने बताया कि मेंटनेंस के कारण ई-टिकटिंग सर्विस अभी उपलब्ध नहीं है. इसके लिए आईआरसीटीसी ने यूजर्स को कुछ समय बाद कोशिश करने को कहा था.

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

03

पेज 07

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	26.1	12.6
डालटनगंज	27.0	13.8
धनबाद	27.5	16.6

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024, पौष कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत 2081

ब्रीफ खबरें

जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा अब ऑनलाइन मोड में लेने की तैयारी

रांची। राज्य सरकार ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं को अब ऑनलाइन मोड में आयोजित करने की योजना बनायी. यह कदम परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है. राज्य सरकार ने दोनों आयोगों को इस दिशा में तैयारी करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आगामी परीक्षा प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी या अनियमितता न हो सके. दोनों आयोगों को इस बदलाव के लिए आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया गया है.

बोकारो में एडीएम की पत्नी संदिग्ध अवस्था में जलीं, गंभीर

हजारीबाग। जिले में तैनात एडीएम रैंक के अफसर अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी गुरुवार को संदिग्ध अवस्था में गंभीर रूप से जल गईं. करीब 75 फीसदी जल चुकीं अनीता देवी अस्पताल में वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत बेहद गंभीर है. लोगों का कहना है कि अनीता को उनके पति ने ही जला दिया है. हालांकि कोई खुल कर बोलने को तैयार नहीं है. बोकारो पुलिस ने गंभीर रूप से जल चुकीं अनीता देवी के पति का बयान दर्ज कर लिया है. घटना सुबह 6 बजे के आसपास की बताई जा रही है. पुलिस इस घटना पर कुछ बोलने से परहेज कर रही है. लेकिन शहर में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है.

भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत

सिमडेगा। जिले के बोलबा थाना क्षेत्र से एक दुखद और सनसनीखेज सड़क हादसे की खबर आई है, जिसमें नशे में धुत बाइक सवार दो युवकों ने सड़क किनारे खड़े दो लोगों को रौंद कर उनकी जान ले ली. इस भीषण दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक भी अपनी जान गंवा बैठे. यह घटना देर रात सिमडेगा जिले के मालसाडा वन दुर्गा के पास हुई. पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.
प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कर्रामुंडा बिरंगा टोली के निवासी गुलशन कुल्लू और कोमल डुंगडुंग सड़क के किनारे खड़े थे, जब ओडिशा टांगरगांव के निवासी प्रिंस लकड़ा और विशाल डुंगडुंग नशे में धुत होकर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे. दोनों बाइक सवारों ने सड़क पर चल रहे गुलशन और कोमल को जोरदार धक्का मार दिया, जिसके कारण सभी चार लोग सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए.

दबंगई : चोरी करने, सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाने समेत कई आरोप के तहत दर्ज हुआ मुकदमा

विधायक जयराम महतो समेत 7 नामजद व 40 अज्ञात पर मामला दर्ज

संवाददाता। रांची

विधायक जयराम महतो समेत 7 नामजद व 40 अज्ञात पर बोकारो के चंद्रपुरा थाना में मामला दर्ज किया गया है. इनमें विनोद चौहान, राहुल पासवान, संजीत कुमार, नितेश कुमार मिश्रा उर्फ मुस्कान मिश्रा, तिलक महतो, संदीप महतो और जयराम महतो एवं अन्य 30-40 अज्ञात शामिल हैं. सीसीएल ढोरी क्षेत्र के सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश कुमार सिंह की लिखित शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है. डुमरी विधायक जयराम महतो एवं उनके कार्यकर्ताओं द्वारा रंगदारी पूर्वक अवैध रूप से कब्जा करने, सरकारी काम में बाधा डालने तथा क्वार्टर में रखे गए समान का चोरी करने समेत कई आरोप लगाए गए हैं. फिलहाल इस पूरे मामले की जांच चंद्रपुरा थाने की पुलिस कर रही है.
दर्ज प्राथमिकी में बताया कि कल

दिनांक 25.12.2024 को समय लगभग 17.30 बजे यह सूचना प्राप्त हुई कि मकोली स्थित डी/02 क्वार्टर में कुछ अज्ञात लोग जाकर हल्ला गुल्ला कर रहे हैं और जो उसमें पूर्व से रह रहे हैं, वे प्रशिक्षु पदाधिकारियों का समान हटा रहें हैं एवं बाहर में काफी भीड़भाड़ हल्ला कर रहे हैं. इन प्रदाधिकारी को आवास से जबरदस्ती भगा रहे हैं. इसकी सूचना पर सीसीएल के सुरक्षा पदाधिकारी शीलचंद, प्रधान सुरक्षा प्रहरी कृपाल सिंह व अनाम वारिश वरीय सुरक्षा प्रहरी मानिक दिगार, होमगार्ड जितेन्द्र कुमार रजक तथा सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर एके सिंह साथ में सशस्त्र बल को वहां पर जाकर डी/02 क्वार्टर में देखने का निर्देश दिया. जिसपर वे सभी सुरक्षा कर्मी डी/02 क्वार्टर में गए तो देखे कि 25-30 अज्ञात लोग क्वार्टर के अन्दर

रात दो बजे पहुंचे विधायक जयराम महतो

रात के करीब 2:00 बजे उन उपद्रवी लड़कों के सहयोग में विधायक जयराम महतो भी D/02 क्वार्टर में आ गये तथा उन उपद्रवी का सहयोग करते हुए हो-हल्ला करने लगे. अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बदतमीजी करने लगे एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने लगे. उपस्थित मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा विधायक को बताया गया तथा इस क्वार्टर में अवैध रूप घुसे लड़कों को निकलने का अनुरोध किया गया है. इस पर विधायक आग बबूला हो गए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे. मजिस्ट्रेट एवं पुलिस को औकात में लाने की बात बोलने लगे. जिस पर मजिस्ट्रेट के द्वारा इस भीड़ को नजायज घोषित किया गया. पुलिस को क्वार्टर में घुसे उपद्रवियों को खाली कराने का आदेश दिया. लेकिन विधायक व उसके समर्थक पुलिस से ही झंझट करने लगे. कोई भी उपद्रवी विधायक के सह पर क्वार्टर से नहीं निकला. पुलिस द्वारा बल का प्रयोग नहीं किया गया. अगर बल का प्रयोग किया गया होता तो स्थिति हिंसापूर्ण हो सकती थी. उस भीड़ में कई लड़के शराब के नशे में थे तथा रंगदारीपूर्वक बात कर रहे थे.

घुसे हुए हैं. हल्ला गुल्ला कर रहे हैं. क्वार्टर में रह रहे प्रशिक्षु पदाधिकारी विनय वर्मा, राहुल राज, प्रदुमन कुमार सभी प्रशिक्षु (खनन), ढोरी (खास) वहां पर उपस्थित थे जो काफी भयभीत एवं परेशान थे. बार-बार इन अज्ञात लडकों से बचाने का अनुरोध कर रहे थे. बातचीत के क्रम में इन लोगों से पता चला कि यह सभी लडका जेएलकेएम पार्टी के कार्यकर्ता हैं तथा विधायक डुमरी जयराम कुमार महतो के आदेश पर यहां आकर क्वार्टर सं० डी/02 में झंझट कर रहे हैं. इसकी सूचना स्थानीय पुलिस तथा सीसीएल प्रबंधक को दी गई.तब मकोली ओपी प्रभारी अपने दलबल साथ मकोली से डी/02 क्वार्टर में गए तथा उन लडकों को काफी समझाए बुझाए एवं अनुरोध किए लेकिन वह सभी लड़के कुछ भी मानने के लिए तैयार नहीं हुए. इसी बीच चन्द्रपुरा थाना प्रभारी, बावाडीह थाना प्रभारी, गांधीनगर थाना ओपी प्रभारी, बोको झरिया ओपी प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. हल्ला गुल्ला एवं हुड़दंग कर रहे लड़कों को काफी समझाया बुझाया गया लेकिन वे सभी लड़के मानने की तैयार नहीं थे. सभी से बतमीजी कर रहे थे, इसी क्रम में बेरमो थाना प्रभारी, बेरगो अंचल निरीक्षक, बेरमो महिला थाना प्रभारी दल-बल के साथ वहां पहुंचे तथा सुरेश कुमार सिंह भी डी/02 क्वार्टर में पहुंचे. झगडा झंझट पर उतारू सभी लडको को समझाने बुझाने का प्रयास किया एवं क्वार्टर से बहार जाने का अनुरोध किये, लेकिन हमलोगों का अनुरोध भी उनलोगों ने ठुकरा दिया एवं बदतमीजी करते हुए हल्ला गुल्ला करने लगे. इसकी सूचना पुनः सीसीएल प्रबंधन को दी गई. उनके द्वारा वरीय पदाधिकरी को सूचित किया गया. जिस पर प्रखड कार्यालय बेरमो से मजिस्ट्रेट के रूप में मिथिलेश कुमार पाण्डेय, पंचायती राज पदाधिकारी बेरमो आए. इन सभी के समझाने के बावजूद उनके समर्थक नहीं समझे और बदतमीजी कर रहे थे. बताया गया कि आपलोग का यह कार्य सरकारी कार्य में बाधा डाल रहा है. इस बात पर वे सभी लड़कों ने गाली-गलौज की.

मूकबधिर युवती से दुष्कर्म मामले का आरोपी गिरफ्तार

खास बातें

- जेल गेट पर लोगों ने किया जमकर हंगामा
- आक्रशित लोगों ने आरोपियों के घर में कर दी थी आगजनी

संवाददाता। धनबाद

शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत जगजीवन नगर में मूकबधिर युवती के साथ दुष्कर्म मामले में सरायढेला पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया. सूचना मिलने पर पीड़ित परिवार के लोग खबर पाकर धनबाद जेल गेट पहुँचे और जमकर हंगामा किया. बताते चलें कि शौच के लिए मूकबधिर युवती के साथ रविवार-सोमवार की रात अजित डोम और उसके मित्र युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था. फिर उसे जख्मी हालत में फेंक दिया था. वारदात के बाद आक्रशित लोगों ने आरोपियों के घर में तोड़फोड़ और आगजनी कर दी थी. सरायढेला पुलिस आरोपी युवक के धड़पकड़ में जुटी हुई थी. बुधवार की देर रात सरायढेला

मूकबधिर एक्सपर्ट के माध्यम से होगा बयान दर्ज

धनबाद। रात दिव्यांग युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी सेंट्रल हॉस्पिटल का सफाई कर्मी अजीत डोम को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया. धनबाद के प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे की अदालत ने आरोपी को 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. चूंकि पीड़िता बोल नहीं पाती है, इस कारण अदालत ने पीड़िता का धारा 183 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत बयान दर्ज करने के लिए मूकबधिर एक्सपर्ट को नियुक्त करने का आदेश दिया है. जो पीड़िता द्वारा इशारे में बताए गए बातों को मजिस्ट्रेट के समक्ष कलमबद्ध कराएंगे. कोर्ट में पेशी के दौरान काफी संख्या में महिला-पुरुष कोर्ट पहुंच गए. मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट कैंपस में घुसने का प्रयास करने लगे तत्काल पुलिस बल ने उन लोगों को रोक लिया महिलाएं काफी आक्रोशित थे. वे फांसी की मांग कर रही थी. पुलिस ने महिलाओं को समझा कर शांत कराने का प्रयास किया. महिलाएं इतनी उग्र थीं कि आरोपी का फैसला मौके पर ही कर देना चाह रही थी.

पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया. स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा युवक की गिरफ्तारी को लेकर जानकारी नहीं दी गई. इसी बात पर लोगों ने धनबाद जेल गेट में जमकर हंगामा किया.

विधायक राज सिन्हा ने परिजनों से की मुलाकात

धनबाद। सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत जगजीवन नगर में मूकबधिर युवती के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में गुरुवार को विधायक राज सिन्हा पीड़िता से मिलने उसके घर पहुंचे. मौके पर विधायक राज सिन्हा ने पीड़िता और उसके परिजनों से बातचीत कर उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया. मीडिया से बात करते हुए विधायक राज सिन्हा ने कहा कि यह घटना बेहद निंदनीय है, और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क में हूं और यह सुनिश्चित करूंगा कि अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए. पीड़िता और उसके परिवार को न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकता है. वहीं, इस घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है. लोग अलग अलग तरीकों से विरोध कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे है.

अंधविश्वास के चक्कर में बुजुर्ग को जलती चिता में फेंका, मौत

पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता। गुमला

गुमला जिले के कोराम्बी गांव में अंधविश्वास के चलते एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जिसमें 60 वर्षीय बुजुर्ग बुधेश्वर उरांव को जलती चिता में झोंक दिया गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई. मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने गांव पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी. ग्रामीणों से पुलिस पूछताछ कर कर घटना के संबंध में

जानकारी लेनी की कोशिश कर रही है. प्रथमि दृष्टया पुलिस को को घटना के संबधा में जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार यह अंधविश्वास से जुड़ा मामला है. पुलिस के अनुसार, गांव में एक महिला मंगरी उरांव की कुएं में फिसलकर गिरने के बाद डूबने से मौत हो गयी थी. महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन गांव ले आये. फिर शाम में मृत महिला का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया, जहां मृतक बुजुर्ग बुधेश्वर उरांव भी गए थे. उसी दौरान मृतका मंगरी उरांव के भाई झाड़ी उरांव, बेटा करमपाल उरांव सहित अन्य ने 60 वर्षीय बुजुर्ग बुधेश्वर उरांव के साथ मारपीट कर जलती चिता में झोंक दिया.

नेतरहाट स्कूल का अफसर घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

लातेहार। नेतरहाट आवासीय विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर को एसीबी ने घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है. गुरुवार को पलामू एसीबी टीम ने रोशन बख्शी को 50 हजार रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा. बख्शी ने विद्यालय में सप्लाई करने वाले एक सप्लायर से बिल की निकासी के लिए घूस की मांग की थी. जिसके बाद उसने इस मामले की शिकायत एसीबी से की. एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने सत्यापन के बाद कार्रवाई करते हुए रोशन बख्शी को घूस लेते गिरफ्तार कर लिया. उसे पलामू लाया गया. जहां उससे पूछताछ की जाएगी. इसके बाद मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इस गिरफ्तारी से यह स्पष्ट हो गया कि सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार की समस्या अभी भी गंभीर बनी हुई है.

टिकला सिंह हत्याकांड में बोला आरोपी

मैं नहीं मारता तो वह मुझे ही मार देता : कपिल ठाकुर

संवाददाता। गोमो

कोरकोट्टा गाव में बुधवार को टिकला सिंह (40) की हत्या का मामला दूसरे दिन काफ़ी सुर्खियों में रहा, हर किसी की जुबान में इसी वारदात की चर्चा रही. हत्याकांड में गिरफ्तार किये गये नामदर्ज अभियुक्त कपिल ठाकुर (45) पिता दीनू ठाकुर को गुरुवार को धनबाद जेल भेज दिया. टिकला सिंह की बहन मालती देवी ने शिकायत आवेदन में आरोप लगाया है कि इस घटना में भाई सुखदेव ठाकुर,काशी ठाकुर, कपिल ठाकुर की पत्नी लखी देवी शामिल हैं. टिकला सिंह का शव पोस्टमार्टम में भेजने के बाद बुधवार की देर रात को कपिल ठाकुर ने हत्या को लेकर कई राज उगले हैं. कपिल ठाकुर ने कहा है कि टिकला सिंह पर बहुत विश्वास रखता था परंतु उसने विश्वास घात किया और मजबूरन उसकी हत्या का कदम उठाना पड़ा, नहीं तो वह मौका पाकर मुझे ही मार देता. कई और भी

कई राज उगले है,जिसे पुलिस गोपनीय रखी है. संभावना व्यक्त की जा रही है. इस हत्या मामले में कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं. पुलिस गोपनीय तरीके से पड़ताल कर रही है. इधर मृतक टिकला सिंह की बहन ने बताया कि टिकला सिंह जब जेल में था. उस समय कपिल ठाकुर की पत्नी लखी देवी जेल में मुलाकात करने जाती थी और उससे रुपये लेकर आती थी. वह पिछले माह से कपिल ठाकुर के यहां रह रहा था. उसके साथ बिश्वास घात कर मार डाला.

रुपाली जग्गा 31 दिसम्बर को यूनियन क्लब में बांधेगी शमा

संवाददाता। धनबाद

लुबी सर्कुलर रोड स्थित यूनियन क्लब में 31 दिसम्बर की रात मशहूर गायिका रुपाली जग्गा अपने सुरों से शमा बांधेगी. उक्त जानकारी क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में सचिव चरणजीत सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि यूनियन क्लब में क्लब के सदस्यों के लिए मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. जिसमें मशहूर गायिका रुपाली जग्गा, दीपांशी नागर, मानव पोद्दार, चंद्रा मुल्लई, एवं डीजे मर्लिन अपना-अपना जलवा बिरेंगे. इसके साथ ही कोलकाता के डांस ग्रुप को भी बुलाया गया है. पूरे कार्यक्रम में एंकर के रूप में मशहूर एंकर अरुणिमा शामिल होंगी. अरुणिमा देश स्तर पर आयोजित बड़े बड़े कार्यक्रम में एंकर रहती है. सचिव ने बताया कि 31 दिसम्बर की शाम 7 से देर रात डेढ़ बजे तक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.

रांची में दिनदहाड़े 14 लाख की छिनतई, पुलिस ने शुरू की जांच

रांची। राजधानी रांची से सटे रातू काठीटांड स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा में एक बड़ी छिनतई की घटना सामने आई है. दिनदहाड़े हुई इस घटना में दो अपराधियों ने एक व्यक्ति से करीब 14 लाख रुपए लूट लिए. यह घटना 12:30 बजे के आसपास हुई, जब पीड़ित व्यक्ति बैंक में रुपए जमा कराने के लिए पहुंचा था. यह घटना राजधानी रांची के शांतिपूर्ण माहौल को चुनौती देती है और पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है. पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है और अपराधियों के पकड़े जाने की उम्मीद जताई जा रही है. जानकारी के अनुसार, अपराधी दो की संख्या में थे और पल्सर बाइक पर सवार होकर बैंक पहुंचे थे. उन्होंने पहले पीड़ित व्यक्ति का पीछा किया, जो रुपए से भरा बैग लेकर बैंक जा रहा था.

जेल में बंद कैदियों के लिए खुशखबरी, हेमंत सोरेन जल्द दे सकते हैं न्यू ईयर गिफ्ट

सीएम के निर्देश पर जेलों में खानपान में होगा सुधार

संवाददाता। रांची

नए साल में बंदियों को अब एक दिन के बजाये चार दिन मांसाहारी भोजन देने की तैयारी है। इसे लेकर कारा महानिरीक्षक ने एक प्रस्ताव विभागीय मंत्री की सहमति के लिए भेजा है। विभागीय मंत्री मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं। उनकी सहमति के बाद फाइल कैबिनेट में जाएगी जहां से स्वीकृति के बाद इससे संबंधित संकल्प जारी होगा। नए प्रस्ताव में बंदियों को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन दिए जाने का जिक्र है। वर्तमान में वर्ष 2012 के डायट चार्ट के अनुसार बंदियों को भोजन दिया जा रहा है।

शाकाहारी बंदियों के भी कर दी मौज

शाकाहारी बंदियों की बात करें तो अब तक शाकाहारी बंदियों को सप्ताह में 500 ग्राम खीर भोजन के साथ देने की व्यवस्था है। अब ऐसे बंदियों को खीर के साथ-साथ सप्ताह में तीन दिन 100-100 ग्राम सोयाबीन बड़ी व एक दिन पनीर की सब्जी भी दी जाएगी।

200 ग्राम मुर्गा और दो अंडे मिलेंगे

इसके तहत मांसाहारी बंदी को सप्ताह में एक दिन 100 ग्राम प्रति बंदी खस्सी का मीट दिया जाता है। राज्य सरकार को भेजे गए नए प्रस्ताव में खस्सी का मीट नहीं दिया जाएगा। इसके बदले में सप्ताह में तीन दिन 200-200 ग्राम मुर्गा व एक दिन दो अंडा प्रति बंदी दिया जाएगा।

जेल में रहने के दौरान मुख्यमंत्री ने महसूस की थी भोजन में बदलाव की जरूरत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेल में रहने के दौरान भोजन में बदलाव की जरूरत महसूस की थी। सूचना है कि उन्होंने जेल की खान-पान व्यवस्था को करीब से देखा। कुछ बंदियों से भी उनका फीडबैक लिया। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने अधिकारियों से जेल में खानपान में सुधार को लेकर ठोस योजना बनाने संबंधित दिशा-निर्देश दिया था। इसका मूल उद्देश्य था कि बंदियों को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन मिले। मटन की गुणवत्ता पर भी कैदियों ने असंतोष जताया था। इसके बाद ही उनकी थाली से मटन बंद करने व उसके बदले थाली में तीन दिन मुर्गा व एक दिन अंडा देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

375 खनिकों को आज दी जाएगी श्रद्धांजलि

संवाददाता। चासनाला

सेल चासनाला के अमर शहीदों की 49वीं बरसी शुक्रवार को मनाई जाएगी. चासनाला स्थित शहीद स्मारक की शहीदबेदी के पास सर्वधर्म सभा का एवं पुष्प अर्पित कर सेल के अधिकारी शाहिद के स्वजन यूनियन के लोग श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे.

बताते चलें कि चासनाला खान दुर्घटना एशिया की सबसे बड़ी खान हादसों के तौर पर इतिहास के पन्नों में काला अध्याय के रूप में लिखा गया है. यहां की घटना पर कई वर्षों बाद काला पत्थर नामक फिल्म भी बनी यह फिल्म काफी चर्चित मशहूर हुई थी. कई साल चली जांच में पता चला कि अधिकारियों की लापरवाहियों के कारण दुर्घटना हुई थी. खदान में रिसने पानी को जमा करने का बड़ा बांध बनाए गए थे. हिदायत दी गई थी कि बांध के 60 मीटर की परिधि में ब्लास्टिंग नहीं की जाए लेकिन अधिकारियों ने इन निशानों को नजर अंदाज कर हैवी ब्लास्टिंग कर दी. इस लापरवाही के वजह से 375 खनिजों ने जल समाधि ले ली थी. दुर्घटना के बाद कई महीनो तक खदान से पानी निकालने का कार्य हुआ. इसमें पोलैंड व रूस के वैज्ञानिकों से भी मदद ली गई थी. महीनों तक पानी में रहने के कारण शव सड़ चुके थे खदान से शव निकालने के बाद मृतक की पहचान लैंप(बैटरी वाला बत्ती नंबर से) टोपी, कपड़े आदि से की गई थी. कई माह तक दामोदर नदी के किनारे शवों का अंतिम संस्कार चला था.

न्यायाधीश एसएन सिन्हा ने की थी खान दुर्घटना की जांच

दुर्घटना की जांच न्यायाधीश एसएन सिन्हा को सौंप गई थी. जांच में सुरक्षा नियमों के अनदेखी करने का मामला सामने आया था. इस रिपोर्ट के श्रम विभाग को सौंप दिया गया. तत्कालीन परियोजना पदाधिकारी प्रबंधक सेफ्टी अधिकारी व अन्य अधिकारियों को दुर्घटना के लिए दोषी मानकर बर्खास्त कर दिया गया था.

हाथियों के झुंड ने खाई फसल, किसान परेशान

टुंडी। पिछले कई दिनों से टुंडी पहाड़ पर रुके 35 जंगली हाथियों के झुंड ने बुधवार की रात को टुंडी पहाड़ से आगे बढ़ते हुए आधा दर्जन किसानों को आर्थिक चोट दी. उनके धान खा गए और बर्बाद भी कर दिया. हाथियों के झुंड ने बेंगनकोचा तथा दोमुंडा गांव में रोहित मराण्डी सहित आधा दर्जन किसानों का धान खा लिया. सूचना मिलने पर मशालची टीम पहुंची व झुंड को दो मुंडा पहाड़ तक चढ़ा दिया. अहले सुबह टुंडी वन विभाग के प्रभारी फोरेस्टर पहुंचे व क्षतिपूर्ति का जायजा लिया. इसके बाद विधानसभा क्षेत्र के झामुमो वरिष्ठ नेता रतिलाल टुडू ने वन विभाग को फोन कर मुआवजा देने तथा हाथियों को टुंडी से भगाने का आग्रह किया. टुडू पश्चिमी टुंडी दलुगौड़ा व कई अन्य गांवों का दौरा किया व हाथियों के झुंड द्वारा धान क्षतिपूर्ति को लेकर वन विभाग से मुआवजे का आग्रह किया.

दुर्घटना में घायल युवक की मौत के बाद मुआवजे को लेकर सड़क जाम

संवाददाता। महुदा

सड़क दुर्घटना में घायल हुए कपुरिया बांधडीह निवासी अभिमन्यु महतो के 31 वर्षीय पुत्र गोरांगो महतो का रिम्स में ईलाज के दौरान मौत हो गई. परिजनों व ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शव को लाकर कपुरिया ओपी के समीप मुख्य मार्ग में रखकर सड़क जाम कर दिया. ज्ञात हो कि 19 दिसम्बर की संध्या गोरांगो महतो बांधडीह अपने घर के समीप मुख्य मार्ग में खड़े थे. इसी दौरान धनबाद की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटर साइकिल सवार ने टक्कर मार दी. जिससे वह सड़क पर गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गया. स्वजनों ने उसे उठाकर इलाज के लिए बीजीएच ले गया. गंभीर स्थिती को देखते हुए स्वजन उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची ले गए थे. वहां इलाज के दौरान मौत हो गई. पोस्टमार्टम कराने के पश्चात शव को कपुरिया ओपी लाकर घेराव किया. जब बात नहीं बनी तो शव को मुख्य मार्ग में रखकर जाम कर दिया.

ब्रीफ खबरें

मोंगिया स्टील की ओर से कंबल वितरण

निरसा बाजार। स्टील कारोबारी उद्योगपति समाजसेवी मोंगिया स्टील के मालिक सरदार गुलवंत सिंह की ओर निरसा गुरुद्वारा तथा कुमारडुबी गुरुद्वारा में कंबल वितरण कार्यक्रम काआयोजन किया गया. जिसे गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने गुरुवार को जरूरतमंद असहाय लोगों के बीच वितरित किया. निरसा गुरुद्वारे के प्रधान सुखदेव सिंह तथा गुरुद्वारा की मनजीत सिंह के निरसा नया डगा स्थित काली मंदिर परिसर में एक कार्यक्रम कर सभी जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया. मौके पर मुख्य रूप रांची के समाजसेवी भोला प्रसाद तथा भारत स्वाभिमान पतंजलि न्यास के कई अधिकारी गण उपस्थित थे.

सुदर्शन बाबा का योगदान सराहनीय: विशेश्वर

टुंडी । दक्षिणी टुंडी कदैया गांव में प्रख्यात ज्योतिषी सह समाजसेवी स्व. सुदर्शन उपाध्याय उर्फ महाशय बाबा की 6वीं पुण्यतिथि मनाई गई. उनकी मुर्ति पर माल्यार्पण कर संजय तिवारी, बलदेव उपाध्याय व पंचानन ओझा आदि ने श्रद्धांजलि दी. मौके पर धनबाद कॉपरेटिव बैंक के निदेशक विशेश्वर सिंह चौधरी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने पूरा जीवन लोगों की सेवा में लगा दी. उनके दी गई भूमि पर कई सरकारी स्कूल में हजारों बच्चे पढ़ कर देश सेवा में लगे हुए हैं.मौके पर मुखिया मनसु रजक, कमल सिंह,पंचानन ओझा, दिलीप ओझा, किशुन कुमार सेन,संजीव सेन गुप्ता, आशुतोष मिश्रा सहित भारी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी.

सविमं सिनीडीह में वीर बलिदान दिवस

मधुबन। सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह के प्रांगण में गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा एवं कार्यक्रम प्रमुख जितेंद्र कुमार दुबे ने दीप प्रज्वलन किया. वक्ताओं ने देशप्रेम का पाठ पढ़ाया. सम्बोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि देश सर्वोपरि होता है. भारत का हर बच्चा देश के लिए प्रेम रखें, तभी हमारा देश विश्व गुरु बन पाएगा. इस अवसर पर हर्ष कुमार, परमेश्वर देशवाली, पवन कुमार, पूर्णिमा मिश्रा ने भाषण और कविता प्रस्तुत किए. भैया आर्यन कुमार एवं यशराज गोस्वामी के द्वारा गाया गीत हर करम अपना करेंगे ने दर्शकों का मन मोह लिया. वीर बालक के जीवन पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत किया गया. क्रार्यक्रम का संचालन सुप्रिया तिवारी एवं शुभ लक्ष्मी ने किया.

आश्रितों को सौंपा नियोजन पत्र

तेतुलमारी । बीसीसीएल कतरास संख्या 4 के क्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार को 24 आश्रितों अनुकम्पा के आधार नियोजन पत्र बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा सौंपा गया. इस अवसर पर कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक राज कुमार अग्रवाल, एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के उमंग कुमार ठक्कर, क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक दिनेश चन्द्र पाण्डेय, कार्यालय अधीक्षक, दिलीप कुमार रवानी, व सभी आश्रित मौजूद थे.

आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को मिला स्वेटर

महुदा : ठण्ड एवं शीतलहरी प्रकोप को देखते हुए झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सरकार द्वारा आपूर्ति व बाल विकास परियोजना बाघमारा से प्राप्त, आँगनबाड़ी केन्द्र राधानगर भक्तुडीह में धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह के हाथों स्वेटर वितरण लाभुक बच्चों के बीच किया गया. मौके पर सेविका रेणु गुप्ता, सहायिका पुनम देवी, श्रवण कुमार गुप्ता, राजिव कुमार सिंह सहित पोषक क्षेत्र के अन्य महिला पुरूष उपस्थित थे.

निर्बाध वैध उत्खनन सुनिश्चित करें टास्क फोर्स : डीडीसी

खनन बाधित करने वालों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : एसएसपी

खास बातें

- महीने में 2 बार स्थानीय स्तर पर बैठक करने का निर्देश

संवाददाता। धनबाद

उपविकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपविकास आयुक्त ने कहा कि वैध उत्खनन निर्बाध रूप से चले, यह सुनिश्चित करना खनन टास्क फोर्स का काम है. उन्होंने कहा कि कोयला के अवैध खनन पर लगाम लगाना भी खनन टास्क फोर्स का दायित्व है. जिला प्रशासन, भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड एवं सीआईएसएफ के संयुक्त प्रयास से तथा ठोस रणनीति बनाकर इसके लिए काम करना है. वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि कोयले का खनन बाधित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था बिगाड़ने के लिए कई असामाजिक तत्व सक्रिय है. जिसे पुलिस ने चिह्नित कर लिया है. उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों तथा स्थानीय थाना को हर महीने दो बार स्थानीय स्तर पर बीसीसीएल के साथ बैठक कर समस्या से रुबरु होने और उसका समाधान करने का निर्देश दिया. एसएसपी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर बैठक करने से कई समस्याएं उजागर होगी. जिसका समाधान निकला जा सकेगा.

अवैध खनन के खिलाफ करें छापेमारी : एसपी

बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि अवैध खनन के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान जारी रखें. इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराएं. वहीं ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध छापामारी करने से पूर्व टास्क फोर्स स्थानीय थाना को जरुर सूचना दें.

अप्रैल से नवम्बर तक 131 की गिरफ्तारी : डीएमओ

बैठक में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक कोयले के अवैध कारोबार के विरुद्ध जिला खनन कार्यालय ने 131 लोगों की गिरफ्तारी की है. वहीं 1550 टन कोयला तथा अवैध कारोबार में संलिप्त 27 हाइवा सहित 95 वाहनों को जब्त किया है. जबकि लघु खनिज के अवैध खनन में संलिप्त 112 वाहनों को जब्त किया है और 34 प्राथमिकी दर्ज की है. इसमें 35 लोगों के विरुद्ध जे.एम.एम.सी. रूल 2004 के नियम 54(5) के तहत कार्रवाई कर 17 .35 लाख रुपए का जुर्माना वसूला है. जबकि 2 लोगों को गिरफ्तार किया है. बैठक में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने बताया कि कोयले के अवैध खनन के विरुद्ध अबतक 640 छापामारी की गई है. साथ ही अवैध खनन के हॉटस्पॉट को चिह्नित किया गया है. इसके अलावा अवैध खनन स्थल की डोजरिंग की गई है. वहीं खनन स्थल पर ड्रोन द्वारा तथा सभी काटा घरों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है. बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, बीसीसीएल के निदेशक (तकनीकी) एस.के. सिंह, सीआईएसएफ के डी.आई.जी. आनंद सक्सेना, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, डीएसपी मुख्यालय 2 डी.एन. बंका, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार, एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह के अलावा सभी अंचल के अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के विभिन्न एरिया के महाप्रबंधक उपस्थित थे.

हम ने तीनों पंचायत की हित की बात कही : दुखू

निरसा बाजार । गोपीनाथपुर कोलियरी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. जिसमें बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के दुखू वेग ने कहा नौ दिन से धरना पर बैठे हुए हैं. 23 दिसंबर को सभा किया गया था. उसमें जो बयान दिए थे, उस बयान को माले पार्टी के लोगों ने गलत तरीके से एडिट कर वीडियो को कट कर उसे एडिट कर वायरल कर रहे हैं.हम ने तीनों पंचायत की हित की बात कही थी. गोपाल राय ने कहा वीडियो जो तोड़ मरोड़ को पेश किया जा रहा है. रोजगार का साधन तीनों पंचायत को दिया जाएगा . प्रेस कॉन्फ्रेंस में दुखू वेग, गोपाल राय, मुखिया रीता देवी, लक्ष्मी देवी, रोमा मुखर्जी, अमर लोहार, राजू मंडल, सजल दास, गुड्डू सिंह आदि अनेको मौजूद थे।

मोहन कनोडिया की माता का निधन

धनबाद : किसान बैकरी के संचालक मोहन कनोडिया की माता सुलोचना देवी कनोड़िया, पोदारपाड़ा झरिया निवासी का बैकुंठवास गुरुवार को हो गया. उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान पोद्दारपड़ा झरिया से दोपहर गौशाला मुक्तिधाम गई. मोहन कनोडिया के रिश्तेदार और मित्रगण शामिल हुए. माता को बड़े पुत्र मोहन कनोडिया ने मुखाग्नि दी. इस निधन पर कनोडिया परिवार शोकाकुल है.

न्यूज अपडेट

तेतुलमारी पीट वाटर की समस्या को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा

तेतुलमारी। बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 द्वारा संचालित पीएसटी पीट वाटर लगभग 2-3 महीने से बंद है. जिससे तेतुलमारी क्षेत्र के जीरो सिम, पहाड़ी, खास सिजुआ, मोदीडीह इत्यादि के रहने वाले वाले सभी कोलकर्मी एवं आम जनता को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है. पीट वाटर पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं. पैसे देकर पानी का टैंकर मंगाने के लिए मजबूर है। पीट वाटर सप्लाई बंद कर देने से लोगों में बहुत आक्रोश हैं. सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने क्षेत्र के विधायक मथुरा प्रसाद महतो को इस समस्या का समाधान करने के लिए ज्ञापन सौंपा. विधायक ने सकारात्मक पहल करते हुए 2 दिन के अंदर बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक के साथ बैठक कर इस समस्या का समाधान हेतु चर्चा करने की बात कही. ताकि क्षेत्र में जलापूर्ति सुचारू रूप से किया जा सके. मौके पर संस्था के सक्रिय सदस्य राहुल दास, धीरज सिंह, सोनू कुमार, रोहित चौहान, सौरभ कुमार इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

जीत के लिए अभ्यास जरूरी : विधायक शत्रुघ्न

बाघमारा। पोलो ग्राउंड में टाइगर क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मैच पैंथर क्लब तांत्री बोकारो ने जीत लिया. पैंथर क्लब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसमें बकसपुरा ने बल्लेबाज करते हुए 117 रन बनाया. उसके जवाब पैन्थर क्लब ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए मैच को एकतरफा जीत लिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो एवं बाघमारा बीडीओ लक्ष्मण यादव ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया. आयोजन समिति ने दोनों अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया. उन्होंने विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्राफी एवं नगद राशि देकर देकर संम्मानित किया. विधायक ने कहा खेलकूद में हार जीत लगी रहती है. खिलाड़ी को लक्ष्य निर्धारित कर खेलना चाहिए. खेल जगत में बेहतर परिणाम के लिए खिलाड़ी को नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए.

विधायक अरूप व बबलू का स्वागत

झरिया । गोलकडीह कोल डम्प के नजदीक निरसा विधायक अरूप चटर्जी एवं सिन्दरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बब्लू महतो का स्वागत किया गया. स्वागत समारोह की अध्यक्षता असंगठित मजदूर संगठन धनबाद के जिला सचिव बिंदा पासवान द्वारा की गई. सिन्दरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि हम लोगों को संगठित होकर रोजगार व विकास के लिए लड़ने की जरूरत है. विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि माफिया गठजोड के चलते आस पास के असंगठित व आउटसोर्सिंग में काम करने वाले मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिल रही है. इसके लिए संगठित हो कर संघर्ष करने की जरुरत है. मंच पर दोनों विधायक को बिंदा पासवान ने बुके व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया. निताई महतो, हलधर महतो, हरी प्रसाद पप्पू सुभाष चटर्जी, संतोष महतो, राजेंद्र पासवान, तुलसी रवानी, सुभाष महतो, धुरव महतो, मनीष यादव, शीतल दत्ता आदि को माला पहनाकर स्वागत किया गया. धन्यवाद ज्ञापन शिमा दवी ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ किया. सपन पासवान, राजेश बिरुया, नरेश पासवान, कांता पासवान, शिवबालक पासवान, हरेंद्र निषाद आदि मौजूद थे.

होल्डिंग टैक्स बकाएदारों के खिलाफ डोर टू डोर सर्वे

चिरकुंडा। चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा ने होल्डिंग टैक्स बकाएदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है. उन्होंने सभी बकाएदाओं को लंबित बकाया राशि को शीघ्र ही पूर्णतः जमा कराने को लेकर जांच टीम का गठन किया है.जांच टीम शहर के विभिन्न वार्डों में होल्डिंग बकाएदारों के यहां नगर परिषद की टीम, जिसमें नगर प्रबंधक मुकेश निरंजन, नगर प्रबंधक नज़रुल इस्लाम, कनीय अभियंता व सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मी के द्वारा डोर टू डोर दौरा कर रहे हैं. बकाएदारों से अपील की गई है कि सात दिनों के अंदर अपने बकाए होल्डिंग टैक्स नगर परिषद कार्यालय में आकर जमा करें अन्यथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी.

22 को पुटकी चेंबर ऑफ कॉमर्स का होगा चुनाव

पुटकी। पुटकी बाजार चेम्बर ऑफ कॉमर्स का द्विवार्षिक सह आमसभा 22 फरवरी को होगा. सीधे मतदान से करीब 450 मतदाता अध्यक्ष,महासचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव करेंगे. चेम्बर के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने कहा कि चुनाव सम्बन्धी अन्य सारी गतिविधी की तिथि व चुनाव प्रभारियों की घोषणा बाद में की जाएगी. चेम्बर ऑफ कॉमर्स का चुनाव पहली बार निर्धारित समयावधि पर होगा. इसके पूर्व संगठन की समीक्षा बैठक 19 जनवरी को होगी. इसमें आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया जाएगा. उक्त सभी कार्यक्रमों का निर्णय चेम्बर की गुरुवार को पुटकी में हुई बैठक में लिया गया. बैठक में चेम्बर के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा,मुर्तजा अंसारी,शाहरूख खान,मो हाफिज ,रामप्रताप शर्मा,नागेश्वर शर्मा,राजू अंसारी,मो आजाद,महेंद्र बर्णवाल, हुकुमचंद वर्णवाल,विजय साव,बबलू वर्णवाल ,संजय रजक आदि मौजूद थे.

मारपीट के दो आरोपियों समेत महिला को भेजा जेल

खास बातें

- मारपीट एवं छिनतई की घटना को दिया था अंजाम

संवाददाता । गोमो

हरिहरपुर थाना प्रभारी गिरधर गोपाल अपने सदन बल के साथ बुधवार की रात ताबड़तोड़ छापामारी कर विभिन्न मामलों के फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दिया है. जिसमे एक महिला सहित दो सगे भाई शातिर बदमाश शामिल हैं. थाना प्रभारी गिरधर गोपाल ने बताया कि गोमो के यादव मोहल्ला पुराना बाजार निवासी स्वर्गीय नंदू यादव का पुत्र सौरव यादव (22) उर्फ पिद्दी, व विकास यादव उर्फ दिस्का जो दोनों सगे भाई शातिर बदमाश है. तोपचांची एवं हरिहरपुर थाना क्षेत्र के कई काण्डो का अभियुक्त है. वो पुलिस की पकड़ से बाहर था. इन दोनों भाइयों के ऊपर हरिहरपुर थाना में कई मुकदमे दर्ज हैं. दोनों भाइयों द्वारा मारपीट की घटना को निरंतर अंजाम दिया जा रहा था. साथ ही आमजनों के साथ अभद्र व्यवहार करना गालीगलौज करना, चोरी इत्यादि इन दोनों द्वारा बार-बार किया जा रहा था. बुधवार की रात गोमो के आई कॉलोनी में एक परिवार के साथ मारपीट एवं छिनतई की घटना को अंजाम दिया था. हरिहरपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों बदमाश भाइयों को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दिया. छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी अवर निरीक्षक नारायण यादव, सोहन कुमार साहू, एएसआई निर्भय सिंह, देवनाथ रजक एवं सशस्त्र बलों शामिल थे.

जनता मजदूर संघ बच्चा गुट का 9 वें दिन धरना जारी, स्थिति तनावपूर्ण

संवाददाता। झरिया

जनता मजदूर संघ बच्चा गुट की ओर से नौवें दिन भी कुजामा चेक पोस्ट के समीप टेंट लाकर धरना दिया गया. 9 दिन बीत जाने के बाद भी कुजामा कोलियरी प्रबंधन की ओर से कोई भी वार्ता करने नहीं पहुंचा था. जिससे बच्चा गुट के लोगों में आक्रोश है. बच्चा गुट के समर्थकों का कहना है कि कुजामा लोडिंग प्वाइंट में पेलोडर के माध्यम से ट्रक लोडिंग कराई जा रही है. जिससे मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है. यहां के स्थानीय मजदूरों को रोजी-रोटी के लिए दूसरी जगह जाना पड़ रहा है. प्रबंधन मैन्युअल लोडिंग का काम नहीं कर रहा है. इसी कारण हम लोग लोडिंग प्वाइंट बंद कराए हैं. जब तक मैन्युअल लोडिंग चालू नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा. 2 दिन पूर्व लोडिंग पॉइंट चालू और बंद करने को लेकर जनता मजदूर संघ बच्चा गुट और जनता श्रमिक संघ के समर्थकों में झड़प हो गई थी. 19 राउंड गोली चली थी. इसके बाद से दोनों तरफ मामला दर्ज हुआ था. इसके बाद आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है. कुजामा आउटसोर्सिंग परियोजना भी आंदोलन के कारण बंद पड़ा हुआ है. बीसीसीएल को करोड़ों का नुकसान हो रहा है.

कर्मों का कानून अटल है : साध्वी अमृता

ज्योति जागृति संस्थान ने किया श्री रामचरित मानस एवं गीता ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम

संवाददाता। बरवाअड्डा

कल्याणपुर संन्यासी बगान स्दुर्गा मंदिर प्रांगण कल्याणपुर में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित श्री रामचरित मानस एवं गीता ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के तीसरे दिन सिंदरी विधायक चन्द्र देव उर्फ बबलू महतो कल्याणपुर संन्यासी बगान पहुंचे. इस अवसर पर आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी अमृता भारती ने कहा कि कर्मों का कानून अटल है. इससे कोई नहीं बच सकता. महापुरुष वास्तविक कर्म क्या है और अकर्म क्या है इसका रहस्य बताते हैं, जिसे जानकर इंसान कर्म बंधन से मुक्त होता है. श्री रामचरितमानस में काहू ना कोउ सुख-दुख कर दाता, निज कृत कर्म भोग सब भ्राता। शास्त्र कहते हैं कि परमात्मा ने जो हमारे भाग्य में लिखा है उसे कोई नहीं मिटा सकता, परंतु जब पूर्ण संत के शरणागति प्राप्त होती है तो परमात्मा द्वारा लिखा गया लेख भी मिट जाता है. अतः कर्म बंधन से मुक्ति की युक्ति है पूर्ण सतगुरु द्वारा प्रदत्त ब्रह्म ज्ञान. शिष्य स्वामी धनंजयानंद ने कहा कि जैसी करनी, वैसी भरनी के आधार पर हमें सुख और दुख प्राप्त होते हैं. इंसान कर्म करने के लिए स्वतंत्र है. लेकिन फल भोगने के लिए बाध्य है. संत कबीर साहिब ने कहा है कि कबिरा तेरे पुण्य का जब तक है भंडार, तब तक सब कुछ माफ है गुनाह करो हजार. इंसान के जीवन में जब तक पुण्य पुंज होता है तब तक बुरा कर्म करके भी सुखी संपन्न रहता है. लेकिन पुण्य क्षीण होते ही कर्मों का फल प्राप्त करता है. पूर्ण सद्गुरु की कृपा से अंतरधट में जब ज्ञान अग्नि प्रकट होती है तो उस अग्नि में समस्त बुरे कर्म जलकर स्वाहा हो जाते हैं. पूर्ण सतगुरु प्रदत्त ब्रह्म ज्ञान की ध्यान साधना से लिखे लेख भी मिट जाते हैं और इंसान कर्म बंधन के अनंत दुख से मुक्त हो जाता है. संस्था आप जैसे जिज्ञासुओं को आह्वान करती है कि आप भी ब्रह्म ज्ञान प्राप्त ईश्वर के दर्शन के आनंद सागर में डुबकी लगाकर वास्तविक सुख और शांति को प्राप्त कर मनुष्य जीवन को सार्थक करें. कार्यक्रम में गायक गोपाल, तबले पर पप्पू,गायिका सरिता भारती प्रीति भारती के मधुर भजनों से भक्त झूम उठे.

सेंट जेवियर्स स्कूल तेतुलमारी ने मनाया वार्षिकोत्सव

तेतुलमारी। सेंट जेवियर्स स्कूल तेतुलमारी का वार्षिकोत्सव गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया. स्कूल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. शुरुआत स्वागत गीत के साथ हुआ. सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने नाटक, देशभक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किए. पंजाबी भांगड़ा नृत्य पर सभी झूमने लगे. क्रिसमस पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया. बच्चों ने सेंटा क्लॉज का रूप धारण कर कार्यक्रम प्रस्तुत किया. मौके पर सुशील कुमार सिंह,छोटु सिंह, रंजीत सिंह, अजय साहनी स्कूल प्रिंसिपल आरके सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, नगेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र सिंह, संतोष सिंह आदि स्कूल के मैडम सहित स्कूल का समस्त स्टाफ व सैकड़ो की तादाद में बच्चे उपस्थित थे.

मनरेगा तालाब नहीं हुई खुदाई, 3 लाख 44 हजार की हुई निकासी

दोषियों से वसूली के साथ करेंगे कार्रवाई : बीपीओ

संवाददाता। गांडेय

मनरेगा योजना में अनियमितता थामने का नाम नहीं ले रहा है. आए दिन गांडेय प्रखंड में ऐसे कई मामले प्रकाश में आए है. गांडेय प्रखंड के बरमसिया वन पंचायत के बरमसिया गांव के अंतर्गत कंचनपुरा टोला में मनरेगा एक्ट के तहत निर्माणधीन एक तालाब स्थल से गायब मिला है. सिर्फ कागजों में तालाब बनकर तैयार हो गया है. संबंधित विभाग के द्वारा सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर अवैध निकासी कर ली गई है लेकिन सूधी लेने वाला कोई नहीं है. बता दें कि बरमसिया वन पंचायत के कंचनपुरा टोला में वित्तीय वर्ष 2021-22 में किस्टू टुडू के नाम से तालाब निर्माण की स्वीकृति हुई थी. तालाब निर्माण में मजदूरी मद से 3 लाख 18 हजार 234 रुपये व स्कैल मद से 26 हजार 250 रुपये की निकासी कर ली गई है. तालाब निर्माण में कुल 3 लाख 44 हजार 484 रुपये की निकासी हुई. जिस जगह तालाब निर्माण का जियो टैक किया गया है, उक्त स्थल से तालाब गायब है. उक्त मामले की पुछताछ करने पर तालाब निर्माण के ठीकेदार ने जीओ टैग स्थल से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर एक निर्माणाधीन तालाब को किस्टू टुडू का तालाब दिखाया. जब कि जिस तालाब निर्माण को ठीकेदार द्वारा दिखाया जा रहा है उक्त स्थल में पूर्व में ही आलम अंसारी का डोभा निर्माण किया गया है. उक्त डोभा निर्माण के लिए एक लाख 28 हजार 298 रुपये की निकासी वित्तीय वर्ष 2020-21 में की गई थी. मामले में मनरेगा बीपीओ मनोज कुमार ने कहा कि मामले की जांच करवाई जाएगी. मामला उजागर होने पर पैसे की वसूली के साथ ही संबंधित लोगों पर मनरेगा एक्ट के तहत कारवाई की जाएगी. इधर पंचायत की मुखिया पति मो अलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि तालाब का एमबी बुक के अनुसार पेमेंट हुआ है.

अवैध माइका लदे दो मालवाहक जब्त

तिसरी। अवैध माइका कारोबार के खिलाफ एक बार फिर कार्रवाई की गई है. मनसाडीह ओपी अंतर्गत तिसरो गांव के पास से अवैध माइका लदे दो वाहनों को पुलिस व वन विभाग और एसएसबी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर जब्त किया. बताया जाता है कि वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार को मिले गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग, एसएसबी और मनसाडीह ओपी पुलिस ने संयुक्त रूप सक छापेमारी की. छापामारी में में माइका लदे एक पिकअप और एक टाटा 407 ट्रक जब्त किया गया. फ़िलहाल विभाग अपराधियों की पहचान करने में जुटी है. मामले को लेकर वनवाद दायर किया जाएगा. कार्रवाई में मुख्य रूप से तिसरो एसएसबी कैंप के इंस्पेक्टर विजय पाल,मनसाडीह ओपी प्रभारी अंकित कुमार,प्रभारी वनपाल अभीमीत राज, वन उप परिसर पदाधिकारी रंजीत प्रभाकर अन्य पुलिस बल के जवान मौजूद थे.

हर सिर को मिले छत : मंत्री दीपिका

- आबुआ आवास सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इसमें फंड का कोई अभाव नहीं

संवाददाता। गिरिडीह

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह गुरुवार को गिरिडीह परिसदन पहुंची. पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर क्षेत्र का हाल जाना. जनता की समस्याओं से रुबरू होकर उसके समाधान के लिए तत्पर रहने की बात कही. इस दौरान प्रेसवार्ता की. कहा कि झारखंड सरकार की मनसा हर सर को छत देने की है. आबुआ आवास सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें फंड का कोई अभाव नहीं है. सिंह गिरिडीह परिसदन में अधिकारियों संग समीक्षा बैठक के बाद गुरुवार को पत्रकारों से बात कर रही थी. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास किसी को छतविहीन न रखने की है. इस प्रयास में गठबंधन की सरकार लगी हुई है.

विपक्ष फैला रही है भ्रांतियां: ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि मैया सम्मान योजना को लेकर विपक्षी दल आम लोगों के बीच भ्रांतियां फैला रही है. उन्होंने कहा कि पूर्व की सूची से इस माह मैया सम्मान योजना की राशि दी जाएगी, इसके लिए रांची में भव्य समारोह की जाएगी. 28 को सभी बहनों के खाते में ढाई हजार की राशि जाएगी. इसमें कोई कटौती नहीं की गई है. उन्होंने कहा कि केंद्र पर राज्य का बकाया मिल जाए तो विकास के नए रास्ते खुलेंगे, पर केंद्र राज्य सरकार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है. कहा कि रांची में आगामी 28 दिसंबर को भव्य समारोह कर इसकी विधिवत शुरुआत की जाएगी. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा की आउटसोर्सिंग कर्मियों का बकाया राशि शीघ्र दी जाएगी. कहा कि टर्म एंड कंडीशन के अनुसार कर्मियों को हर माह वेतन भुगतान करना है. उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी योजना तैयार कर रही है कि भविष्य में लोगों को प्रखंडों का चक्कर लगाना ना पड़े. पंचायत सचिवालय से ही सारा काम होगा. आने वाले समय में प्रखंड और पंचायत सचिवालय के कर्मी आम लोगों का काम मित्रवत करेंगे. मौके पर कांग्रेस नेता उपेंद्र प्रसाद सिंह भी मौजूद थे.

ब्रीफ खबरें

पुलिस ने पति-पत्नी को किया गिरफ्तार

साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने पति-पत्नी के बीच हुई मारपीट मामले में दोनों की एक दूसरे के विरुद्ध शिकायत पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया. थाना प्रभारी पंकज दूबे ने बताया कि रसूलपुर दहला निवासी मुन्ना रवि दास एवं पत्नी बुधिया देवी ने एक दूसरे के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कराया था. गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है.

जाली नोट मामले में युवक को जेल

साहिबगंज। जाली नोट चलाने की कोशिश के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार युवक लालबथानी, मखमलपूर निवासी मैनुल हक को नगर थाना पुलिस ने गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. प्रभारी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मैनुल हक एक चाय की दुकान में पांच सौ का जाली नोट चलाने की कोशिश कर रहा था.

नहीं बरामद हुई नाबालिग आरोपी युवक गिरफ्तार

गावां (गिरिडीह)। गावां थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है. बेन्डो निवासी 27 वर्षीय अविनाश कुमार पर नाबालिग लड़की की मां के आवेदन पर गावां थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उक्त युवक लड़की को छोड़ कर फरार हो गया था. बाद में दो दिनों पूर्व उक्त लड़की को लेकर पुनः फरार हो गया. परिजनों की सूचना पर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर उक्त युवक को थाना क्षेत्र के नगवां से गिरफ्तार कर लिया. हालांकि लड़की को अबतक बरामद नहीं किया जा सका है. थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि युवक से पूछताछ की जा रही है . वही लड़की की बरामदगी के लिए छापेमारी जारी है.

सरस्वती विद्या मंदिर में वीर बाल दिवस

बोकारो। पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर/सी में गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जसबीर सिंह सलूजा ने कार्यक्रम की शुरुआत की. बच्चों को शुभकामनाएं दी. बच्चों को देश भक्ति की बातें बतायी. बच्चों को वीर बाल दिवस के बारे में बताया. बताया कि सिख समुदाय किस प्रकार मुगलों से समक्ष अपना सर ना झुकाते हुए धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी.

कसमार में पंस की समीक्षा बैठक में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने लगाई फटकार

पंचायत समिति में पारित प्रस्तावों पर अमल नहीं होने पर होगी कार्रवाई : मंत्री

- बैठकों में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों से मांगा जाएगा स्पष्टीकरण
- पंचायत समिति की बैठकों को अधिकारी सिर्फ मजाक में लेते रहे हैं

संवाददाता। कसमार

पंचायत समिति की बैठकों में कोई भी प्रस्ताव लिए जाते हैं और संबंधित विभाग उन प्रस्ताव पर अमल न करे तो विभागीय अधिकारियों व कर्मियों पर कार्रवाई होगी. उक्त बातें सूबे के पेयजल व स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कसमार प्रखंड मुख्यालय में आयोजित पंचायत समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक में कही. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख नियोति दे ने की. बैठक में प्रखंड बीस सूत्री कमिटी अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, कसमार बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ प्रवीण कुमार व थाना प्रभारी भजनलाल महतो आदि शामिल थे. मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने विभागों के अधिकारियों को नसीहत देते हुए कि कहा कि पंचायत समिति बैठक में अधिकतर सदस्यों ने जो बातें रखीं, उससे यह स्पष्ट है कि सिर्फ बैठक के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है, जो एक विचारणीय व गंभीर विषय है. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पंचायत समिति की बैठक में जो मुद्दे उठाए जाते हैं या प्रस्ताव पारित किए जाते हैं, उनके आलोक में किसी विभाग की ओर से जानकारी या सूचना अगर उपलब्ध नहीं करायी जाती है, तो वैसे विभाग पर आगे कार्रवाई निश्चित है. बैठक में पारित प्रस्तावों को अगर कोई विभाग गंभीरता से न ले तो सूचित करें, हर हाल में वैसे विभागीय अधिकारियों या कर्मियों पर कार्रवाई होगी. उन्होंने कहा कि अगर किसी विभाग से तीन बैठकों में कोई अधिकारी अनुपस्थित रहते हैं तो उन्हें स्पष्टीकरण मांगा जाए. इस दौरान प्रखंड प्रमुख नियोति दे ने बताया कि पिछले लगभग तीन साल से पंचायत समिति की बैठकों को अधिकारी सिर्फ मजाक में लेते रहे हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होने देंगे. इस दौरान कसमार प्रखंड के अलग अलग पंचायतों के पंसस ने अपने अपने क्षेत्र की समस्या से अवगत कराते हुए समस्या के निदान की मांग की. इस दौरान पंचायत समिति सदस्यों ने कसमार प्रखंड में अलग अलग मद व सांसद, विधायक से मिले एम्बुलेंस की भी विस्तृत जानकारी मांगी. मौके पर उप प्रमुख संजू देवी, पंसस अंजू देवी, मंजू देवी, प्रिया देवी, हेमंती देवी, दिलीप महतो, नागेंद्र नायक, विनोद महतो, बसंती देवी, मुखिया हारू रजवार, चंद्रशेखर हेम्ब्रम, वर्षा देवी, जगेश्वर मुर्मू के अलावे राजीव रंजन सोरेन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रफुल्ल महतो, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ स्वेच्छा अखौरी, अंचल कुमार, कल्याण पदाधिकारी विशेश्वर मांझी समेत अलग अलग विभागों के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे.

गांधी चौक पर विचार गोष्ठी का आयोजन

साहिबगंज। महात्मा गांधी को आज ही के दिन 26 दिसंबर 1924 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था. इसके 100 साल पुरे होने के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कमेटी साहिबगंज ने गांधी चौक पर गांधी जी के प्रतिमा के समीप एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया. गांधी दर्शन का जीवन में प्रभाव विषय पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने की. जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. मंच पर दीप प्रज्वलित कर विचार गोष्ठी की शुरुआत की गई. विचार गोष्ठी में कई कांग्रेसियों ने अपने विचार रखें. गांधी जी के दर्शन और कांग्रेस और आजादी की लड़ाई में योगदान पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. जिला अध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी ना सिर्फ भारत की आवाज बनकर उभरे थे बल्कि उनकी सत्य और अहिंसा के मार्ग ने पूरी दुनिया को भारत के प्रति सोचने का नजरिया बदल दिया था. अनुकूल मिश्रा ने कहा कि गांधी हर भारतीय के दिल व दिमाग में बसते हैं. उनकी अहिंसावादी विचार की प्रशंसा आज पूरी दुनिया करती है और पूरी दुनिया में वह एक नायक की तरह देखे जाते हैं. कांग्रेसियों ने गांधी जी के विचारों और मूल्यों को हर घर तक पहुंचाने की बात कही.

न्यूज अपडेट

घर में लगी आग, हजारों की सम्पत्ति खाक

तलगड़िया। चंदनकियारी प्रखण्ड ग्राम कोड़िया टोला उपर दोलाही के रोहित राजवार के घर पर बुधवार की रात को आग लग जाने से हजारों की संपत्ति नगदी सहित समान जल गयी. घर में रखे चावल, धान, साईकिल, सरकारी कागजात, नगदी , बर्तन सहित अन्य समान जल गया. रात को अचानक आग देखा तो हल्ला करने पर लोग जुट गए. आग को बुझाने का प्रयास किया, तब तक काफी नुकसान हो चुका था. रोहित राजवार ने चंदनकियारी सीओ को आवेदन देकर आपदा प्रबंधन के तहत मदद करने की मांग किया है. जेएलकेएम नेता अर्जुन राजवार गुरुवार को पीड़ित परिवार से मिले. हरसंभव मदद करने की आश्वासन दिया. उन्होंने सरकारी प्रावधान के तहत सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिया. उपायुक्त से पीएम आवास देने का मांग की.

विदाहा नदी तट पर मकर संक्रांति में लगेगा टूसू मेला

कसमार। कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित विदाहा नदी के तट पर 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर टूसू मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया. मेला को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन हुआ. जिसमें सुनील कुमार कपरदार अध्यक्ष, विनोद कुमार महतो, आनंद दे व रघु महतो उपाध्यक्ष, शिबू देव सोरेन सचिव, मनोज कुमार घांसी व गणेश कपरदार उपसचिव, सौरभ कुमार राय व निशान्त कुमार जायसवाल कोषाध्यक्ष, उत्तम कुमार ठाकुर उपकोषाध्यक्ष, विपिन राय व प्रदीप राय उपसंरक्षक, दीपक व रमेश मीडिया प्रभारी तथा अमितेज कुमार जायसवाल व मिथलेश कुमार जायसवाल सोशल मीडिया प्रभारी बनाये गये हैं.

डीएवी-6 में दो दिवसीय वैदिक चेतना शिविर सम्पन्न

बोकारो। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 बोकारो में गुरुवार को दो दिवसीय वैदिक चेतना शिविर का समापन हुआ. वैदिक शिविर कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र- छात्राओं ने भाग लिया. हवन यज्ञ में बच्चों ने वैदिक मंत्रो का सस्वर पाठ किया. संगीत शिक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने कई भजन प्रस्तुत किए. समापन समारोह में सत्संग का भी आयोजन किया गया. वैदिक चेतना शिविर में विशेष रूप से पंचकुंडीय हवन यज्ञ किया गया. दूसरे दिन के यज्ञ में यजमान के रूप में अभिभावक अर्णव कुमार, संगीता कुमारी, सरिता कुमारी, जितेंद्र कुमार नागेंद्र सिंह तथा विद्यालय की प्राचार्या अनुराधा सिंह थे. विद्यालय के संस्कृताचार्य बालशेखर झा एवं एनके शास्त्री ने यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म के तहत हवन यज्ञ कराया गया.

इस्पातांचल स्वदेशी मेला 6 को

बोकारो। 10 दिवसीय इस्पातांचल स्वदेशी मेला 6 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक के लगने जा रहा है. मेला की तैयारी जोरों से चल रही है. बोकरो एसडीओ स्वदेशी जागरण मंचकी ओर से आयोजित मेला के लिए आज भूमि पूजन करेंगी. मेला आयोजन समिति के अनुसार अभी तक खादी के कपड़े, सहारनपुर के फर्नीचर, भदोही के कारपेट, बनारस के बनारसी साड़ी, पंजाबी फुलकारी, पंजाबी जूती ,राजस्थानी जूती, राजस्थान का मशहूर अचार, बड़ी, चंदन फेस पाउडर ,फर्नीचर, उषा के सिलाई मशीन ,कूचीना का चिमनी, आशियाना जैसे मशहूर बिल्डर, गुजरात की कसीदाकारी कपड़े गैस चूल्हे ,टीवीएस मोटरसाइकिल ,टाटा पावर, लाल के टमाटर केचप जैसे अनेकों इंस्टॉल इस मेले में अपना- अपना स्टॉल लगाने का सहमति प्रदान किया है.

ग्राम विकास के लिए सहजकर्ता दलों का प्रशिक्षण शुरू

गावां (गिरिडीह)। गावां पंचायत भवन के सभागार में गुरुवार को सबकी योजना, सबका विकास कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दलों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ. प्रशिक्षित पिहरा पश्चिमी पंचायत के मुखिया अमित कुमार ने 15वें वित्त की राशि का शत-प्रतिशत उपयोग ग्राम विकास पर खर्च करने के लिए बेहतर योजना बनाने के बारे में जानकारी दी. कहा कि सर्वप्रथम स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए योजना बनायें. अगर गांव के किसी टोला या मोहल्ला में घरों से पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है तो उसको प्राथमिकता देते हुए नाली का निर्माण करें.

अजमेर जाने वालो को कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष ने किया रवाना

कसमार। जरीडीह प्रखंड के बारू एवं बहादुरपुर से दर्जनों जायरीन गुरुवार को जियारत करने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह अजमेर शरीफ के लिए रवाना हुए. इस दौरान कॉंग्रेस पार्टी के जरीडीह प्रखंड उपाध्यक्ष अकबर अंसारी ने बहादुरपुर में जियारत करने जा रहे सभी मोमिनों को सम्मान के साथ रवाना किया. इस दौरान अकबर अंसारी ने बताया कि सभी लोग अजमेर शरीफ में जाकर मत्था टेककर हिंदुस्तान की अमन चैन की दुआ मांगेंगे. इस दौरान अबुल हसन, जाकिर अंसारी, कमाल अख्तर, मतीम अंसारी, सरीफन बीबी समेत अन्य लोग शामिल थे.

'सीबीएसई आर्यभट्ट गणित चैलेंज'

डीपीएस बोकारो के तीन विद्यार्थियों ने मारी बाजी

संवाददाता। बोकारो

दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने विद्यालय और शहर का नाम गौरवान्वित किया है. सीबीएसई की ओर से आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2024 में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की है. कक्षा 10 के छात्र कुणाल आनंद, आयुष लच्छीरामका और शीर्ष क्रेजिया के नाम शामिल हैं. तीनों ही बच्चों ने सीबीएसई पटना क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ 100 विद्यार्थियों की मेधाविता सूची (मेरिट लिस्ट) में अपनी जगह बनायी. इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने शुभकामनाएं दी. बताते है कि सीबीएसई कक्षा आठवीं से 10वीं के छात्रों के लिए आर्यभट्ट गणित चैलेंज (एजीसी) आयोजित करता है. इसका उद्देश्य बच्चों की गणितीय सक्षमता का आकलन कर उन्हें गणित को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना है. दो चरणों में होनेवाली इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता के फर्स्ट लेवल में पंजीकृत प्रत्येक संबद्ध स्कूल से केवल अधिकतम शीर्ष तीन छात्र ही लेवल-2 प्रतियोगिता के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं. प्रथम चरण में सफल हुए प्रतिभागी ही दूसरे स्तर के लिए क्वालीफाई कर पाते हैं.

मानव तस्करी, यौन हिंसा, कुपोषण के विरुद्ध हैं तैयार : कल्याणी सागर

- संस्था सहयोगिनी का वार्षिक सम्मेलन संपन्न
- 2025 के लिए बनी योजनाएं

संवाददाता। बोकारो

सहयोगिनी संस्था द्वारा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में संस्था द्वारा संचालित सामाजिक गतिविधियों की समीक्षा की गई. वर्ष 2025 के लिए सर्वसम्मति से योजनाएं बनाई गयी, जिसमें सभी ने सहमति प्रदान की. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की अध्यक्ष सुचित्रा सिंह ने कहा कि संस्था बोकारो जिले के कसमार , पेटरवार, जरीडीह, बेरमो, चास प्रखंड में विगत 24 वर्षों से सक्रिय रूप से महिलाओं बच्चों के अधिकार को लेकर के कार्य कर रही है. उन्होंने बताया कि गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 2,75,000 लाभुकों के साथ कार्य किया गया. आमलोगों का विश्वास सहयोगिनी के प्रति सकारात्मक रहा है. सहयोगिनी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि संस्था ग्रामीण विकास ,बाल विवाह, बाल यौन हिंसा, बाल तस्करी, आजीविका संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण,बच्चों के कुपोषण को लेकर के सक्रिय रूप से कार्य कर रही है. जिसमें सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा जमीनी स्तर पर लगातार कार्य किया जा रहा है. इस दौरान सहयोगिनी के कार्यकारिणी समिति सदस्य अमरेंद्र अनूप, सूर्यमणि देवी, रीता देवी, निदेशक गौतम सागर ने भी संबोधित किया. इस दौरान संस्था की कुमारी किरण, रवि कुमार राय, अभय कुमार सिंह, नीतू सिंह, सनी कुमार, मंजू देवी, सोनी देवी, फुलेश्वरी देवी ,दशमी देवी, प्रतिमा सिंह ,विनीता देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, बिनिया देवी, गिरीबाला देवी ,विकास कुमार ,अनिल कुमार हेंब्रम, प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे.

डीसी ने लापरवाही पर कर्मचारी एवं प्रधान सहायक का वेतन किया स्थगित

उपायुक्त ने चंदनकियारी अंचल के हल्का 05 का किया निरीक्षण

संवाददाता। बोकारो

उपायुक्त विजया जाधव ने गुरुवार को अंचल कार्यालय चंदनकियारी के हल्का 05 कार्यालय का निरीक्षण किया. मौके पर विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीटीओ वंदना शेजवलकर, बीडीओ अजय वर्मा, सीओ रवि आनंद, अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. उपायुक्त ने हल्का कर्मचारी 05 के कार्यालय निरीक्षण क्रम में कर्मचारी लाल मोहन दास से नामांतरण वादों/खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी ली. इस दौरान सही ढ़ंग से रिकार्डों का संधारण नहीं होने, आवेदकों को नोटिस का तामिला सही से नहीं कराने आदि को लेकर नाराजगी व्यक्त की. इसको लेकर हल्का कर्मचारी लाल मोहन दास एवं अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक महेश नायक का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया. आगे उपायुक्त ने लंबित दाखिल – खारिज वाद/जीएम लैंड रजिस्टर/लैंड बैंक रजिस्टर/अतिक्रमण वाद/ फोर एच वाद आदि की क्रमवार समीक्षा की. इस दौरान अतिक्रमण वाद/फोर-एच वाद के मामलों पर नियमित सुनवाई नहीं करने, धीमा निष्पादन को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने अंचलाधिकारी चंदनकियारी को इस बाबत स्पष्टीकरण पूछने का संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया.

समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को दाखिल – खारिज के आवेदन क्रम में प्रज्ञा केंद्रों द्वारा आवेदनकर्ता का मोबाइल नंबर जरूर अंकित करेंगे, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. अगर प्रज्ञा केंद्रों द्वारा ऐसा नहीं किया जाएगा, तो उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी. वहीं हल्का कर्मचारियों को जीएम लैंड अतिक्रमित नहीं है, इसका सर्टिफिकेट समर्पित करने को कहा, सभी तरह के नोटिस का तामिला सही से कराने का निर्देश दिया. निरीक्षण क्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय चंदनकियारी परिसर में गंदगी, झाड़ियों को लेकर उपायुक्त ने नाराजगी जताई. प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसको लेकर स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया. उपस्थित ग्रामीणों ने बीडीओ/सीओ के प्रखंड मुख्यालय में नहीं रहने की बात कहीं. इस पर उपायुक्त ने बीडीओ/सीओ को प्रखंड परिसर स्थित आवासों में रहना सुनिश्चित करने एवं एक सप्ताह में परिसर की साफ-सफाई कराने, आवश्यकतानुसार भवनों का रंग - रोहन कराने आदि का निर्देश दिया. इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित बीडीओ/सीओ को जरूरी दिशा - निर्देश दिया. उन्होंने आमजनों की कई शिकायतों पर भी सुनवाई करते हुए समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा - निर्देश दिया.

गावां में अवैध क्रशरों की भरमार

- बेरोकटोक वर्षों से संचालित हो रहे हैं क्रशर
- राजस्व के साथ साथ पर्यावरण को भारी नुकसान

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)



गावां प्रखंड में अवैध क्रशरों की भरमार है. प्रतिदिन इन अवैध क्रशरों में 10 हजार घनफुट से अधिक बॉल्डर खपाया जा रहा है. अवैध क्रशरों में बॉल्डर की आपूर्ति के लिए गावां व तिसरी इलाकों के वन क्षेत्र समेत कई जगहों पर अवैध माइनिंग की जा रही है. गावां में जिसकदर दिन के उजाले में ही अवैध बोल्डरों को इन क्रशरों में बेरोकटोक पहुंचाया जाता है और जिम्मेवार अधिकारी सब कुछ जान कर भी आंखे बंद किये हुए है उससे यह कहा जा सकता है कि क्रशर एवं खनन के इस अवैध कारोबार को संबंधित अधिकारियों की मौन स्वीकृति प्राप्त है. तभी तो दिन के उजाले में भी गावां थाना और प्रखंड कार्यालय से सटे सड़कों पर अवैध बॉल्डर और गिट्टी का परिवहन होता है और कोई कार्रवाई नहीं होती है . गावां के केंदुआडीह, हड़हड़ा, गदर, गणपतबागी आदि कई जगहों पर वर्षों से अवैध क्रशर का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है. गावां के गनपतबगी में एक क्रशर को माइनिंग विभाग से लाइसेंस भी मिला है, तो वहां विभाग से आंकड़ो की हेराफेरी कर राजस्व की चोरी हो रही है. अवैध क्रशरों के संचालन से सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है. साथ ही अवैध खनन को भी बढ़ावा मिल रहा. पर्यावरण का संतुलन भी बिगड़ रहा है. पत्थरों का लगातार दोहन होने से आसपास के पहाड़ों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है. पत्थरों के उत्खनन से पेड़-पौधे भी नष्ट हो रहे हैं जिससे पर्यावरण पर भारी खतरा भी मंडरा रहा है . एसडीएम अनिमेष रंजन ने कहा कि गावां प्रखंड चल रहे सभी अवैध क्रेशरों पर टीम गठित कर कार्रवाई की जाएगी.

प्रतिदिन खप रहा अवैध खनन का 10 हजार सीएफटी से ज्यादा बोल्डर

ब्रीफ खबरें

एबीपी स्कूल के बच्चों ने उठाया पिकनिक का आनंद

झरिया। आनन्द भवन पब्लिक स्कूल में क्रिसमस दिवस के मौके पर गुरुवार को पिकनिक का आयोजन किन गया. इस मौके पर विद्यालय के नन्हें मुन्हें बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. ईसा मसीह के जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों ने भाषण भी प्रस्तुत किया. प्राचार्य अदिति दास ने बच्चों को क्रिसमस व नववर्ष की शुभकामनाएं दी. सचिव आरती अग्रवाल, शिक्षिका कुमारी प्रभा, कुमारी मनीषा वर्मा, अमिषा कुमारी, मधु कुमारी, पूनम अग्रवाल और कुसुम कुमारी आदि भी मौजूद थी.

एसके सिंह राकोमयु के बने केंद्रीय सचिव

पुटकी। जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) में पीबी एरिया क्षेत्रीय सचिव रहे एसके सिंह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन में शामिल हो गए. युनियन के महामंत्री एके झा ने सिंह को यूनियन का केंद्रीय सचिव मनोनीत किया. उनके मनोनीत होने पर यूनियन के पीबी एरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष नगीना राय,सचिव अमरेंद्र चौधरी,मनबोध सिंह,सुरेश ताँती,संतोष कुमार सिंह,क्यूम खान,रामनाथ सिंह, जितेंद्र शर्मा,बिनोद चौहान,चन्द्रदेव यादव, बिजय दूबे,रामप्रकाश यादव,कंठी सिंह आदि ने बधाई दी.

भाजपा ने मनाया वीर बाल दिवस

धनबाद। धनबाद महानगर भाजपा ने गुरुवार को वीर बाल दिवस का आयोजन किया. मौके पर प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा ने कहा कि सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों को सम्मान देने के लिए यह मनाया जाता है. भाजपा वीर गुरुपुत्रों की याद में 2022 से इस कार्यक्रम को मना रही है. इस अवसर पर सरदार गुरशरण सिंह ने भी अपने विचार रखे. बताया कि जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने मुगलों के अत्याचार के बावजूद अपना धर्म नहीं छोड़ा. कार्यक्रम की अध्येक्षता जिलाध्यक्ष श्रवण राय और संचालन जिला मंत्री सह प्रभारी नरेंद्र त्रिवेदी ने किया. मौके पर रमेश राही, राजकुमार अग्रवाल, धनेश्वर महतो, शेखर सिंह महेश पासवान, मानस प्रसून, अभिमन्यु सिंह साहित सभी मंडलों के अध्यक्ष सहित अन्य उपस्थित थे.

साधना अस्पताल में गर्भवती की मौत, परिजनों का हंगामा

संवाददाता। धनबाद

शहर के बिग बाजार के पीछे गोल बिल्डिंग समीप साधना अस्पताल में गुरुवार की सुबह गर्भवती की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया. मौके पर पहुंच पुलिस ने मामले को शांत कराया. घटना के संबंध में बता दें कि लटानी बरवाटांड निवासी साजिया खातून(24) को डिलीवरी के लिए परिजन ने बुधवार की शाम साधना अस्पताल में भर्ती कराया था. जहां बुधवार की देर शाम गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई. वही गुरुवार की अहले सुबह महिला की भी मौत हो गई. जबकि मृतक के परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है. परिजनों का कहना है कि डॉक्टर खुद उपचार नहीं कर कर्मचारियों से कराया है. इस कारण यह घटना घटी है. जबकि इलाज के नाम पर 50000 भी जमा किया था. गर्भ में 5 महीने का बच्चा था. चार दिन पहले चक्कर खाकर बाथरूम में गिर गई थी. दूसरे दिन अस्पताल लेकर आए बिना अल्ट्रासाउंड किए ही डॉक्टर साधना ने कहा कि धड़कन चल रहा है, बच्चा ठीक है. गर्भवती का पेट में दर्द में कम नहीं हो रहा था, बुधवार की शाम फिर अस्पताल लेकर लाए. डॉ साधना ने अल्ट्रासाउंड जांच करने पर कहा कि बच्चा नहीं रहा. बच्चा हटाना होगा, परिवार वाले ने कहा कि ठीक है कर दीजिए. लेकिन डॉक्टर साधना खुद नहीं करके वे अपने स्टाफ से कराई. इस कारण यह घटना घटी. इधर डा. साधना ने बताया कि अस्पताल की तरफ से कोई लापरवाही नहीं की गई है.

सड़क हादसों के खिलाफ चेकिंग अभियान

धनबाद। धनबाद जिले में बढ़ते सड़क हादसों पर रोकथाम को लेकर ट्रैफिक पुलिस विभाग जिले भर में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों का उलंघन करते पाए जाने वालों से जुर्माना भी वसूल रही है. इसी कड़ी में शहर के रांगाटांड में वाहन जाँच अभियान चलाकर बिना हेलमेट पहने बाईक चलानेवालों, रांग साइड में वाहनों का परिचालन करने तथा कागजातों में त्रुटि पाए जाने पर जुर्माना वसूला गया. ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का उलंघन करनेवालों पर हमारी पैनी नजर है. जो भी उलंघन करते पाए जायेंगे उनसे जुर्माना वसूला जायेगा. साथ ही कई मामलों में लाइसेंस रद्द करने तक की भी कार्यवाही की जा रही है. उन्होंने बताया रात्रि में लगातार ड्रिंक एंड ड्राइव का भी अभियान चलाया जा रहा है ताकि हादसों को रोका जा सके.

ग्रामीणों ने रोजगार के लिए किया मोनेट वाशरी का चक्का जाम

संवाददाता। झरिया

बीसीसीएल के पाथरडीह कोल वाशरी स्थित मिवान स्टील प्लांट (मोनेट) में रैयत स्थानीय बेरोजगार युवा संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने 16 स्थानीय बेरोजगार को कार्य पर रखने सहित 5 सूत्री मांग को लेकर अनिश्चिकालीन चक्का जाम कर दिया. जिससे ट्रांसपोर्टिंग व प्लांट ठप हो गया. द्वितीय पाली से प्लांट बंद हो गया. वही प्रबंधन ने नो वर्क नो पे का नोटिस चिपका दिया है. इस दौरान ग्रामीणों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया. समिति के अध्यक्ष स्वरूप राय ने कहा कि 30 सितंबर को झरिया की पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों की प्रबंधन के साथ वार्ता हुई थी. जिसमे पूर्णिमा सिंह के पहल पर प्रबंधन ने भाटडीह के 16 ग्रामीणों को कार्य पर रखने पर सहमति जताई थी. परन्तु प्रबंधन वादाखिलाफी करते हुए अबतक एक भी युवक को रोजगार नही दिया हैं. जबकि प्रबंधन भोजूडीह, बलियापुर, धनबाद, भूली आदि बाहरी लोगों से कार्य ले रहा है. प्रबंधन को झारखंड सरकार के अधिनियम के तहत 75 प्रतिशत स्थानीय लोगो को रोजगार में रखना है. जिसका उलंघन किया जा रहा है. कहा कि स्व प्रह्लाद महतो के आश्रित को तत्काल नियोजन दिया जाय, भाटडीह में चिकित्सा शिविर लगाने सहित अन्य मांगों पर पहल नही किया गया हैं. समिति ने प्रबंधन को पत्र के माध्यम से 25 दिसंबर तक उक्त मांगो पर सकारात्मक पहल करने की मांग की थी. परन्तु प्रबंधन ने कोई पहल नही किया. जिससे ग्रामीण उग्र है. मौके पर भाजपा जोड़ापोखर मंडल अध्यक्ष अजय दास, सचिव हीरेन्द्र नाथ दसौंधी, सोमनाथ हजारी, पूरन चन्द्र दसौंधी, कार्तिक पंडित, मनोज राम, हर्ष पंडित, शंकर कुम्हार, गोपी रवानी, निरंजन विश्वकर्मा, माणिक मल्लिक, बिपिन राय, मिश्री कुम्हार, शंकर दयाल, बानो मल्लिक, रंजन राय आदि थे.

चार साहिबजादों के शहीदी दिवस पर प्रभातफेरी

संवाददाता। धनबाद

शहीद हुए चार साहिबजादे की याद में धनबाद के जोड़ाफाटक रोड स्थित छोटा गुरुद्वारा से मटकुरिया गुरूद्वारे तक पांच प्यारे को सजाकर प्रभातफेरी निकाली गई. गुरु गोविंद सिंह की माता गुजर कौर एवं चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह,बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की अद्वितीय शहादत को याद किया गया. इस दौरान कीर्तन व रागी जत्थों द्वारा गुरुजन से श्रद्धालुओं को निहाल किया. वहीं साहिबजादों की शहीदी व जीवनी का विस्तारपूर्वक वर्णन करके संगतों को निहाल किया. इस प्रभातफेरी में विधायक राज सिन्हा, समाजसेवी दिलीप सिंह समेत जिले के कई प्रबुद्ध लोग शामिल हुए. इस अवसर पर विधायक ने कहा कि चार साहिबजादों की याद में यह प्रभातफेरी निकाली गई है. इसे बाल दिवस के रूप में भी मनाते हैं और उनकी शहादत को याद करते हैं. कहा ऐसे आयोजनों से उन बलिदानियों का जो इतिहास रहा उसका संदेश पूरे विश्व में जाता है. समाजसेवी दिलीप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि गुरु गोविंद सिंह की माता गुजर कौर एवं चार साहिबजादों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता. प्रभातफेरी मटकुरिया गुरुद्वारा पहुंचने के बाद वापस प्रभात फेरी बड़ा गुरुद्वारा पहुंची. जहाँ सभी लंगर में शामिल हुए.

बलिदानी गुरुपुत्रों को भाजपाइयों ने किया याद

कतरास। कतरास कार्यालय में भाजपाइयों ने वीर बाल दिवस पर सरदार उधम सिंह का शहादत दिवस मनाया गया. सर्वप्रथम जोरावर सिंह एवं उनके छोटे भाई फतेह सिंह की तस्वीर पर मालार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. सरदार इंदर सिंह, प्रिंस शर्मा, पार्षद विनायक गुप्ता ने विस्तार से वीर बलिदानी गुरुपुत्रों की जीवनी पर प्रकाश डाला. मौके पर मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, रघुनाथ हजारी, विनय पासवान, एससी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य संतोष दास, रामकुमार साहू, चुन्नू शर्मा, टुनटुन गुप्ता, रविंद्र विजन, सपन त्रिगुणाइक, डॉ मदन पासवान, सुरेंद्र प्रसाद, मुन्ना, सुखविंदर सिंह, छोटू साव, पिंटू रजक, बबलू मिश्रा, भागीरथ महतो, आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने किया था असहयोग आंदोलन : राजीव

- महात्मा गांधी के हत्यारे को आदर्श मानती हैं भाजपा : संतोष सिंह

संवाददाता। धनबाद

महात्मा गांधी के नेतृत्व में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सन 1920 में असहयोग आंदोलन चलाया था. गौ सेवा आयोग में चैयरपर्सन सह कांग्रेस पर्यवेक्षक राजीव रंजन प्रसाद ने उक्त बातें धनबाद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही. महात्मा गांधी का कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने 100 वर्ष पूरे होने पर सिटी सेंटर चौक स्थित गांधी की प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजीव रंजन ने कहा कि गोडसे विचार धारा के लोग गांधी की हत्या कर सकते हैं मगर उनके विचार धारा की हत्या नहीं कर सकते हैं. कांग्रेस कमजोर होगी तो देश कमजोर होगा. इसलिए देश को बचाने के गांधी के कांग्रेस को बचाना है. आगे कहा कि हम कांग्रेस के लोग आजादी के दीवाने हैं. हमारे नेता राहुल गांधी किसी से डरने वाले नही हैं. गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रघुपती राघव राजा राम की गीत संगीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. बता दें कि 26 दिसम्बर 1924 को राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे. जिसका गुरुवार को 100 वर्ष पूरा हो गया. सौ वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस शताब्दी समारोह पूरे देश भर में मना रही है. शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि गर्व है वह उस कांग्रेस के सिपाही हैं, जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष महात्मा गांधी थे. देश की आजादी में किंग मेकर की भूमिका निभाने वाले गांधी के हत्यारा को अपना आदर्श मानने वाले भाजपा और आरएसएस के लोग महात्मा गांधी के हत्यारे की पूजा करते हैं. जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा देश को विखंडित करना चाहती है इसलिए कांग्रेस मुक्त भारत बनाना चाहती है. उन्होंने कहा कि हम गांधी के सिपाही हैं. जब गांधी अंग्रेज मुक्त कर सकते हैं तो कांग्रेस संघ मुक्त भी करेगा. मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव मदन महतो, झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह प्रवक्ता शमशेर आलम, प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट मनोज यादव, रविरंजन सिंह, अमीर हाशमी, रामगोपाल भुवानिया, महीला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीताराणा, श्रीराम चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर यादव, योगेन्द्र सिंह योगी, कयूम खान, अछयवर प्रसाद, इरफान खान चौधरी, संजय जयसवाल, दुर्गा दास कुमार गौरव उर्फ सोनू, बब्लू दास, बंमभोली सिंह, पूर्णेदु सिंह, राजू दास, अख्तर खान सहित अन्य मौजूद थे.

गो सेवा आयोग अध्यक्ष ने भाजपा पर लगाए आरोप

धनबाद। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद गुरुवार को धनबाद परिसदन पहुंचे और यहां एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया . इस मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह और अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे . प्रेसवार्ता में राजीव रंजन प्रसाद ने संसद भवन में हुए घटनाक्रम को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा . उन्होंने कहा कि भाजपा प्रपंच रच रही है लेकिन इससे कुछ नहीं होने वाला है . भाजपा अब भारतीय जुगाड़ पार्टी बन गई है .उन्होंने राहुल गांधी पर भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों को नकारते हुए पार्टी की आलोचना की . इसके अलावा राजीव रंजन प्रसाद ने गो सेवा आयोग के मामले में भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए .

आसनसोल

नंदीग्राम में तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या

- दुकान के सामने मिला रक्तरंजित शव
- दोषियों को सख्त सजा देने की मांग

संवाददाता। पूर्व मेदिनीपुर

पूर्व मेदिनीपुर जिले में नंदीग्राम एक नंबर ब्लॉक के गोकुलनगर पंचायत क्षेत्र के वृन्दावन चौक इलाके में गुरुवार सुबह एक तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता का शव मिलने से हड़कंप मच गया. मृत तृणमूल कार्यकर्ता का नाम महादेव विषयी (52) था. स्थानीय एवं पुलिस सूत्रों के अनुसार महादेव तृणमूल बूथ कार्यकर्ता थे. वह पार्टी के लगभग सभी कार्यक्रमों में नजर आते थे. उनकी वृन्दावन चौक के बाजार इलाके में चाय और खाने की दुकान है. आरोप है कि बुधवार रात दुकान बंद कर वापस लौटते समय कुछ बदमाशों ने उन्हें उठा लिया. रात को वृन्दावन घर नहीं लौटे. गुरुवार सुबह दुकान के सामने उनका रक्तरंजित शव मिला. शव के दोनों पैर टूटे हुए थे और हाथों पर भी चोट के निशान मौजूद थे. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इस दौरान पुलिस को घेरकर इलाके के तृणमूल कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन भी किया. तृणमूल कांग्रेस की ओर से इस हत्या का आरोप भाजपा पर लगाया गया है. इस संदर्भ में नंदीग्राम एक नंबर ब्लॉक के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष बप्पादित्य गर्ग ने कहा कि महादेव पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता था. भाजपा ने बदले की राजनीति करते हुए उनकी हत्या कर दी. कुछ दिन पहले हमारी पार्टी का एक और सदस्य को मारा गया था. भाजपा लगातार इस तरह का काम कर रही है. मैं दोषियों को सख्त सजा देने की मांग करता हूं. उल्लेखनीय है कि गत आठ दिसंबर को तमलुक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक का चुनाव हुआ था. अकेले नंदीग्राम ब्लॉक नंबर एक और दो नंबर ब्लॉक में भाजपा ने 13 सीटें जीतीं. इसके बाद नंदीग्राम ब्लॉक नंबर-1 के जलपाई सात नंबर गांव बिष्णुपद मंडल की हत्या कर दी गई थी.

लोन चुकाने के लिए महिलाओं ने बैंक अधिकारियों से मांगी मोहलत

संवाददाता। पुरुलिया

पुरुलिया जिले के आद्रा रेलवे टाउन में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई निजी बैंकिंग कंपनियों ने समूह ऋण और व्यवसाय करने के लिए मुद्रा ऋण प्रदान किया है. लेकिन अब कई महिलाओं को लोन चुकाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. महिलाओं ने बैंक अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि वे लोन चुकाने की प्रक्रिया में बार-बार उनके घर जाते हैं, फोन करते हैं और लोन चुकाने का दबाव डालते हैं. महिलाओं ने बैंक अधिकारियों से कुछ समय की मोहलत मांगी है, ताकि वे अपने कर्ज को समय पर चुका सकें. उन्होंने कहा है कि वे हर बार की तरह इस बार भी कर्ज चुका देंगे, लेकिन दिक्कतों के कारण वे समय पर कर्ज नहीं चुका पा रही हैं. महिलाओं ने बैंक अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे उनकी समस्या को समझें और उन्हें कुछ समय की मोहलत दें.

महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए निःशुल्क सिलाई-कटाई प्रशिक्षण

संवाददाता। बराकर

सयोमा एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से 24 से 26 दिसंबर तक तीन दिवसीय निःशुल्क सिलाई कटाई का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 20 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया. बराकर बैगुनिया स्थित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बराकर एवं आसपास की महिला जो अपने आप को आत्म निर्भर बना सके. ऐसी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया. वही संस्था की ओर से सार्टिफिकेट भी प्रदान किया गया. इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के निदेशक प्रोफेसर श्यामानंद सिंह के द्वारा एव सहयोग से चलाया जा रहा हैं. जिससे समाज के लोगो को निःशुल्क और हर तरह का प्रशिक्षण देने की बात कही गई है. वही इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान शिक्षिका शोमा रूज का रहा. जिन्होंने अपनी लगन और अपनी सिलाई की शिक्षा को समाज के लोगो के बीच बांटा उन्हे प्रशिक्षित किया, साथ ही ट्रेनर सह ट्रेनर इंचार्ज के द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए. इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगो ने संस्था की भरपूर प्रशंसा की. जिनके अथक प्रयाह ओर सहयोग से क्षेत्र की गरीब महिलाओं को शिक्षा प्रदान कर उन्हें अपने बल पर समाज में समृद्ध बनाया.

जायसवाल समाज का वार्षिक स्थापना दिवस

संवाददाता। रानीगंज

जायसवाल समाज रानीगंज की ओर से वार्षिक स्थापना दिवस का आयोजन पंजाबी मोड के मिडवे पेलेस में आयोजित की गई. इस अवसर पर वनभोज, खेल कूद, गीत, संगीत ,नृत्य के साथ-साथ समाज के विशिष्ट जो अपने क्षेत्र में कामयाबी हासिल कर रहे हैं उन्हें सम्मानित किया गया गया. जिसमें प्रमुख रूप से पुत्रवधू डॉ राजेश कुमार गुप्ता के डॉ सिखा को सम्मानित किया गया. संस्था के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल ने कहा कि इस समाज के गठन करने में हमारे पूर्वजों को कई तरह समस्याओं को झेलना पड़ा था लेकिन आज वह समाज बट वृक्ष के समान हो चुका है. इस समाज में आज उद्योगपति, चिकित्सक, चार्टर अकाउंटेंट , इंजीनियर सभी है और अपने परिवार के साथ-साथ समाज के मुख्य धारा से जुड़कर कार्य करते हैं. संयोजक अनूप गुप्ता ने कहा कि मैं समझता हूं देश के विकास में अच्छे समाज का होना अति आवश्यक है समाज से ही देश बनती है.

काशीपुर ब्लॉक अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष बने आजाद

पुरुलिया । पुरुलिया जिले के पाबड़ा हरिडी जगननाथडी हाई स्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक आजाद अंसारी, ने तृणमूल कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल की ओर से काशीपुर ब्लॉक अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला. वहीं बेको क्षेत्र के कांटारांगनी निवासी समाजसेवी सिराज अंसारी उर्फ राजू अंसारी को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी गयी. बुधवार को बेको क्षेत्र तृणमूल कांग्रेस की ओर से उनका अभिनंदन किया गया. इस दिन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को उत्तरीय पहनाकर फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया. साथ ही सभी को मिठाइयाँ खिलाकर स्वागत किया गया. इस दिन अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि सबसे पहले हमारे अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को ऐसी जिम्मेदारी देने के लिए राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धन्यवाद. बाद में उन्होंने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उससे मैं दीदी का हाथ मजबूत करने की पूरी कोशिश करूंगा. मैं काशीपुर ब्लॉक के सभी लोगों के साथ संगठन को आगे बढ़ाऊंगा.

कुल्टी महोत्सव का 6वां संस्करण आयोजित

राज्य मंत्री मलय घटक ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

संवाददाता। बराकर

कुल्टी महोत्सव का 6वां संस्करण बराकर के कुल्टी थाना मोड मैदान में आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन राज्य मंत्री मलय घटक ने दीप प्रज्वलित करके किया. उन्होंने कहा कि चार दिवसीय महोत्सव के दौरान शामिल कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले लोगों को महोत्सव में शामिल किया जाएगा, ताकि उनकी प्रतिभा के बारे में अन्य क्षेत्र के लोगों को जानकारी मिल सके. कुल्टी महोत्सव कमिटी के सदस्य बाबु दत्ता ने कहा कि मलय घटक ने महोत्सव के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है. इस अवसर पर कई गणमान्य लोग मौजूद थे, जिनमें जिला परिषद सभापति विश्वनाथ बाउरी, नगर निगम के बोरो चेयरमैन अनिर्बन दास, पार्षद नदीम अख्तर, जाकिर हुसैन, एसीपी कुल्टी जावेद हसन और कुल्टी थाना प्रभारी कृष्णेन्दू दत्ता शामिल थे.

चर्च में लगा मेडिकल कैंप

रानीगंज। चर्च में प्रार्थना करने आए श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच की गई कॉर्पोरेट अस्पताल सुभ दर्शनी के चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई. श्रद्धालुओं के बीच केक वितरण किया गया. मुख्य रूप से उपस्थित रानीगंज ट्रैफिक पुलिस के इंस्पेक्टर चिततोश मंडल, आसनसोल नगर निगम के अधीन रानीगंज बोरो चैयरमेन मुजम्मिल शहजादा, पार्षद अखतरी खातून, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष संदीप भालोटिया, शुभदरशनी अस्पताल की तरफ से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मीना सिंह, डॉ आशीष मंडल, मेडिकल टेक्नीशियन संजुक्ता कुंडू, स्नेहा सिंह एवं पीआरओ दलजीत सिंह सहित सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

पांच बीईएमएल 100टी डंपरों के लिए हैंडओवर समारोह

संवाददाता। सांकतोड़िया

ईसीएल के भीतर परिचालन क्षमताओं की प्रगति को चिह्नित करने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम 25 दिसंबर, 2024 को सोनपुर बाजारी क्षेत्र में स्थित वक्शांप में आयोजित किया गया. इस अवसर पर पांच बीईएमएल 100टी डंपरों के लिए एक हैंडओवर समारोह आयोजित किया गया था. जिसमें ईसीएल के सीएमडी सतीश झा और निदेशक (तकनीकी) नीलाद्रि रॉय ने भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय महाप्रबंधक आनंद मोहन द्वारा हार्दिक स्वागत के साथ हुई, जिन्होंने विभागाध्यक्षों, जेसीसी के सदस्यों और अन्य कर्मचारियों सहित प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों की उपस्थिति को स्वीकार किया. नए डंपरों के औपचारिक उद्घाटन के बाद, सीएमडी ने उन कर्मचारियों को सम्मानित करने का अवसर लिया, जिन्होंने अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए कंपनी में उल्लेखनीय योगदान दिया है. गणमान्यों ने भटमुरा पुनर्वास स्थल का दौरा किया, जहां उन्होंने परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के साथ बातचीत की. इस दौरे में विभागीय और कन्ट्रैक्चूअल पैच भी शामिल थे, जहां क्षेत्र के महाप्रबंधक ने प्रत्येक परिचालन पैच का व्यापक अवलोकन प्रदान किया, जिसमें वर्तमान गतिविधियों और भविष्य की विकासात्मक पहलों का विवरण दिया गया, जो उत्पादकता बढ़ाने के लिए परिकल्पित हैं. कार्यक्रम का समापन क्षेत्र के नियंत्रण कक्ष के दौरे के साथ हुआ, जहां गणमान्य व्यक्तियों ने आरएफआईडी और वीटीएमएस जैसी उन्नत तकनीकी प्रणालियों के अनुप्रयोग का अवलोकन किया.



नींद की कमी से होता है थायराइड

ज्यादा कसरत से होते हैं पीरियड्स अनियमित

महिलाएं वजन कंट्रोल करने के लिए हद से ज्यादा व्यायाम करने लगती हैं लेकिन ज्यादा कसरत करने से पीरियड्स अनियमित हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप नियमित मात्रा में एक्सरसाइज करें। साथ ही कसरत के बाद शरीर में हुई पानी की कमी को दूर करने के लिए दूध का सेवन करें।

अगर आप ये सोचती हैं कि आप अपने बारे में सब कुछ जानती हैं तो ऐसा नहीं है। शरीर और सेहत से जुड़ी ऐसी बहुत-सी बातें हैं, जो ज्यादातर महिलाओं को पता ही नहीं होती और आज हम आपको उसी के बारे में बताएंगे। तो चलिए आपको बताते हैं वो बातें, जिसे जानना हर महिला के लिए जरूरी है।

व्हाइट डिस्चार्ज की समस्या

पीरियड्स के बाद होने वाले डिस्चार्ज को लेकर परेशान न हों। इसके अलावा नार्मली होने वाला डिस्चार्ज भी अगर सफेद और साफ है तो आपको टेंशन लेने की कोई जरूरत नहीं है। मगर डिस्चार्ज का रंग हल्का पीला होने या उसमें से बदबू आने पर आपको तुरंत चेकअप करवाना चाहिए।

कम नींद से थायरॉइड

यह तो सभी जानते हैं कि भरपूर नींद अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। मगर क्या आपको पता हैं कि 70% महिलाओं को थायराइड की समस्या नींद की कमी से होती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप अपनी पूरी नींद लें।

नाखूनों का बढ़ना

महिलाओं के नाखूनों की तुलना में पुरूषों के नाखून तेज गति से बढ़ते हैं। ऐसा हार्मोंस के कारण होता है। साथ ही नाखून के बढ़ने की गति गर्मियों में अधिक तेज होती है क्योंकि उस दौरान शरीर को ज्यादा मात्रा में विटामिन डी मिलता है।

धूप के कारण होती है झुर्रियां

महिलाएं अक्सर कम उम्र में झुर्रियां पड़ने को लेकर परेशान रहती है। मगर आप यह नहीं जानती कि 80% महिलाओं में झुर्रियां अत्यधिक धूप के कारण होती हैं। इसे दूर करने के लिए महिलाएं बोटॉक्स सर्जरी का सहारा लेती हैं लेकिन आप विटामिन सी का सेवन कर झुर्रियों को दूर कर सकती हैं।

पीरियड्स का ज्यादा ब्लीडिंग है डिसमेनोरिया का संकेत

पीरियड्स के दौरान प्राइवेट पार्ट में दर्द हल्का दर्द होना सामान्य है। कई बार वेजाइना का यह दर्द बर्दाशत करना मुश्किल हो जाता है। अगर हर बार इस तरह की तकलीफ हो रही है तो वह डिसमेनोरिया का संकेत हो सकता है। यह वुमेन हेल्थ कंडीशन है जो 7 में से 1 महिला को हो सकती है। महिलाओं को पुरुषों से ज्यादा होती है नींद की जरूरत महिलाएं मल्टीटास्किंग होती हैं, जिसकी वजह से वो घर व ऑफिस में मेंटल एनर्जी का पुरुषों से ज्यादा इस्तेमाल करती हैं। अगर वो भरपूर नींद न लें तो खपत हुई ऊर्जा को दोबारा बनाए रखने में बहुत परेशानी होती है। धीरे-धीरे इसका असर उनकी सेहत पर भी पड़ता है इसलिए उन्हें पुरुषों से ज्यादा नींद की जरूरत होती है।

पाचन क्रिया में गड़बड़ी का संकेत है ब्लोटिंग

वैसे तो ब्लोटिंग को आम समस्या समझा जाता है लेकिन नजरअंदाज करने पर यह बीमारी गंभीर भी बन सकती है। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, हार्मोनल असंतुलन ,बासी भोजन का सेवन,पेट में पानी या फ्लूइड का भर जाना, कब्ज, ज्यादा देर तक भूखे या फिर कई घंटे एक ही जगह पर बैठे रहना,पीरीयड्स आने पर होने वाले शारीरिक बदलाव भी पेट के फूलने का कारण बनते हैं। इसके अलावा दवाइयों का अधिक सेवन या और भी बहुत से कारण हैं जो ब्लोटिंग की वजह हैं। इससे सेहत पर भी बहुत बुरा असर पड़ता है, इससे छुटकारा पाने के लिए सही लक्षणों को पहचानना बहुत जरूरी है।

लक्षण

- घबराहट
- भूख न लगना
- बेचैनी
- पेट में दर्द
- कब्ज या दस्त
- वजन घटना
- थकान
- तेज सिरदर्द या कमजोरी

इस तरह पाएं ब्लोटिंग से छुटकारा

इस परेशानी में पेट फूला हुआ और सख्त महसूस होता है। कुछ घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करने से इस समस्या से राहत पाई जा सकती है।

अजवायन - खाना खाने के बाद भारीपन के साथ-साथ बेचैनी या घबराहट होने लगती है तो थोड़ी सी अजवायन के साथ सेंधा नमक चबाचबा कर खाएं। इसके बाद गुनगुना पानी पी लें। इससे पेट में बनने वाली गैस से राहत मिलेगी और पाचन क्रिया भी दुरूस्त हो जाएगी।

तुलसी - तुलसी सेहत के लिए बहुत लाभकारी है और यह आसानी से मिल भी जाती है। पेट से जुड़ी किसी भी समस्या से राहत पाने के लिए इसका सेवन करना बैस्ट है। कुछ दिन सुबह खाली पेट 3-4 तुलसी की ताजी पत्तियों का सेवन करें। इससे पेट फूलने की समस्या दूर हो जाएगी।

गुनगुना पानी - गुनगुने पानी का सेवन पेट की सूजन,अपच के साथ-साथ और भी बहुत सी समस्याओं से राहत दिलाने में कारगर है। खाना खाने के बाद ठंड़ा पानी पीने की जगह गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। सुबह उठकर एक गिलास गुनगुना पानी पीने से कब्ज नहीं होती और पेट भी तंदुरूस्त रहता है।

पुदीना - पुदीने का सेवन करने से पेट में जमा होने वाली गैस आसानी से निकल जाती है, जिससे ब्लोटिंग की परेशानी नहीं होती। दिन में एक बार पुदीने की चाय पीने से भी फायदा मिलता है। इसके अलावा खाने में पुदीने की चटनी भी शामिल कर सकते हैं। इससे बदहजमी नहीं होती। आप सुखे पुदीने का सेवन मिश्री के साथ भी खा सकते हैं।

कद्दू - पेट से जुड़ी हर समस्या के लिए कद्दू बैस्ट है। इसमें विटामिन ई,पोटाशियम और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जिससे खाना आसानी से पचने लगता है। दिन में एक बार कद्दू का सेवन जरूर करें।

केला - कैल्शियम, पोटाशियम और फाइबर के लिए केला बहुत बढ़िया है। यह कब्ज,गैस और पेट के फूलने से जुड़ी समस्या के लिए बहुत लाभकारी है। रोजाना एक केले का सेवन काले नमक के साथ करने से पेट से जुड़ी परेशानियां दूर रहती हैं।

सौंफ - सौंफ में एंटी माइक्रोबियल गुण होते हैं, खाना खाने का बाद इसे चबाचबा कर खाएं। इससे पेट की गैस आसानी से निकल जाती है। इसके अलावा एक कप गर्म पानी में 1चम्मच सौंफ के बीज भी डाल कर 5 से 10 मिनट ढक्कर रख दें। इसके बाद इस मिश्रण को छानकर इसका सेवन करें। इसका सेवन दिन में 2 से 3 बार करें।

ब्लोटिंग यानि पेट फूलना, जिससे पेट का आकार बढने लगता है। इसे पेट की सूजन भी कहते हैं। सामान्य तौर पर ऐसा खाना खाने के बाद महसूस होता है। यह समस्या तब आती है जब छोटी आंत के अंदर गैस भर जाती है। इसका सीधा संकेत पाचन क्रिया में गड़बड़ी भी है।



ब्रेन स्ट्रेस को कम करने के कुछ आसान उपाय

बिजी शेड्यूल और भागदौड़ भरी लाइफ के कारण आजकल ज्यादातर लोग किसी न किसी काम को लेकर परेशान रहते हैं। ज्यादा सोचने, स्ट्रेस और टेंशन लेने के कारण इंसान के दिमाग पर बुरा असर होता है, जिससे दिमागी तनाव, डिप्रेशन या माइग्रेन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे व्यक्ति चिडचिड़ा और उदास रहने लगता है। कई बार तो वह किसी से बात तक करना पसंद नहीं करता। व्यवहार में आए इस तरह के परिवर्तन से व्यक्ति के दिमाग के साथ-साथ सामाजिक जीवन पर भी बुरा असर होता है। अपने आस-पास के माहौल को सही रखकर दिमगी तनाव को कम किया जा सकता है। आज हम आपको ब्रेन स्ट्रेस को कम करने के लिए ऐसे ही कुछ आसान उपाय बताएंगे, जिन्हें अपना कर आप दिमागी तनाव को कम कर सकते है।

डायरी लिखना

दिमागी तनाव को कम करने का सबसे बढ़िया तरीका है अपनी बात को लिखना। रात को सोने से पहले या किसी भी समय एक पन्ने या डायरी में अपनी परेशानियों को लिखना शुरू करें। उन बातों को लिखने के बाद धीरे- धीरे भूलने की कोशिश करें। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में आपकी चिंता खत्म होने के साथ ही दिमागी परेशानी भी कम होगी।

ज्यादा न सोचे

जरूरत से ज्यादा सोचने से शरीर को कई सारी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। लगातार सोचते रहने से दिमाग काम करना बंद कर देता है। इससे कई बार दिमागी और मानसिक परेशानी होने लगती हैं। जब भी आपको किसी बात की चिंता हो तो उसको अपने किसी दोस्त या परिवार वालों के साथ शेयर करे और जितना हो सके कम सोचें।

जॉगिंग

जॉगिंग करने से टेंशन और डिप्रेशन कम होता है। रोजान सुबह जॉगिंग करने से दिमाग को ताजी हवा मिलती है। ब्लड सर्कुलेशन ठीक ढ़ग से होने के कारण दिमाग की कोशिकाएं सही तरह से काम करती हैं। इससे ब्रेन स्ट्रेस कम होता है।

सिगरेट के धुएं से भी ज्यादा खतरनाक है अगरबत्ती का धुआं

हाल ही एक शोध में बताया गया है कि धूपबत्ती या अगरबत्ती का धुआं सिगरेट के धुएं से भी ज्यादा खतरनाक है। इसमें पाए जाने वाले पॉलीएरोमैटिक हाइड्रोकार्बन अस्थमा, कैंसर, सरदर्द और खांसी जैसी बीमारियों का कारण बन सकते है। इससे सांस की समस्याओं के साथ कई और समस्याएं हो सकती है। आइए जानते है अगरबत्ती का धुआं किन बीमारियों का कारण बन सकता है।

अस्थमा की समस्या

इसमें मौजूद नाइट्रोजन और सल्फर डाईऑक्साइड गैस सेहत के लिए हानिकारक होती है। अगरबत्ती के धुएं से निकलने वाली कार्बनमोनो ऑक्साइड शरीर में जाकर फेफड़ों को नुकसान पहुंचाती है। इसके वजह से फेफड़ों के रोग के साथ जुकाम और कफ की समस्या भी हो जाती है।

हार्ट अटैक का खतरा

इसके धुएं में लगातार सांस लेने से दिल की कोशिकाएं सिकुड़ने लगती है। लगातार ऐसा होने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

आंखो के लिए हानिकारक

धुएं में मौजूद हानिकारक केमिलक आंखों में खुजली, जलन और स्किन एलर्जी का कारण बन सकते है। इसके धुएं के कारण आंखों की रोशनी खराब होने का डर भी रहता है।

श्वसन कैंसर का खतरा

ज्यादा समय तक इसका धुआं शरीर में जाने से श्वसन कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। धूम्रपान के साथ-साथ अगरबत्ती का धुआं भी इस कैंसर के खतरे को बढ़ाता है।



अंडा एक ऐसा सुपरफूड है, जिसमें प्रोटीन, कैल्शियम, ओमेगा-3 फैटी एसिड विटामिन ए और बी की भरपूर मात्रा होती है। इसका रोजाना सेवन शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद करता है। वहीं हाल ही में हुए एक शोध के अनुसार रोजाना 1 अंडा खाने से डायबिटीज का खतरा कम होता है।

टाइप-2 डायबिटीज का खतरा कम करता है अंडा

इस स्टडी की रिपोर्ट के सामने आने के बाद कई दूसरे वैज्ञानिक इसका विरोध कर रहे हैं क्योंकि डायबिटीज में अंडा खाने को लेकर शोधकर्ताओं की राय अलग-अलग है। जहां कुछ वैज्ञानिक इसका सेवन सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं वहीं अन्य शोधकर्ताओं के हिसाब से डायबिटीज के मरीजों को अंडे का सेवन नहीं करना चाहिए।

हफ्ते में कितने अंडे खाना है सुरक्षित?

इस नई स्टडी के अनुसार, हफ्ते में 3 अंडे खाना बिल्कुल सुरक्षित है। अगर आपको डायबिटीज है तो अंडे को उबालकर ही खाएं।

फायदेमंद है अंडे का सेवन

जो पुरुष रोजाना अंडे का सेवन करते हैं उनके खून में लिपिड की मात्रा थोड़ी ही पाई जाती है, जिससे इस बीमारी का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। अंडा सेहत को कई तरीके से फायदा पहुंचाता है। फिलहाल अंडा खाने या ना खाना अभी तक शोधकर्ताओं के लिए पहेली ही बना हुआ है। हालांकि इस नई स्टडी के नतीजों में दावा किया है कि रोजाना एक अंडा खाने से डायबिटीज का खतरा कुछ हद तक कम हो जाता है।

कैसे और कब खाना चाहिए अंडा

रोजाना 2 उबले हुए अंडे खाने से शरीर कई बीमारियों से बचाया जा सकता है। अंडा को ब्रेकफास्ट के रूप में खाने से शरीर को सबसे ज्यादा फायदा मिलता है। जिम जाने वाले लोगों को कच्चा अंडा दूध में मिलाकर खाना चाहिए। इसके अलावा कच्चे अंडे की जर्दी (एग योक) का सेवन भी आपको कई गंभीर बीमारियों से बचाता है।

व्हाइट या ब्राउन कौन है बेस्ट?

व्हाइट और ब्राउन दोनों ही अंडों पर काफी बार शोध किया जा चुका है, जिसमें इन दोनों में कोई खास अंतर पता नहीं चला। दोनों के फायदे, क्वॉलिटी, आकार सभी कुछ एक जैसा है। यहां तक दोनों में पोषण भी एक जैसा ही होता है लेकिन ब्राउन अंडे में व्हाइट अंडे से थोड़ा ज्यादा ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है।

अंडा खाने के अन्य फायदे

मजबूत इम्यून सिस्टम

रोजाना ब्रेकफास्ट में एक अंडा खाने से इम्यून सिस्टम मजबूत है। इससे आप सर्दी-जुकाम जैसे वायरल इंफेक्शन से बचे रहते हैं।

वजन कंट्रोल

अगर आप वजन कंट्रोल करना चाहते हैं तो रोजाना इसका सेवन जरूर करें। इससे दिनभर पेट भरा रहता है, जिससे आप ओवरइटिंग से बच जाते हैं और आपका वजन कंट्रोल में रहता है।

आंखों व दिमाग के लिए फायदेमंद

इसमें कॉलिन और कैरोटिनायड्स नाम का पोषक तत्व होता है, जो आंख व दिमाग के लिए बेहद फायदेमंद है।

स्वस्थ दिल

इसका सेवन करने से बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है, जिससे दिल स्वस्थ रहता है और आप हार्ट अट्रैक जैसी समस्याओं से बचे रहते हैं।

मंथन

अब कांग्रेस के पोस्टर में कश्मीर के मैप पर बवाल

कांग्रेस के बेलगावी अधिवेशन में एक पोस्टर को लेकर तूल पकड़ा है, जिसमें भारत का नक्शा अधूरा दिखाया गया है. इस पोस्टर में पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए कश्मीर और अक्साई चिन के क्षेत्रों को शामिल नहीं किया गया. बीजेपी ने इस पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की है और आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने जानबूझ कर यह नक्शा प्रदर्शित किया है, ताकि वह मुस्लिम तुष्टीकरण की अपनी राजनीति को बढ़ावा दे सके. अमित मालवीय ने इसे कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम बताया और आरोप लगाया कि यह पार्टी भारतीय मुसलमानों को पाकिस्तान के प्रति अधिक वफादार मानती है. बीजेपी ने कांग्रेस पर दूसरी मुस्लिम लीग बनने का आरोप भी लगाया है. कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधी हुई है, लेकिन बीजेपी ने इसे गंभीर राष्ट्र विरोधी कदम करार दिया. कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने भी कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि ये दो अलग-अलग कांग्रेस हैं- एक राष्ट्रविरोधी और दूसरी राष्ट्रवादी. कांग्रेस का यह कदम कई सवाल खड़े करता है. क्या यह सिर्फ एक गलती थी या फिर जानबूझकर किया गया एक राजनीतिक संदेश? बेलगावी में महात्मा गांधी की अध्यक्षता में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यह नक्शा दिखाना गंभीर विचारणीय मुद्दा बन गया है.यह विवाद भारतीय राजनीति में न केवल कश्मीर के मसले पर बल्कि देश की अखंडता पर भी गहरे सवाल उठाता है. विपक्षी दलों के लिए यह मुद्दा तुष्टीकरण और राष्ट्रीय हितों के बीच संतुलन बनाने के सवाल के रूप में उभर सकता है.

नजरिया

एक बार फिर निकल आया झारखंड मोमेंटम का जिन्न

झारखंड मोमेंटम, जो कभी राज्य की विकास यात्रा का प्रतीक था, अब फिर से चर्चा में है. यह अभियान झारखंड के पिछले कुछ वर्षों के विकास प्रयासों को संजोने और उन्हें नई दिशा देने का एक महत्वाकांक्षी प्रयास था. लेकिन जैसे ही राज्य की राजनीति में हलचलें तेज हुईं, यह अभियान एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है. झारखंड की राजनीति में विकास और तुष्टीकरण की बहस हमेशा से महत्वपूर्ण रही है. झारखंड मोमेंटम को एक तरफ जहां विकास और निवेश के अवसरों को बढ़ाने के रूप में देखा जाता है, वहीं दूसरी ओर आलोचक इसे एक चुनावी हथियार के रूप में भी देखते हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य ने कई प्रयास किए हैं, लेकिन इसे व्यापक सफलता मिली या नहीं, यह अब भी सवालों के घेरे में है.राज्य की वर्तमान स्थिति को लेकर आलोचना और समर्थन दोनों के स्वर हैं. कुछ का कहना है कि झारखंड मोमेंटम ने राज्य को एक नई पहचान दी, वहीं कुछ इसे असफलता के रूप में देखते हैं. यह सवाल उठता है कि क्या यह अभियान राज्य के वास्तविक मुद्दों को हल कर सका, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार, या फिर यह सिर्फ एक राजनीतिक नाटक बना रह गया. अब यह समय है जब झारखंड मोमेंटम को एक नये दृष्टिकोण से देखे जाने की जरूरत है, ताकि राज्य के विकास की दिशा और गति सही मायनों में तय हो सके.

ब्रह्मांड हमसे बात करता है, क्या हम सुनेंगे?

डॉ. मयंक मुरारी

ब्रह्मांड हमारी जरूरतों को पहले ही जान लेता है. आप को बस संकेतों पर ध्यान देना है और भरोसा रखना है कि हमको हर कदम पर मार्गदर्शन और सहायता मिल रही है. यह सब काम हमारी चेतना के माध्यम से होता है.

ब्रह्मांड हमसे संवाद कर रहा है. क्या हम उस बात में शामिल है? यह अस्तित्व हर पड़ाव पर हमारा ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है. यह हमारा मार्गदर्शन करने, हमसे जुड़ने और हमें जगाने की कोशिश कर रहा है. ब्रह्मांड से हमारे लिए बहुत सारे संकेत आते हैं, लेकिन क्या हम देख रहे हैं? क्या हम सुन रहे हैं? और क्या हम जानते भी हैं कि हमें क्या देखना है? हमारी आत्मा और ब्रह्मांड दोनों ही हमारे अंतरज्ञान के माध्यम से हमसे संवाद कर सकते हैं. आत्मा का मार्गदर्शन हृदय ऊर्जा केंद्र में गहराई से उत्पन्न होता है. जब हम ध्यान के दौरान शांति की स्थिति में प्रवेश करते हैं, तब हम अपनी आत्मा के मार्गदर्शन को सबसे स्पष्ट रूप से सुन सकता हूं. जब ब्रह्माण्ड से संकेत होता है, तो ऐसा लगता है जैसे प्रेम और समर्थन बाहर से आ रहा है और यह कभी भी हो सकता है, जरूरी नहीं कि केवल तभी हो जब हम शांति की अवस्था में हूं. कभी-कभी ब्रह्मांड हमें नई जानकारी देगा, कुछ ऐसा जो हमने खुद कभी नहीं सोचा होगा. कभी-कभी ब्रह्मांड हमें संकेतों के माध्यम से समर्थन देता है, यह आश्वस्त करता है कि हम सही रास्ते पर हैं और हम पर नजर रखी जा रही है. जब आप इस बात पर ध्यान देते हैं कि ब्रह्मांड हमसे किस प्रकार संवाद कर रहा है, तो जीवन बहुत कम उलझन भरा हो जाता है, और हम अधिक संरक्षित और जुड़ा हुआ महसूस करने लगते हैं. लौरा लिन जैक्सन की किताब "साइन दी सेक्रेट लैंग्वेज ऑफ दी यूनिवर्स" में कहती है कि जैसे-जैसे हम दूसरी तरफ के संकेतों को मांगना और पहचानना सीखते हैं, हम उन जगहों पर अर्थ ढूंढ़ना शुरू कर देंगे, जहां पहले केवल भ्रम था, और अंधेरा में प्रकाश देखेंगे. जब अस्तित्व के संकेतों को पहचानना शुरू करते है तो प्यार की ओर बढ़ने, खुशी के साथ रहने और जीवन को बिल्कुल नए तरीके से जीने का फैसला कर सकते हैं. हमारी समस्या दूसरी है. आंखें खुली है, फिर भी हम देखते नहीं है. हमारे चारों ओर विशाल जीवन है एक अनंत और अनवरत फिल्म का शो चल रहा है. यह ब्रह्मांड इस लीला का आनंद ले रहा है और हम शिकायतों, तनावों एवं उलझनों में घिरे हैं. जब हम अपने विचारों में गहरे डूबे होते हैं, तो एक विचार दूसरे विचार की ओर ले जाता है. लेकिन जब हमारे दिमाग में अचानक कोई विचार आता है और ऐसा लगता है कि वह कहीं से आया है, तो हो सकता है कि ब्रह्मांड आपसे बात कर रहा हो. कभी-कभी

हमारी आत्मा और ब्रह्मांड दोनों ही हमसे संवाद कर सकते हैं

विचार किसी गीत, किसी पुस्तक के शीर्षक या किसी नाम के बारे में हो सकता है, और आपको गीत गाने, या पुस्तक के शीर्षक के बारे में जानने, या किसी व्यक्ति से संपर्क करने के लिए प्रेरित महसूस होगा. हम अचानक किसी नए विचार से प्रेरित महसूस कर सकते हैं. हमारे भीतर एक मजबूत प्रेरणा होती है कि हमें इस विचार पर कार्य करने की आवश्यकता है, और केवल विचार पर कार्य करके ही हमारा दिल शांति महसूस कर सकता है. कई बार हमारी आंखें हमारा मार्गदर्शन करती है और हमारा ध्यान किसी खास चीज की ओर खींच रही होती हैं. हमारी आंखें आपको जिस चीज की ओर आकर्षित कर रही हैं, वह ब्रह्मांड की ओर से आपको ध्यान देने के लिए कहने का संकेत हो सकता है. ईश्वर सदैव ही इस जगत पर एक रहस्यमयी खिड़की खोलते हैं, जिसके माध्यम से वह मानव से संपर्क साधते है. परमहंस योगानंद की किताब "व्हिसपर्स फ्रॉम दी इटरनिटी" में बताया गया है कि दिल की हर धड़कन में उसका ही गीत है, जो ब्रह्मांडीय हृदय से जुड़ा होता है. उससे जो भी संकेत मिलता है, मैं उसे चमत्कार मानता हूं क्योंकि यह स्रोत से सीधा संबंध है. जब हम कोई संकेत देखते हैं, तो स्रोत वहीं होता है जो हमसे संवाद करता है, मेरा मार्गदर्शन करता है. जब हमको ऐसा लगता है कि "यह सही है" या "कुछ गलत है" या "मेरा हर हिस्सा ऐसा करना चाहता है", तो यह ब्रह्मांड की ओर से एक स्पष्ट संकेत है. इसके अलावा, जब आप कोई संदेश सुनते हैं या किसी पुस्तक में कुछ पढ़ते हैं जो आपके साथ गहराई से जुड़ता है और आपको पता नहीं क्यों, लेकिन यह सही और सत्य लगता है, तो यह आपकी आंतरिक सच्चाई का जागृत होना है. ब्रह्मांड हमारी जरूरतों को हमसे पहले ही जान लेता है. आपको बस संकेतों पर ध्यान देना है और भरोसा रखना है कि हमको हर कदम पर मार्गदर्शन और सहायता मिल रही है. वास्तव में, यह हमारी अपनी आत्मा है जो हमको उस जगह तक ले जाता है जहां हमको होना चाहिए. टैमी मैस्ट्रार्बर्टे की किताब "दी यूनिवर्स इज टॉकिंग टू यू" में ब्रह्मांडीय संकेतों को कैसे समझा जाए, हमारे विश्वास को कैसे पुष्ट किया जाए. इस पर विस्तार से चर्चा करती है. वह ब्रह्मांड और आत्मा के दायरे के साथ प्रतिध्वनित होनेवाले उच्च कंपन तक पहुंचने के लिए एक शक्तिशाली पांच चरणीय प्रक्रिया साझा करती है. इसमें एक मजबूत आंतरिक आवाज या अंतर्ज्ञान को महसूस करना होता है. इसमें इसमें बिना किसी कारण के हम कुछ जान लेते है. जब हम जीवन में सार्थक संयोग या दोहराव का पैटर्न देखते है, तो यह दैवीय संकेत होता है. सक्रिय अवलोकन तीसरा चरण है. इसमें हम अपने आसपास के वातावरण के प्रति अधिक सजग होकर संभावित छिपे संदेश की तलाश करते हैं. चौथा तरीका अपनी अंतःप्रज्ञा पर भरोसा करना सीखते हैं. और अंतिम तरीका है कि जब हम जानबूझ कर अपने सामने आनेवाले संकेतों और संयोगों की व्याख्या करने का प्रयास करते हैं. इसके लिए ध्यान और माइंडफुलनेस अभ्यास के माध्यम से सूक्ष्म संकेतों के प्रति अपनी जागरूकता बढ़ाते हैं. जीवन में दुख से उबरने का एकमात्र तरीका है कि हम अपनी चेतना को उच्च स्तर पर उठाएं. हम इसलिए कष्ट उठाते हैं क्योंकि चीजें हमारी सोच से अलग होती हैं. योगानंदजी कहते हैं कि सभी मानवीय बीमारियों का मूल इलाज हर जगह एक ही है- अपनी चेतना को बढ़ाना. जब चेतना को सही दृष्टिकोण से बढ़ाने की कला हम सीख जाते हैं, तब इस जगत के हरेक कार्य में ईश्वरीय छवि की अनुभूति होती है.

(लेखक समसामयिक विषयों के विचारक हैं)

आज का इतिहास

1797: प्रसिद्ध उर्दू कवि मिर्जा गालिब का उत्तर प्रदेश के आगरा में जन्म.
1861: कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहली बार चाय की सार्वजनिक बोली संपन्न.
1911: राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में पहली बार 'जन गण मन' गाया गया.
1934: पर्सिया के शाह ने 'पर्सिया' का नाम बदल कर 'ईरान' करने की घोषणा की.
1939: तुर्की में भूकंप से लगभग 40,000 लोगों की मौत हुई.
1945: 29 सदस्य देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना की गयी.
1960: फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया.
1972: उ. कोरिया में नया संविधान लागू हुआ.
1975: धनबाद के चासनाला कोयला खदान दुर्घटना में 372 लोगों की मौत हुई.
1979: सोवियत का अफगानिस्तान पर हमला.
1985: विएना व रोम हवाई अड्डों पर हमले में 16 मारे गये और सौ घायल हुए.

चिंतन

अपने मन के हारे, हार है, मन के जीते, जीत

एक बार एक आदमी कहीं जा रहा था. रास्ते में उसे एक हाथी दिखा, जो बहुत विशालकाय था, लेकिन वह कमजोर रस्सी से बंधा था. उसे यह देख कर बड़ा आश्चर्य हुआ कि कैसे इतना बड़ा हाथी एक कमजोर रस्सी के सहारे बंधा रह सकता है. ऐसा क्या कारण है जिससे हाथी इस कमजोर रस्सी से बंधन मुक्त नही हो पा रहा. कारण को जानने के लिए वह महावत के पास गया और उत्सुकता पूर्वक उसने अपनी जिज्ञासा रखी. उस आदमी की बात सुन कर महावत ने उत्तर दिया, जब यह हाथी बहुत छोटा था, तब मैं इसे इसी रस्सी से बांधा करता था, उस समय यह रस्सी इतनी मजबूत थी, कि इसको तोड़ पाना इसके लिए बहुत ही मुश्किल था, उस समय इसने उस रस्सी को तोड़ने का भरसक प्रयास किया, कई बार चोटिल भी हुआ, पैरो से खून भी निकला, लेकिन इसके लिए रस्सी तोड़ पाना मुमकिन नही हुआ. काफी प्रयास के बाद असफल होकर इसने हार मान ली और असंभव मान रस्सी पर जोर लगाना भी छोड़ दिया. धीरे धीरे जब यह बड़ा हुआ. इसे अभी भी लगता है, कि यह रस्सी इससे नही टूटेगी. अतः यह इसे तोड़ने में असमर्थ है. इसने रस्सी को तोड़ने का प्रयास नहीं किया. आज यह एक बलवान, विशालकाय हाथी है. लेकिन इसने रस्सी से हार मान ली. हालांकि यह किसी भी समय रस्सी को तोड़ कर अपने आपको बंधन से मुक्त कर सकता है. लेकिन बचपन की हार को जीवन की हार मान कर यह अब कोशिश ही नही करता. फलस्वरूप यह केवल एक कमज़ोर रस्सी से ही बंधा रहता है. यह बात जानकर वह व्यक्ति बहुत ही आश्चर्यचकित हुआ.

कहानी से शिक्षा: दोस्तों इस हाथी के समान ही, हम में से जाने कितने लोग ऐसे है, जो यह मान लेते हैं, कि वो जीवन में कभी सफल नही हो सकते नहीं. क्योंकि पहले उन्होंने कोशिश की थी. लेकिन असफल रहे. दोस्तों हो सकता है, कि सफलता का प्रयास पूरे मन से नही किया गया हो. हो सकता है,उस हाथी के समान हम पूरी ताक़त से कोशिश न कर पाए हों. लेकिन इस समय आप किसी काम को करने में समर्थ है, लेकिन प्रयास नहीं कर रहे. यह सोचकर की पहले आप असफल हुए थे.

इंडिया पर ट्रेंडिंग

1. #INDvsAUS28K
2. वीर बालक
3. फतेह सिंह
4. जोरावर सिंह
5. #VeerBaalDiwas
6. #DivineBud
7. #ShehzadExposesSanjaySingh
8. Kohli
9. Bumrah
10. #IRCTC

बहुरंग

सूर्या और पूजा हेगड़े की फिल्म का 'रेट्रो' टीजर हुआ रिलीज

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार सूर्या और अभिनेत्री पूजा हेगड़े स्टारर अपकमिंग फिल्म 'सूर्या 44' का टीजर सामने आ चुका है. फिल्म निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म के टाइटल 'रेट्रो' की घोषणा करते हुए टीजर को दर्शकों के साथ शेयर किया. सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री पूजा हेगड़े मोस्ट-अवेटेड फिल्म से जुड़ी हर एक अपडेट को शेयर करती रहती हैं. अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का टीजर शेयर कर अहम जानकारियां दी. पूजा हेगड़े ने दो मिनट के टीजर को इंस्टाग्राम पर शेयर कर कैप्शन में लिखा, इस किरदार में मेरे दिल का एक टुकड़ा है. 'रेट्रो' भावनाओं के

उतार-चढ़ाव भरी एक प्रेम कहानी, 'सूर्या 44' का टाइटल टीजर 'रेट्रो' आ चुका है. शेयर किए गए टीजर में पूजा हेगड़े और सूर्या एक तालाब के किनारे बैठे नजर आए. वीडियो में अभिनेत्री एक गांव की लड़की की भूमिका में हैं. वह सूर्या की कलाई पर प्रेमिका के तौर पर रक्षा सूत्र बांधती हैं. इसके बाद टीजर में सूर्या कहते हैं, मैं अपने गुस्से पर काबू रखूंगा, मैं इस पल से सब कुछ पीछे छोड़ दूंगा. मैं मुस्कुराने और खुश रहने की कोशिश करूंगा. मेरे जीवन का उद्देश्य, शुद्ध प्रेम है, केवल शुद्ध प्रेम. वर्कफ्रंट की बात करें तो 'किसी का भाई किसी की जान' फेम पूजा हेगड़े के पास कई खास प्रोजेक्ट हैं. पूजा के पास थलपति विजय के साथ 'थलापति 69' और 'है जवानी तो इश्क होना है' सहित कई अन्य रोमांचक प्रोजेक्ट हैं. अभिनेत्री ने हाल ही में चेन्नई में 'थलपति 69' की शूटिंग शुरू होने की जानकारी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर दी थी. 'थलापति 69' के साथ हेगड़े, विजय के साथ पहली बार ऑनस्क्रीन नजर आएंगी. एच. विनोथ फिल्म के निर्देशक हैं और निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस के बैनर तले वेंकट के. नारायण ने किया है. साउथ सुपरस्टार सूर्या के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पिछली बार 'कंगुवा' में नजर आए थे. फिल्म में अभिनेता के साथ वर्सेटाइल बॉबी देओल विलेन की भूमिका में थे.

अभिनेत्री ने क्रिसमस के मौके पर बिखेरा जलवा

'बेबी जॉन' रिलीज, सलमान खान का कैमियो सीन लीक

मुंबई। वरुण धवन स्टारर 'बेबी जॉन' आज यानी 25 दिसंबर क्रिसमस के मौके पर हर जगह रिलीज हो गई है. 'बेबी जॉन' में वरुण धवन मुख्य अभिनेता के तौर पर नजर आए हैं. फिल्म का कैमियो सीन लीक हो गया है. 'बेबी जॉन' जैसी फिल्म में उनका कैमियो महत्वपूर्ण है, सीन लीक होने से फिल्म की टीम को नुकसान हो सकता है, क्योंकि यह दर्शकों के लिए सरप्राइज एलिमेंट होता है. सोशल मीडिया पर लीक हुए एंट्री सीन में सलमान जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं. इस दौरान उनके साथ वरुण धवन भी दिखाई दिए. कुछ दिनों पहले आई फिल्म 'सिंघम अगेन' में सलमान का कैमियो देखकर दर्शकों ने नाराजगी जताई थी, लेकिन 'बेबी जॉन' में सलमान का कैमियो जबरदस्त है. सलमान की एंट्री को देखकर दर्शकों ने खूब तालियां और सीटियां बजाईं. सलमान ने वरुण धवन से कड़ी टक्कर ली और गुंडों को ढेर कर

दिया. 'एजेंट भाईजान' के किरदार में सलमान ने सभी का मनोरंजन किया है. फिल्म 'बेबी जॉन' 2 घंटे 45 मिनट लंबी है. सलमान का कैमियो 5 से 7 मिनट लंबा है, लेकिन इन 5 से 7 मिनटों में सलमान ने सभी का अच्छा मनोरंजन किया है.

मेष : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

वृष : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. शुभांक-3-6-7

मिथुन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. शुभांक-3-5-7

कर्क : शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे. किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मनोरथ सिद्धि का योग है. शुभांक-4-7-8

सिंह : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है. शुभांक-3-5-7

कन्या : संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे. सब्र का फल मीठा होता है. अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें. कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. काम में लगे रहें लाभ होगा. राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें. शुभांक-1-3-5

तुला : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-2-4-6

वृश्चिक : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी- संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. शुभांक-3-4-5

धनु : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. व्यापार में प्रगति होगी. अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा. शुभांक-2-4-7

मकर : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. आलस्य का त्याग करें. सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. समय आपके पक्ष का बना रहेगा. शुभांक-3-5-7

कुंभ : कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-2-4-6

मीन : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी. महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शाम तक कोई आशातीत संदेश मिलने की संभावना है. शुभांक-1-3-5

न्यूज अपडेट

सीएम नीतीश ने किया मधकौल टूटान स्थल का हवाई निरीक्षण

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को प्रगति यात्रा के क्रम में मधकौल टूटान स्थल का हवाई निरीक्षण किया. इसी वर्ष 29 सितम्बर को सीतामढ़ी के बेलसंड के मधकौल में भी बांध टूट गया था. इससे कई गांवों में बाढ़ का पानी भर गया है. माना गया कि करीब 50 हजार लोग बाढ़ के पानी से प्रभावित हुए थे. बांध टूटने के कारण मधकौल, जाफरपुर, बसौल, पड़राही, कसार, बेलसंड, ओलीपुर, रुपौली सहित कई गांवों में घुस गया. बाढ़ की चपेट में आने से सैकड़ों घर जलमग्न हो गए है और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा था. शुरूआती दौर में ही बांध करीब 80 फीट टूटा था. सीएम नीतीश ने अब मधकौल टूटान स्थल का हवाई निरीक्षण किया.

बिहार में 101 डीएसपी का तबादला

पटना। नीतीश सरकार ने बिहार पुलिस सेवा के अधिकारियों का बड़े पैमाने का तबादला किया है. गृह विभाग की आरक्षी शाखा की ओर से ओर इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है. डीएसपी और एसडीपीओ स्तर के 101 अधिकारियों का तबादला किया गया है. इनमें से अधिकांश डीएसपी की पोस्टिंग अपराध अनुसंधान विभाग में की गई है. कुछ डीएसपी की स्पेशल टास्क फोर्स में तैनात किया गया है. तो कुछ डीएसपी की पोस्टिंग विभिन्न आईजी और डीआईजी के कार्यालय में की गई है. बताया जा रहा है कि वैसे अधिकारी जो इंस्पेक्टर पद से प्रमोशन पाकर डीएसपी बने थे, उन्हें मुख्यालय में रखा गया था.

पैदल जा रही महिला को बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली

समस्तीपुर। जिले में शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के नरसिंभा चौक के पास बाइक सवार बदमाशों ने बीती रात महिला को गोली मारकर जख्मी कर दिया. महिला को पंजरे में गोली लगी है. प्राथमिक उपचार के बाद महिला को डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया. बदमाशों की संख्या चार बताई गई है, जो दो बाइकों पर सवार थे. जख्मी महिला रहियार काकरघाटी की रामठाकुर की पत्नी रूबी (26) बताई गई. घटना की सूचना पर रोसरा की डीएसपी सोनम कुमारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है. घटना के संबंध में महिला ने बताया कि वह रात ऑटो से रोसरा से हथौड़ी थाना क्षेत्र के भटोरा गांव अकेले जा रही थी. रोसरा से ही ऑटो वाले से भी बकझक हो गई थी.

बेतिया में बूढ़ी गंडक नदी के पास से महिला का शव बरामद

बेतिया। मझौलिया थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव में बुधवार की देर रात एक महिला का शव बरामद किया गया. घटना की सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पुलिस ने एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को जांच के लिए बुलाया. शव की पहचान नहीं हो पाई है. शव देखने से लग रहा था कि महिला की उम्र 25 साल के आसपास होगी. गढ़वा गांव के पास इतराहना बूढ़ी गंडक नदी के पास से ये शव मिला है. घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे बेतिया एसपी डॉ. शौर्य सुमन बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक अज्ञात 25 वर्षीय महिला का शव नदी के पास पड़ा हुआ है. एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया है. अपराधियों को चिह्नित कर गिरफ्तार करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं.

सीएम नीतीश कुमार को राजद ने दे दिया ऑफर, भाई वीरेंद्र बोले-

राजनीति में कुछ भी संभव, यहां न कोई परमानेंट दोस्त है न ही दुश्मन

संवाददाता। पटना

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी और आरजेडी विधायक भाई वीरेंद्र का एक बड़ा बयान सामने आया है. गुरुवार को खगड़िया में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि राजनीति में कुछ भी संभव है. राजनीति में ना कोई परमानेंट दोस्त होता है ना ही दुश्मन होता है. उनसे सवाल किया गया कि क्या बिहार में खेला हो सकता है? इस पर भाई वीरेंद्र ने कहा कि बिहार में खेला हुआ है और आगे भी हो सकता है. राजनीति परिस्थितियों का खेल है, जब जैसी परिस्थिति आएगी वैसा काम किया जाएगा.

आरजेडी विधायक ने आगे कहा कि अगर वो (नीतीश कुमार) सांप्रदायिक ताकतों को छोड़कर आते हैं और उनका भी अगर मन भर चुका है सांप्रदायिक शक्तियों के साथ रहकर, देशद्रोहियों के साथ रहने की अब इच्छा नहीं है तो निश्चित रूप से हम उनका स्वागत करेंगे. एनडीए के अंदर खींचतान की अटकलों के बीच आरजेडी विधायक के इस बयान ने बिहार की सियासी सरगर्मियां बढ़ा दी है.

बिहार में सुशासन की सरकार : विजय सिन्हा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन की सरकार है जिससे बिहार में विकास हो रहा है. बिहार में स्कूल, रोगजार और व्यापार है इसलिए बिहार की जनता जंगलराज की वापसी नहीं चाहती. उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन भी बिखर गया है. कांग्रेस को पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी दिजिए बेचैनी में मत रहिए. वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि राजद के लोग दिन में सपने देखने लगे हैं. सत्ता की बेचैनी में हो पागल हो गए हैं. पागलपन में कुछ भी बयान देते रहते हैं. प्रदेश बीजेपी प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि राजद के नेता मुंगेरी लाल की तरह हसीन सपने देख रहे हैं. उनको लूट,-खसोट के दिन याद आ रहे हैं. जब दानापुर और बिहटा में गोलियां चलती थी लेकिन अब बिहार में विकास हो रहा है.

बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज पर लालू बोले-

ऐसा नहीं होना चाहिए था, बिल्कुल गलत है

पटना। 70वीं बीपीएससी की परीक्षा को रद् करने की मांग को ले बुधवार को अभ्यर्थियों ने बीपीएससी कार्यालय के घेराव की कोशिश की. इस पर अभ्यर्थियों को रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया. गुरुवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने कहा, लाठीचार्ज नहीं करना चाहिए, गलत बात है. उधर राजद सांसद मनोज झा ने भी लाठीचार्ज को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है. कहा कि वो मांग क्या रहे हैं वो कोई चांद का टुकड़ा नहीं मांग रहे हैं. सबूत है कि कई जगहों पर लेट से परीक्षा हुई, लेकिन वक्त पर पेपर ले लिया. क्या ये अन्याय नहीं है? क्या इसे गलत ना मानें? वे शांतिपूर्ण तरीके से गर्दनीबाग में धरने पर बैठे हुए हैं और आप जाकर इस प्रकार लाठीचार्ज कर रहे हैं जैसे वे सरहद पर हैं. वे आपके दुश्मन नहीं हैं. उन्होंने कहा कि मैं इस देश को बदलता हुआ देख रहा हूं. आज के समय अगर आपातकाल जैसे प्रदर्शन होने लगे तो क्या से निजाम उसे स्वीकार करेगा? जैसा कि तेजस्वी यादव ने कहा सरकार चला कौन रहा है? क्या बीजेपी ने वहां अधिकारियों के माध्यम से कब्जा कर लिया है? सेवानिवृत अधिकारियों के माध्यम से, जिनके लिए बर्बर लाठीचार्ज एसओपी का हिस्सा हो गया है. सरकार को छात्रों की मांग पर विचार करना चाहिए और इस प्रकार की हरकतों से बाज आना चाहिए.

'ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम' गाने पर भड़क गए भाजपाई

भोजपुरी की लोकगायिका देवी ने मांगी माफ़ी

संवाददाता। पटना

राजधानी पटना के बापू सभागार में बुधवार संध्या पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई जा रही थी. मौके पर भोजपुरी की प्रसिद्ध गायिका देवी अपनी प्रस्तुति दे रही थी.

गायिका देवी ने ज्योहिं रघुपति राघव राजा राम गीत शुरू किया. ईश्वर-अल्लाह तेरे नाम लाइन जैसे ही देवी के तरफ से गया गया भाजपा के कई कार्यकर्ताओं ने उसका विरोध किया और कार्यक्रम में अड़ंगा डालने की कोशिश की. भाजपा के कई कार्यकर्ताओं का कहना था कि स्टेज पर यह गीत नहीं गाया जाए. कार्यक्रम में काफी हंगामा हुआ. भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे हैं हंगामे के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्वनी चौबे और उनके पुत्र शाश्वत चौबे को मोर्चा संभालना पड़ा. अश्वनी चौबे ने अपने कार्यकर्ताओं को समझाने की पूरी कोशिश की. भोजपुरी गायिका देवी को मंच से माफी मांगना पड़ा. उन्होंने माफी मांगते हुए कहा कि हमने किसी को हर्ट करने के लिए यह गीत नहीं गया है. यदि किसी को कष्ट हुआ है उसके लिए हम माफी मांगते हैं.

बाद में गायिका देवी इस गीत को नहीं गाई और दूसरा भजन गाने लगी, लेकिन जिस तरह का माहौल बना था. निश्चित तौर पर अधिकांश जो भाजपा के कार्यकर्ता थे, उनका मामला था कि अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती शताब्दी समारोह कार्यक्रम में यह गीत नहीं होनी चाहिए थी, अब इसको लेकर बिहार में राजनीति भी शुरू हो गई है.

नॉन स्टॉप ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

पटना। रेलखंड पर नॉन स्टॉप ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत हो गई. घटना रेलखंड के बिहिया रेलवे स्टेशन से पूरब महथिन मंदिर के समीप बुधवार की देर शाम हुआ. दोनों युवकों की उम्र 27 और 35 वर्ष के करीब बताई गई है. हालांकि रेल पुलिस ने उनकी शिनाख्त नहीं कर सकी है. घटना दानापुर-उधना एक्सप्रेस से घटित होना बताया जा रहा है. बुधवार की देर शाम महथिन मंदिर के समीप थोड़ी-सी दूरी पर दोनों ही युवकों की कटकर मौत हो गयी. घटना को लेकर अप से गुजरने वाली 15126 अप पटना-मंडुआडीह जनशताब्दी एक्सप्रेस बिहिया के अप आउटर सिग्नल पर लगभग 20 मिनटों तक खड़ी रही. इसके बाद स्थानीय लोगों हादसे की खबर आरपीएफ और जीआरपी पुलिस को दी. सूचना मिलने के बाद में घटनास्थल पर पहुंची आरपीएफ एवं जीआरपी पुलिस ने शव को रेल ट्रैक से हटाया तब जाकर जनशताब्दी एक्सप्रेस रवाना हुई.

आरा भेजा गया दोनों का शव : आरपीएफ आरा इंस्पेक्टर सुमन कुमारी ने बताया कि मृतक युवकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है. फोटो लेकर आस-पास के इलाकों में पहचान कराने के लिए भेजी गई है. दोनों हीं शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा भेज दिया गया है. युवकों की शिनाख्त में रेल पुलिस जुटी हुई है.

शिक्षा विभाग ने ई-शिक्षा कोष ऐप में किया बड़ा बदलाव

पटना। बिहार के शिक्षा विभाग ने स्कूलों में ऑनलाइन अटेंडेंस के फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए ई-शिक्षाकोष ऐप में बड़ा बदलाव किया है. अब शिक्षक केवल विद्यालय के पांच सौ मीटर के दायरे में रहकर ही अटेंडेंस दर्ज कर सकेंगे. पहले कुछ शिक्षक फ्लाइट मोड का इस्तेमाल करके बिना स्कूल पहुंचे दूर बैठकर हाजिरी दर्ज कर रहे थे, जिससे फर्जीवाड़े के कई मामले सामने आए थे.ऐप के हालिया अपडेट के बाद फ्लाइट मोड का उपयोग अब नहीं किया जा सकेगा. मंगलवार को जब कुछ शिक्षकों ने फ्लाइट मोड का इस्तेमाल कर हाजिरी दर्ज करने की कोशिश की, तो ऐप ने उन्हें फ्लाइट मोड बंद करने का नोटिफिकेशन दिया और लोकेशन बंद करने पर लॉगआउट कर दिया.इस बदलाव के बाद अब अटेंडेंस में पारदर्शिता आएगी और ड्यूटी से भागने की मानसिकता रखने वाले शिक्षकों पर रोक लगेगी. शिक्षा के जानकारों का मानना है कि इस कदम से स्कूलों में शैक्षणिक स्थिति में सुधार होगा. यह बदलाव ई-शिक्षाकोष ऐप को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किया गया है.

पंचाने नदी किनारे कूड़ा डंपिंग के विरोध में कई गांव के लोगों का प्रदर्शन

नालंदा। नालंदा शहर के कोसूक, राणा बिगहा, सिपाह, पचौड़ी और लखरावा समेत कई गांव के आसपास पंचाने नदी किनारे पिछले कई महीने से किए जा रहे कूड़ा डंपिंग के विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों का धैर्य टूट गया. विरोध प्रदर्शन करते हुए समाहरणालय पहुंचकर सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं का भी ग्रामीणों का साथ मिला. करीब पांच किलोमीटर तक हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर महिला और पुरुष इस प्रदर्शन में शामिल हुए.

कारोबार

यूनिमेक एयरोस्पेस के आईपीओ का आखिरी दिन

नयी दिल्ली। यूनीमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग लि. आईपीओ के सब्सक्रिप्शन का गुरुवार को आखिरी दिन था. इस इश्यू को पहले दिन 4.05 गुना और दूसरे दिन 9.6 गुना सब्सक्रिप्शन मिला. तीसरे और अंतिम दिन सुबह 11.30 बजे तक यह इश्यू 30.18 गुना बुक हुआ. रिटेल कैटेगरी में 24.26, एनआईआई कैटेगरी में 72.7 और क्यूआईबी कैटेगरी में 8.44 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है. तीसरे दिन सब्सक्रिप्शन में तेजी नजर आई है. बाजार विश्लेषकों के अनुसार अनलिस्टेड मार्केट में आईपीओ जीएमपी 630 रुपये है और इसमें तेजी से उछाल आया है. यह कैप प्राइस के मुकाबले 80.2%अधिक है. इश्यू खुलने के एक दिन पहले जीएमपी 480 था जो खुलने वाले दिन 510 रुएये हो गया. इसके बाद यह तीन दिन में बढ़ कर 630 रुपए हो गया. यह 500 करोड़ का एक बुक बिल्ट इश्यू है. यह 250 करोड़ रुपये के मूल्य वाले 32 लाख शेयरों का फ्रेश इश्यू और 250 करोड़ रुपये मूल्य वाले 32 लाख ऑफर फॉर सेल शेयर का कॉम्बिनेशन है.

एन श्रीनिवासन ने इंडिया सीमेंट्स का सीईओ पद छोड़ा

नयी दिल्ली। आदित्य बिड़ला ग्रुप की सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक ने इंडिया सीमेंट्स में प्रोमोटरों की 32.72% हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है. इसके बाद एन श्रीनिवासन और इंडियी सीमेंट्स के बाकी प्रोमोटर्स ने अपना पद छोड़ दिया है. सीमेंट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अल्ट्राटेक ने इंडिया सीमेंट्स (आईसीएल) के 10.13 करोड़ इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण पूरा कर लिया है, जो कंपनी की इक्विटी शेयर कैपिटल का 32.72% है. अल्ट्राटेक ने रेगुलेटरी फाइलिंग में जानकारी दी है, जिसके मुताबिक - आईसीएल की इक्विटी शेयर कैपिटल के 7.05 करोड़ इक्विटी शेयरों (22.77%) की मौजूदा शेयरहोल्डिंग के साथ, कंपनी की शेयरहोल्डिंग अब बढ़कर 17.19 करोड़ इक्विटी शेयरों तक पहुंच गई है, जो आईसीएल की इक्विटी शेयर कैपिटल का 55.49% है.

बाजार में आया पोको सी75 सबसे सस्ता 5जी स्मार्टफोन

मुंबई। दिग्गज स्मार्टफोन कंपनी पोको ने इसी महीने बजट फ्रेंडली स्मार्टफोन लॉन्च किया है. इस डिवाइस को पोको सी75 के नाम से मार्केट में उतारा गया है. इस स्मार्टफोन की कीमत बेहद कम है, लेकिन कम कीमत में मिलने वाले इस फोन में कई शानदार फीचर्स दिए गए हैं. केवल 8,499 रुपये में आने वाले इस फोन में कई दमदार फीचर्स दिए गए हैं. अगर आप इस फोन को डेली यूज के लिए लेना चाहते हैं तो कम कीमत में ये फोन बेहतर साबित हो सकता है. लेकिन अगर आप हैवी टास्क करते हैं और पूरे दिन गेम खेलने के शौकीन हैं तो हमारी सलाह है कि इस फोन को आप देख परख कर अपनी सुविधा के मुताबिक ही खरीदें. सबसे पहले बात डिजाइन की. पोको सी75 5जी स्मार्टफोन में फ्लैट डिस्प्ले पैनल की पेशकश की गई है. इसमें वॉटरड्रॉप नॉच स्क्रीन देखने को मिलती है. इसके बैक पैनल पर डुअल टोन लुक और बड़ा सर्कुलर कैमरा मॉड्यूल एलईडी फ्लैश के साथ नजर आता है. कम बजट में इस फोन का डिजाइन हमें बहुत अच्छा लगा.

पहले ही दिन निवेशकों को हुआ भारी मुनाफा

आईडेंटिकल ब्रेन्स की स्टॉक मार्केट में हुई शानदार एंट्री

एजेंसी । नयी दिल्ली

फिल्म, वेब सीरीज, टीवी सीरियल और विज्ञापनों के लिए वीएफएक्स सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियोज ने गुरुवार को स्टॉक मार्केट में अपनी जबरदस्त शुरुआत की. कंपनी के शेयर लिस्ट होते ही निवेशकों को लाभ का मौका मिला, हालांकि थोड़ी देर बाद मुनाफा वसूली के कारण शेयर लोअर सर्किट पर पहुंच गया.

इसके बाद, कुछ समय में ही खरीदारों की सक्रियता से यह शेयर अपर सर्किट पर पहुंच गया, जिससे निवेशकों को पहले ही दिन जबरदस्त मुनाफा हुआ.कंपनी ने आईपीओ के तहत 54 रुपये के मूल्य पर शेयर जारी किए थे, और गुरुवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर यह 95 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए, जो 75.93 प्रतिशत का प्रीमियम दर्शाता है. लिस्टिंग के तुरंत बाद शेयर में मुनाफा वसूली का दबाव देखा गया, जिसके कारण शेयर 90.25 रुपये के लोअर सर्किट पर पहुंच गया. हालांकि, जल्द ही बाजार में खरीदारों ने जोर पकड़ा और शेयर ने तेजी से रुख लिया, जिससे यह 99.75 रुपये के अपर सर्किट तक पहुंच गया. इस प्रकार, कंपनी के आईपीओ में निवेशकों को पहले ही दिन 84.72 प्रतिशत का शानदार मुनाफा हुआ.आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियोज ने 19.95 करोड़ रुपये का आईपीओ 18 से 20 दिसंबर के बीच लॉन्च किया था, जिसे प्राइमरी मार्केट में शानदार रिस्पांस मिला था. आईपीओ के सब्सक्रिप्शन के आंकड़े भी अभूतपूर्व रहे, जहां यह ओवरऑल 544.28 गुना सब्सक्राइब हुआ. क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 187.36 गुना सब्सक्राइब हुआ, जबकि नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए यह 1,020. 20 गुना था. रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए यह 544.28 गुना सब्सक्राइब हुआ.आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियोज ने इस आईपीओ के माध्यम से 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले 36.94 लाख नए शेयर जारी किए. कंपनी ने आईपीओ से जुटाए गए पैसों का उपयोग अपने मौजूदा ऑफिस और स्टूडियो के नवीनीकरण, नई ब्रांच ऑफिस खोलने, कलर ग्रेडिंग, डिजिटल इंटरमीडिएट और साउंड स्टूडियो लगाने जैसे कार्यों में करने का ऐलान किया है.

इसके साथ ही कंपनी लखनऊ में नया ब्रांच ऑफिस खोलने और कंप्यूटर व सॉफ्टवेयर की खरीदारी भी करेगी.कंपनी की इस जोरदार लिस्टिंग ने निवेशकों को उम्मीदों से भी अधिक मुनाफा दिया, और इसके बाद स्टॉक मार्केट में कंपनी का भविष्य और अधिक उत्साहजनक नजर आ रहा है.

सेंसेक्स 78,472 और निफ्टी 23,750 पर बंद

नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को फ्लैट कारोबार देखने को मिला. सेंसेक्स बिना किसी बदलाव के 78,472 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में 22 अंकों की बढ़त रही और यह 23,750 के स्तर पर बंद हुआ. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में गिरावट और 15 में तेजी देखी गई, वहीं निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में तेजी और 18 में गिरावट रही. एक शेयर फ्लैट बंद हुआ.

- गुरुवार के कारोबार में आईटी और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में गिरावट देखी गई

गुरुवार के कारोबार में आईटी और एफ एमसीजी सेक्टर के शेयरों में गिरावट देखी गई, जबकि ऑटो और बैंकिंग शेयरों में बढ़त रही. इससे पहले 24 दिसंबर को बाजार में मामूली गिरावट रही थी, सेंसेक्स 67 अंक घटकर 78,472 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 25 अंक गिरकर 23,727 पर बंद हुआ था. क्रिसमस की छुट्टी के कारण 25 दिसंबर को शेयर बाजार बंद था. गुरुवार का फ्लैट कारोबार बाजार में सतर्कता को दर्शाता है, जहां निवेशकों ने हल्की मुनाफावसूली की और कुछ सेक्टरों में मिश्रित रुझान देखा गया.

मुंबई के वर्ली में 106 करोड़ रुपये में खरीदा गया फ्लैट

रियल एस्टेट

एजेंसी । मुंबई

मुंबई के वर्ली इलाके में एक और महंगी रियल एस्टेट डील हुई है, जिसमें शेयर बाजार के मशहूर निवेशक जगदीश मास्टर ने 106 करोड़ रुपये में एक शानदार आवासीय फ्लैट खरीदा है. इस फ्लैट से समंदर की लहरों का दृश्य स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है. पिछले महीने, जगदीश मास्टर की पत्नी ऊर्जिता जगदीश मास्टर ने भी इसी अपार्टमेंट में 105 करोड़ रुपये में एक फ्लैट खरीदा था. यह दोनों पति-पत्नी दीप फाइनेंशियल कंसल्टेंट्स नामक वित्तीय सेवाएं देने वाली कंपनी के निदेशक हैं. इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, नया खरीदी गई संपत्ति 7,130 वर्गफीट में फैली हुई है और यह एनी बेसेंट रोड पर स्थित है. खरीदार ने इस सौदे पर 1.97 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी का भुगतान किया है. ध्यान देने वाली बात यह है कि तीन साल पहले इसी फ्लैट की बिक्री में 2.86 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई गई थी, लेकिन नए खरीदार ने डिफरेंशियल स्टांप ड्यूटी का भुगतान किया है. सरकारी नियमों के अनुसार, यदि फ्लैट रजिस्ट्री के तीन साल के भीतर बेचा जाता है, तो नया खरीदार केवल बढ़ी हुई ड्यूटी का भुगतान करता है, न कि पूरी राशि.इन दिनों मुंबई में आवासीय संपत्तियों के दाम आसमान छू रहे हैं. 2024 में इनकी कीमतों में जोरदार उछाल देखने को मिला है और 2025 में इसके ऑल टाइम हाई पर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है. मुंबई में सबसे महंगे रियल एस्टेट सौदे होते हैं, और साऊथ और सेंट्रल मुंबई में देश के सबसे महंगे अपार्टमेंट्स स्थित हैं. इन महंगे सौदों के कारण मुंबई का रियल एस्टेट बाजार लगातार चर्चा में रहता है और यहां की संपत्तियों के दामों में उछाल जारी रहता है.

चर्चा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की उच्चस्तरीय बैठक

निर्यात और व्यापार उद्योग विशेषज्ञों से मांगे सुझाव

एजेंसी नयी दिल्ली

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को दिल्ली में निर्यात, व्यापार और उद्योग क्षेत्रों के प्रमुख हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की. इस बैठक में आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि और सुझाव एकत्र करने पर चर्चा की गई.

केंद्रीय वित्त मंत्री 1 फरवरी 2025 को संसद में अगले वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी.सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में व्यापार और सेवा क्षेत्रों को मजबूत बनाने के लिए सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों और अवसरों पर विस्तृत चर्चा की गई. इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव तुहिन कांता पांडे, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, और मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंथा वी नागेश्वरन भी उपस्थित रहे.इससे पहले 24 दिसंबर को, केंद्रीय वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक की थी, जिसमें जाने-माने अर्थशास्त्रियों और क्षेत्र विशेषज्ञों से केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए उनके विचार और सुझाव मांगे गए थे. इस बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम, मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंथा नागेश्वरन, और अन्य प्रमुख अर्थशास्त्री जैसे सुरजीत भल्ला, डीके जोशी भी शामिल थे.

उतार-चढ़ाव के बावजूद 35 लाख नए निवेशक शेयर बाजार से जुड़े

एजेंसी । नयी दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, शेयर बाजारों में चल रही अस्थिरता के बीच, नवंबर में 35 लाख से अधिक नए निवेशक शेयर बाजारों में शामिल हुए हैं. इस उछाल ने निवेशकों की कुल संख्या को नवंबर के अंत में 10.85 करोड़ तक पहुंचा दिया है, जबकि अक्तूबर में यह 10.5 करोड़ थी. रिपोर्ट में कहा गया है, बाजारों में लोगों की रुचि बढ़ने से आंकड़े बढ़े हैं. फरवरी में अद्वितीय निवेशकों (यूनिक इन्वेस्टर्स) की संख्या नौ करोड़, अगस्त में 10 करोड़ और वर्तमान में 10.85 करोड़ हो गई है. इन निवेशकों के व्यापार (यूसीसी) के माध्यम से खातों की संख्या लगभग 21 करोड़ है. पिछले महीने, एनएसई ने बताया था कि अगस्त में कुल पंजीकृत निवेशकों की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई और अक्तूबर 2024 तक यह 10.5 करोड़ हो गई है. अगस्त में 10 करोड़ (100 मिलियन) का आंकड़ा पार करने के बाद अक्तूबर 2024 में कुल पंजीकृत निवेशकों की संख्या 10.5 करोड़ थी. महाराष्ट्र सबसे अधिक पंजीकृत निवेशकों के साथ शेयर बाजार में निवेशक के मामले में देश में सबसे अव्वल बना हुआ है.

कोहली और कोंस्टास के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट में तीखी तकरार

विराट को आईसीसी ने सुनाई सजा, 20% मैच फीस काटी

सैम कोंस्टास को कंधा मारना पड़ गया बहुत भारी

एजेंसी। मेलबर्न

मेलबर्न टेस्ट के पहले दिन भारत के सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू कर रहे सैम कोंस्टास के बीच टकराव हो गया. अब विराट कोहली को बड़ी सजा मिली है. मैच रेफरी ने पहले ही दिन विराट कोहली पर जुर्माना लगा दिया है. विराट कोहली की 20 फीसदी मैच फीस काटी गई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट कोहली लेवल 1 के दोषी पाए गए हैं. राहत की बात ये है कि विराट कोहली को एक ही डिमैरिट प्वाइंट दिया गया है जिसके मुताबिक उन्हें अगले मैच में सस्पेंड नहीं होना पड़ेगा. यह घटनाक्रम 10वें ओवर के दौरान घटित हुआ जब कोहली और कोंस्टास ओवर की समाप्ति के बाद पिच पर आपस में टकरा गए.

इसके तुरंत बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच जुबानी भिड़ंत भी हुई लेकिन यह ज़्यादा देर नहीं चली और उस्मान ख़्वाजा ने बीच बचाव कर दिया. सत्र में बाद में रिप्ले सामने आने पर यह दिखा कि कोंस्टास दूसरे छोर की ओर जा रहे थे लेकिन पिच के बाहर से गेंद को हाथ में टॉस करते हुए आ रहे कोहली कोंस्टास से टकरा गए. कोंस्टास ने चैनल सेवन को बाद में कहा,मैं समझ नहीं पाया. मैं दस्ताने ठीक कर रहा था और तब कंधे टकरा गए. लेकिन यह क्रिकेट में होता रहता है. ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कमेंट्री के दौरान कहा,ज़रा देखिए विराट कैसे चल रहे हैं. विराट पिच की दाईं तरफ़ गए और इस टकराव की शुरुआत उन्हीं की ओर से हुई. चैनल सेवन से बात करते हुए साइमन टॉफ़ेल ने इस घटनाक्रम पर बात करते हुए इस घटना को आईसीसी के कोड ऑफ़ कंडक्ट के तहत अनुचित करार दिया.

टॉफ़ेल ने कहा, डायरेक्टर द्वारा मुहैया कराए गए लॉन्ग शॉट से यह स्पष्ट होता है कि विराट कोहली अपनी लाइन बदलते हुए कोंस्टास की लाइन में आ रहे हैं. आईसीसी के कोड ऑफ़ कंडक्ट में एक प्रावधान है, जो अनुचित शारीरिक व्यवहार से संबंधित है. दिन के खेल की समाप्ति के बाद देखना होगा कि कोहली का यह व्यवहार इसके दायरे में आता है या नहीं. मुझे लगता है कि अंपायर और रेफ़री इस मामले को गंभीरता से ले रहे होंगे,19 वर्षीय कोंस्टास ने अपने टेस्ट डेब्यू पर महज़ 52 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया. कोहली के साथ जब उनका टकराव हुआ तब वह 38 गेंदों पर 27 रन बनाकर खेल रहे थे. जसप्रीत बुमराह की गेंद पर कुछ दर्शनीय स्कूप और रैंप शॉट खेलते हुए कॉन्स्टास ने छह चौके और दो छक्के की मदद से 65 गेंदों पर 60 रन बनाए. लंच ब्रेक से पहले वह रवींद्र जडेजा का शिकार बने.

सैम कोंस्टास ने कोहली के साथ हुई झड़प पर कहा-

क्रिकेट में ऐसा होता है

मेलबर्न। भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण करने वाले युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अपनी 60 रनों की धमाकेदार पारी से सुर्खियां बटोरीं. मैदान पर रहने के दौरान कोंस्टास ने कुछ धमाकेदार शॉट लगाए,खास तौर पर उन्होंने जसप्रीत बुमराह की गेंदों पर जमकर बल्ला घुमाया. हालांकि, 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज की मैदान पर विराट कोहली के साथ तीखी बहस भी हुई. आउट होने के बाद कोंस्टास ने बताया कि मैदान पर कोहली के साथ क्या हुआ था, उन्होंने कहा कि भावनाएं उन दोनों पर हावी हो गईं थी.टेस्ट क्रिकेट में अपने पहले मैच में अर्धशतक बनाने के बाद कोंस्टास मैदान के बाहर मुस्कुरा रहे थे. कोहली से जुड़ी घटना पर इस युवा खिलाड़ी को कोई शिकायत नहीं है. कोंस्टास ने ब्रॉडकास्टर 7क्रिकेट से कहा, मुझे लगता है कि हम दोनों की भावनाएं प्रभावित हो गई थीं. मुझे इसका अहसास नहीं हुआ क्योंकि मैं अपने दस्ताने पहन रहा था. लेकिन, क्रिकेट में ऐसा होता है. कोंस्टास से बुमराह के खिलाफ उनकी योजनाओं के बारे में भी पूछा गया, जिसपर उन्होंने कहा, मेरी कोई योजना नहीं थी.

कार्लोस कोरबेरन ने संभाली वार्लेसिया की कमान

मैड्रिड । ला लीगा के संयुक्त निचले क्लब वार्लेसिया ने बुधवार को कार्लोस कोरबेरन को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है.इंग्लिश चैम्पियनशिप टीम वेस्ट ब्रोमविच एल्बियन को छोड़कर आए 41 वर्षीय कोरबेरन रुबेन बाराजा की जगह लेंगे. पूर्व कोच रुबेन बाराजा को सोमवार को बर्खास्त कर दिया गया था. इससे पहले वार्लेसिया ने अपने घरेलू मैदान पर अलावेस के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था. इस मैच से पहले टीम ने अपने पहले 17 मैचों में केवल 12 अंक ही अर्जित किए थे. माना जा रहा है कि वार्लेसिया ने कोरबेरन के रिलीज क्लॉज के लिए करीब तीन मिलियन यूरो का भुगतान किया है.वेस्ट ब्रोम ने एक बयान में पुष्टि की,एल्बियन ने कार्लोस कोरबेरन के क्लब छोड़ने और ला लीगा की टीम वार्लेसिया के साथ एक नया अवसर तलाशने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है. 41 वर्षीय खिलाड़ी हमारे आभार के साथ अपने वतन लौटने के लिए तैयार है. वहीं, कोरबेरन ने कहा कि यह निर्णय मेरे जीवन का सबसे कठिन निर्णय था.उन्होंने कहा,इस विशेष क्लब के लिए मेरे दिल में हमेशा एक जगह रहेगी और मुझे उम्मीद है कि एक दिन मैं आप सभी के अविश्वसनीय समर्थन के लिए धन्यवाद देने के लिए वापस आ पाऊंगा. वेस्ट ब्रोम में अपने कार्यकाल के दौरान, कोरबेरन ने अपने पहले सीज़न में क्लब को नौवें और पिछले सीज़न में इसे पांचवें स्थान पर पहुंचाया, जबकि वर्तमान में यह चैम्पियनशिप तालिका में सातवें स्थान पर है.

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भारत की वापसी कराई

ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने ठोके अर्धशतक

एजेंसी। मेलबर्न

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अंतिम सत्र में देर से विकेट लेकर भारत की वापसी की अगुआई की, जबकि स्टीव स्मिथ ने नाबाद 68 रन की पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन गुरूवार को स्टंप्स तक 86 ओवर में 311/6 का स्कोर बनाने में मदद की.पहले सत्र में डेब्यू करने वाले बल्लेबाज सैम कोंस्टास द्वारा बाउंड्री लगाने के बाद, भारत दिन के आखिरी सत्र में खुश था, जहां उन्होंने 23 गेंदों के अंतराल में तीन विकेट सहित चार विकेट लिए - उनमें से दो बुमराह के थे, जिन्होंने 3-75 विकेट लिए. लेकिन स्मिथ ने पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 68 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को 300 के पार पहुंचा दिया. दूसरी नई गेंद के छह ओवर पुराने होने के साथ, भारत शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 400 तक पहुंचने से रोकने की उम्मीद करेगा. अंतिम सत्र की शुरुआत मार्नस लाबुशेन ने रवींद्र जडेजा की गेंद पर दो चौके लगाकर की और 114 गेंदों पर श्रृंखला का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया. दूसरे छोर से, स्मिथ ने जडेजा और वाशिंगटन सुंदर की गेंदों पर तीन चौके लगाने के लिए अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया. लेकिन पहले ड्रिंक्स ब्रेक के बाद, लाबुशेन ने सुंदर के सिर के ऊपर से हिट करने के लिए पिच पर आगे आये, लेकिन मिड-ऑफ पर एक आसान कैच देकर 72 रन पर आउट हो गए, इस तरह स्मिथ के साथ उनकी 83 रन की साझेदारी समाप्त हो गई.बुमराह ने बैक ऑफ द लेंथ बॉल को तेजी से ट्रैविस हेड के पास पहुंचाया, जिन्होंने अपने हाथों को उठाया और गेंद को छोड़ दिया लेकिन लेकिन गेंद पड़कर राउंड द विकेट एंगल के साथ अंदर आती चली गई और ऑफ स्टंप का टॉप उड़ गया.

इसके बाद उन्होंने मिशेल मार्श को शॉर्ट बॉल पर विकेटकीपर ऋषभ पंत के पास कैच लेने के लिए कहा. आकाशदीप को आखिरकार अपनी दृढ़ता का इनाम मिला, जब उन्होंने राउंड द विकेट से एलेक्स कैरी (31) को पंत को कैच देने के लिए मजबूर किया. इस तरह छठे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी खत्म हुई.

इस पूरी उथल-पुथल के बीच स्मिथ ने अपनी अडिग स्थिति बनाए रखी और टेस्ट मैचों में अपना 42वां अर्धशतक पूरा किया. इस ऐतिहासिक मैदान पर उनका दसवां अर्धशतक उनके और पैट कमिंस (नाबाद आठ) के लिए महत्वपूर्ण था, जिन्होंने 87,242 दर्शकों के सामने शेष समय सुरक्षित निकाल लिया.इससे पहले पदार्पण कर रहे युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास (60) और उस्मान ख्वाजा (57) ने अर्धशतक ठोके तथा ओपनिंग साझेदारी में 89 रन जोड़े. कोंस्टास को रवींद्र जडेजा ने लंच से पहले पगबाधा किया जबकि ख्वाजा को बुमराह ने केएल राहुल के हाथों कैच कराया.

बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान शेन वॉर्न को दी गई श्रद्धांजलि

एजेंसी।मेलबर्न

शेन वॉर्न के बच्चे भी पहुंचे

शेन वॉर्न के बेटे और बेटी ने ही बाउंड्री लाइन के पास खड़े होकर फ्लॉप हैट उतरी. मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड वॉर्न का होम ग्राउंड होने के साथ ही सबसे पसंदीदा मैदान भी था. इस मैदान पर 11 टेस्ट में उनके नाम 56 विकेट हैं. 1994 में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान वॉर्न ने इस मैदान पर हैट्रिक विकेट लिया था. 2006-07 एशेज सीरीज के दौरान शेन वॉर्न ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ही एंड्रयू स्ट्रॉस को आउट कर उन्होंने अपना 700वां टेस्ट विकेट लिया था.

भारत और ऑस्ट्रेलिया के चौथे टेस्ट के पहले दिन के खेल के दौरान मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट प्रेमियों ने शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि दी. दोपहर 3 बजकर 50 मिनट पर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने अपनी फ्लॉपी हैट उतारकर वॉर्न को याद किया. मार्च 2022 में क्रिकेट इतिहास के सबसे सफल लेग स्पिनर शेन वॉर्न का निधन हो गया था. फ्लॉपी हैट उतारने की यह परंपरा 2022 के बॉक्सिंग डे टेस्ट से शुरू हुई थी.

एक मिनट के लिए रूका खेल : 3:50 बजे खेल एक मिनट के लिए रोका गया और दर्शकों ने वॉर्न को अपनी फ्लॉपी हैट उतारकर श्रद्धांजलि अर्पित की. बड़ी स्क्रीन पर वॉर्न की एक वीडियो क्लिप भी चलाई गई, जिसका दर्शकों ने खूब आनंद लिया. 3:50 पर यह इसलिए किया गया क्योंकि वॉर्न का कैप नंबर 350 था. फ्लॉपी हैट वॉर्न की पहचान थी. वे अक्सर मैदान पर और मैदान के बाहर फ्लॉपी हैट पहने दिखते थे.

स्टीव स्मिथ ने मेलबर्न में रचा इतिहास

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन अपना 42वां टेस्ट अर्धशतक जड़ा. वह इस वेन्यू पर टेस्ट मैचों में 10 या उससे अधिक 50 से अधिक स्कोर बनाने वाले दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं. यह कारनामा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाजों रिकी पोंटिंग, डॉन ब्रैडमैन और ग्रेग चैपल ही कर पाए थे.स्मिथ ने एमसीजी में अपने 12वें टेस्ट में 10वां पचास से अधिक का स्कोर बनाया, जिससे वह खेल के महान खिलाड़ियों में शामिल हो गए. चैपल 17 टेस्ट मैचों में 13 पचास से अधिक स्कोर के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं, जबकि ब्रैडमैन (11 टेस्ट मैचों में 12) और पोंटिंग (15 टेस्ट मैचों में 11) भी इस सूची में शामिल हैं.

मेलबर्न में दादागिरी कर रहे थे खालिस्तानी

लगाए भारत विरोधी नारे

एजेंसी। मेलबर्न

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन, कुछ खालिस्तानी सपोर्टर्स और भारतीय फैंस के बीच टकराव होने के कारण, विक्टोरिया पुलिस मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के बाहर एक्शन में आ गए थे. खालिस्तानी समर्थकों ने कथित तौर पर भारत-विरोधी नारे लगाए, जिससे मैदान के बाहर थोड़ा माहौल गरमा गया. खालिस्तीन सपोर्टर्स को ऐसा करते देख कुछ भारतीय फैंस भी मौके पर पहुंचे और जोर-जोर से भारत के समर्थन में नारे लगाने लगे.रिपोर्ट्स के अनुसार, खालिस्तानी सपोर्टर्स का ग्रुप बिना टिकट के घुस आया था और भारत-विरोधी नारे लगाते हुए झंडा लहरा रहे थे, जिसके कारण विक्टोरिया पुलिस कर्मियों को उन्हें हटाना पड़ा. सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक अन्य वीडियो में भारतीय फैंस ने अपने देश का समर्थन करते हुए, तिरंगा फहराया और भारत समर्थक नारे लगाए. एएनआई ने एक वीडियो शेयर की है, जिसमें दो भारतीय फैंस ने बातचीत करते हुए कहा,'हम इसका समर्थन नहीं करते हैं. हमारा एक दोस्त है जो पंजाब से है, वह भी इसका समर्थन नहीं करता है...अगर आप ऐसा कुछ करना चाहते हैं, तो भारत जाएं और वहां करें.' एक दूसरे फैन ने कहा, 'यह भारत की छवि को खराब करता है...वे बस इस बात को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह काम नहीं करेगा.'

एचआईएल ने हमें नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया : हरमनप्रीत सिंह

एजेंसी। राउरकेला

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और स्टार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने आगामी हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) सीजन में सूरमा हॉकी क्लब का नेतृत्व करने की तैयारी के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त की है, जो 28 दिसंबर, 2024 से शुरू होने वाला है.हाल ही में नीलामी के दौरान सूरमा हॉकी क्लब द्वारा 78 लाख में खरीदे जाने के बाद हरमनप्रीत सिंह एचआईएल इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए और वह अपने अनुभव और ड्रैग फ्लिकिंग कौशल को फ्रैंचाइज़ी में लाने के लिए उत्सुक हैं.उन्होंने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, मैं सूरमा हॉकी क्लब के खिलाड़ी के रूप में भारतीय हॉकी के इस नए अध्याय की शुरुआत करने और हीरो हॉकी इंडिया लीग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए रोमांचित हूं. लीग खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करती है और मैं इस सीजन में टीम की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं.हीरो हॉकी इंडिया लीग सात साल के अंतराल के बाद फिर से शुरू हो रही है, लेकिन लीग की वापसी के साथ ही महिला लीग की शुरुआत भी हो रही है, जो भारत में अपनी तरह की पहली लीग होगी.हरमनप्रीत ने कहा,भारतीय पुरुष हॉकी टीम में आज भी एचआईएल का प्रभाव देखा जा सकता है। ओलंपिक में टीम की सफलता का श्रेय लीग को जाता है, जिसने हमें कम उम्र में ही काफी कुछ सिखाया. जिन खिलाड़ियों को आप आदर्श मानते हैं, उनके साथ खेलना और उनके खिलाफ रोजाना प्रतिस्पर्धा करना, हमें जितना हम सोच सकते थे, उससे कहीं बेहतर बनाता है। इस बार महिला एचआईएल भी शुरू हो रही है, मुझे यकीन है कि यह भारतीय महिला हॉकी टीम को भविष्य में और भी ऊंचाइयों पर ले जाएगी. सूरमा हॉकी क्लब के कोच जेरोन बार्ट हैं, जबकि भारतीय हॉकी के दिग्गज सरदार सिंह उनके मेंटर हैं.

पाइक्रॉफ्ट ने बतौर मैच रेफरी 100 पुरुष टेस्ट मैच पूरे किए

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एंडी पाइक्रॉफ्ट को मैच रेफरी के रूप में 100 पुरुष टेस्ट मैच पूरे करने पर बधाई दी है.मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के सदस्य पाइक्रॉफ्ट ने गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच चौथे टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की. 68 वर्षीय पूर्व जिम्बाब्वे कप्तान ने 2009 से अब तक 238 पुरुष वनडे, 174 पुरुष टी20 और 21 महिला टी20 मैचों में भी अंपायरिंग की है.आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक - अंपायर और रेफरी सीन ईज़ी ने कहा, मैं एंडी को बधाई देना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने आईसीसी मैच रेफरी के रूप में टेस्ट मैचों का शतक पूरा कर लिया है. हमारे एलीट पैनल के एक अनुभवी सदस्य के रूप में, वे खेल की रक्षा और सुधार के लिए क्रिकेट की अपनी समझ का लगातार लाभ उठाते हैं.

मांजरेकर ने मेलबर्न टेस्ट में भारतीय टीम के चयन की आलोचना की, कहा-

गिल को बाहर करना कठोर कदम

एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के चयन की आलोचना की और कहा कि बल्लेबाज शुभमन गिल को प्लेइंग इलेवन से बाहर करना एक गलत और कठोर फैसला था. टॉस के समय भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पुष्टि की कि शुभमन गिल बॉक्सिंग डे टेस्ट से बाहर रहेंगे और वाशिंगटन सुंदर ने प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह बनाई है. कप्तान ने यह भी कहा कि वह शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करेंगे. गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मांजरेकर ने कहा कि एमसीजी में टीम इंडिया के लिए प्लेइंग इलेवन का चयन अजीब था. पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि गिल को बाहर करने और वाशिंगटन सुंदर को शामिल करने के फैसले से न तो गेंदबाजी मजबूत हुई और न ही बल्लेबाजी.

उन्होंने एक्स पर लिखा, प्लेइंग इलेवन का चयन अजीब है. नॉन-टर्निंग पिच पर किए गए बदलाव से न तो गेंदबाजी मजबूत हुई और न ही बल्लेबाजी. गिल को बाहर करना कठोर है. इस बीच, ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में अनकैप्ड अंडर-19 बैटिंग सेंसेशन सैम कोंस्टास शामिल थे, जिन्होंने उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग की.

दोनों टीमें इस प्रकार हैं

ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग इलेवन : उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड.
भारत प्लेइंग इलेवन : यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप.

उपलब्धि

रोहन बोपन्ना और सुमित नागल के लिए खास रहा वर्ष 2024

बोपन्ना पुरुष युगल में पहली बार दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी बने

एजेंसी। नई दिल्ली

वर्ष 2024 भारतीय टेनिस के लिए उतार-चढ़ाव वाला रहा, लेकिन कुछ ऐसे क्षण भी थे जो उल्लेखनीय रहे और एक उज्जवल भविष्य की उम्मीदों को जीवित रखा, विशेषकर रोहन बोपन्ना का ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताब जीतने के सिलसिले ने उन्हें पुरुष युगल में पहली बार विश्व नंबर 1 बनने वाला सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बना दिया और सुमित नागल ने एटीपी टॉप 100 में प्रवेश किया.

बोपन्ना की ऑस्ट्रेलियन ओपन की जीत : 19 अलग-अलग जोड़ीदारों और 61 प्रयासों के बाद, बोपन्ना ने आखिरकार पुरुष युगल ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया, जिसकी तलाश वह तब से कर रहे थे, जब उन्होंने 22 साल पहले चेन्नई में युगल में एटीपी टूर की शुरुआत की थी.बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी को 7-6(0), 7-5 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता.

इस उपलब्धि ने बोपन्ना को पहली बार पुरुष युगल में विश्व नंबर 1 खिलाड़ी बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी और ओपन युग में मेजर खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बना दिया. उन्हें चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री पुरस्कार के लिए भी चुना गया.

सुमित नागल ने शीर्ष 100 में जगह बनाई

चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर की शुरुआत में 121वें स्थान पर रहे नागल ने एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया. नागल 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद शीर्ष 100 की बाधा को पार करने वाले पहले भारतीय बने, क्योंकि उन्होंने फाइनल में इटली के लुका नारदी को 6-1, 6-4 से हराकर एटीपी चैलेंजर टूर पर अपना पांचवां खिताब जीता. नागल ने सभी चार मेजर के साथ-साथ पेरिस ओलंपिक में भी मुख्य ड्रॉ खेला.

डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 सीजन 3

शारजाह वारियर्स की कप्तानी करेंगे टिम साउथी

एजेंसी। शारजाह

न्यूजीलैंड के आधुनिक क्रिकेट के सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक टिम साउथी डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के आगामी संस्करण में शारजाह वॉरियर्स की कप्तानी करेंगेङ 4 वनडे विश्व कप और 6 टी20 विश्व कप खेल चुके साउथी डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 में पहली बार हिस्सा ले रहे हैं. साउथी ने अपने करियर के विभिन्न चरणों में न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम की कप्तानी की है. 36 वर्षीय साउथी ने भारत में आईपीएल के 10 सीजन खेले हैं, जिसमें केकेआर, मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर जैसी टीमों के लिए खेला है, और यूके में द हंड्रेड और विटैलिटी ब्लास्ट में भी खेल चुके हैं.गेंदबाज के तौर पर साउथी के मुख्य हथियार तेज गति और आउटस्विंग हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों में उन्होंने क्रॉस-सीम डिलीवरी और ऑफ कटर फेंकने की क्षमता भी विकसित की है.साउथी की सटीक सटीकता और बेहतरीन विविधता ने उन्हें वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाने में मदद की है.19 साल की उम्र में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने वाले न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी ने पहले टी20 क्रिकेट में डेब्यू किया.जिसके बाद उन्होंने अपने देश के लिए वनडे और टेस्ट में अपना पहला मैच खेला. इंग्लैंड के खिलाफ टी20 में डेब्यू करते हुए साउथी का पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट पॉल कॉलिंगवुड का था.

तिलैया डैम की प्राकृतिक सुंदरता देख लगता है कि मानो कुदरत ने स्वयं अपने हाथों से इसे संवारा हो

नव वर्ष पर सैलानियों को अपनी ओर खींच रहा है तिलैया डैम

संवाददाता । चंदवारा (कोडरमा)

नव वर्ष के आगमन के साथ ही लोगो के मन मे प्रकृति के प्रति मोह आकर्षित करता है. और लोग ऐसे स्थानो का चयन करते हैं. जहां की खूबसूरती मनमोहक हो. साथ ही उस क्षेत्र का नजारा ऐसा हो जिससे कि नववर्ष की जो खुशी है वह दुगनी हो जाए. ऐसा ही हमारे कोडरमा जिला मुख्यालय से मात्र 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है तिलैया डैम, जो प्रकृति की गोद में बसा हुआ है. तिलैया डैम में अति मनमोहक व खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है. जिस कारण पर्यटकों को अपने ओर आकर्षित करता है.

तिलैया डैम की प्राकृतिक सुंदरता देख लगता है कि मानो कुदरत ने स्वयं अपने हांथो से इस जगह को संवारा हो. तिलैया डैम पिकनिक स्पॉट के लिए प्रसिद्ध है. यहां पर सैलानी लोग पिकनिक मनाने के लिए बिहार, बंगाल सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से आते हैं. यहां पर सैलानी वोटिंग के साथ साथ हसीन वादियों एवं जल की कल कल धाराएं का मजा उठाते हैं. यहां पर 1 दिसंबर से लेकर पूरा जनवरी माह तक सैलानियों का जमावड़ा लगा रहता है. खास कर के नव वर्ष मनाने के लिए 1 जनवरी को सैलानियों की अधिक भीड़ लगी रहतल ती है.

तिलैया डैम पहाड़ के ऊपर चिल्ड्रेन पार्क है,जहा झूला और पानी का फुहारा गिरता है जो बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहता है. तिलैया डैम जलाशय के बीचों बीच चेचरो पार्क है जो पर्यटकों को अपने और आकर्षित करता है,वहां पर पहुचने के लिए पर्यटकों को वोट की सवारी करनी पड़ती है.इसके लिए यहा जिला प्रशासन द्वारा स्टीमर एवं डबल डेकर वोट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. यहा आने वाले सैलानी वोटिंग का भरपूर आनंद उठाते हैं. वहीं तिलैया डैम में विधुत का भी उत्पादन किया जाता है. यहां आने वाले पर्यटक उसका भी नजारा अपनी आंखों से देखते हैं. दूर दराज से आने वाले सैलानियों को ठहरने के लिए सर्किट हाउस बनाया गया है. तिलैया डैम से सटे सैनिक स्कूल है, जो तिलैया डैम की खूबसूरती में और भी चार चांद लगा देती है. वही भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सैलानियों की सुरक्षा के लिए यहां पुलिस बल के जवानों को तैनात किया जाता है. देखा जाए तो तिलैया डैम जिला का सुप्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट है. हालांकि इसे और भी विकसित करने की आवश्यकता है.

न्यूज अपडेट

कोडरमा:टोल प्लाजा कर्मियों पर जानलेवा हमला

चंदवारा (कोडरमा)। मदनगुंडी टोल प्लाजा में कार्यरत कर्मियों पर जानलेवा हमला करने, लूट व तोड़फोड़ करने को लेकर टोल प्लाजा के प्रबंधक ने चंदवारा थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया है. दिए गए आवेदन में कहा है कि बुधवार को सुबह के 7 :43 में एक सफेद स्विफ्ट डिजायर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच 10 एएम 6368) हैं. उसमें सुधीर यादव अपने चार साथियों के साथ टोल प्लाजा का बूम तोड़ दिया और इसका कारण पूछने पर हमारे कर्मियों पर सुधीर यादव और उसके साथियों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया. जिससे सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए. हैंडल कुछ जरूरी कागजात, कीमती सामान सहित 50,000 रुपये भी ले गए. उनलोगों ने ऑफिस में घुसकर तोड़ फोड़ किया और ऑफिस बॉय को भी बुरी तरह पीटा. साथ ही सरकारी सम्पति को नुकसान किया. उक्त लोग कृष्णा कावेरी बस, जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या (जेएच 12 एन 0216) है, के मालिक है. अक्सर वे धमकी देते है की मेरे बस से कोई टोल नहीं लेना है नहीं तो टोल को बम से उड़ा देंगे. ये लोग आपराधिक छवि के लोग है, जो अक्सर हमारे लोगो के साथ मारपीट करते हैं और धमकी देते रहते हैं. जाते जाते धमकी देते हुए कहा की अपने अधिकारियों को बता देना की मासिक 50,000 रूप रंगदारी और हमारी गाड़ियों को टोल फ्री पास देना होगा. वही दिए गए आवेदन के आलोक में चंदवारा थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है.

युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या कर ली

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत देवी मंडप रोड स्थित एक मकान में बीती रात्रि एक 17 वर्षीय युवती ने फांसी लागकर आत्महत्या कर ली. मृतका की पहचान सुहानी सिन्हा, पिता सुनील सिन्हा के रूप में हुई है. मामले को लेकर मृतका के चाचा अनिल सिन्हा ने बताया कि बुधवार की रात वे सब बिशुनपुर रोड स्थित अपने किसी रिश्तेदार के यहां पार्टी में गए हुए थे. वहीं जब वापस लौटा तो देखा कि सुहानी का कमरा बंद पड़ा हुआ है. दरवाजा खटखटाने पर जब सुहानी द्वारा दरवाजा नहीं खोला गया तो दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने पर देखा कि वो फांसी पर झूल रही है .जिसके पश्चात उसे आनन फानन में सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया. जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया. इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल कोडरमा में पोस्टमार्टम करवा रही है तथा आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई है.

भारत को जानो प्रतियोगिता लखनऊ में 19 को

कोडरमा। प्रतिवर्ष संपूर्ण देश के कोने कोने में फैले शाखाओं के स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक भारत विकास परिषद के बैनर तले आयोजित होनेवाली भारत को जानो प्रतियोगिता अपने आप में अनूठा है .पिछले दिनों झारखंड के आई आई टीआईएसएम धनबाद के सभागार में क्षेत्रीय स्तर पर पर भारत को जानो प्रतियोगिता हुई .जिसमें पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार एवं झारखंड के प्रांत स्तरीय विजेता टीमों ने भाग लिया .झारखंड के नॉर्थ प्रांत से प्रांत स्तरीय विजेता टीम जूनियर लेवल डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया की टीम शामिल हुई थी .इस प्रतियोगिता के संयोजक नॉर्थ झारखंड प्रांत के वित्त सचिव अश्विनी तिवारी एवं सह संयोजक धनबाद के अध्यक्ष सोमनाथ पूर्ति को बनाया गया था .जबकि क्विज मास्टर के रूप में हरियाणा के डॉ अशोक चौधरी एवं डीवीसी के राजेश कुमार थे .इस संबंध में झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर भारत को जानो प्रतियोगिता 19 जनवरी को लखनऊ में होगी.

साढ़ पंचायत भवन से 30 कुर्सियां चुरा ले गए चोर

बड़कागांव (हजारीबाग)। कुर्सी के लिए ही चारों ओर संघर्ष है. चोर उच्चक्के भी कुर्सी चुराने में लगे हैं. यहां बड़कागांव में कुर्सियों की चोरी चले जाने का मामला सामने आया है. यहां के बड़कागांव थाना क्षेत्र की सांढ़ पंचायत भवन से 25 दिसंबर रात्रि को चोरों ने लगभग 30 कुर्सियां चुरा लीं. इस संबंध में रोजगार सेवक सुरेंद्र ठाकुर के द्वारा बड़कागांव थाने में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है. इस संबंध सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि 26 दिसंबर गुरुवार लगभग 11:00 बजे पंचायत भवन पहुंचा तो देखा कि पंचायत भवन का सभी दरवाजा का ताला टूटा हुआ है. जिसे देखने के बाद लोगों को जानकारी दी गयी. उसके बाद चोरी के संबंध में जांच पड़ताल एवं उचित कानून कार्रवाई के लिए थाना में आवेदन दिया गया.

रामगढ़ में ट्रेलर ने स्कूटी सवार को रौंदा, मौत

रामगढ़। रामगढ़ शहर के छावनी परिषद कार्यालय के निकट गुरुवार को ट्रेलर ने स्कूटी सवार रौंद दिया. इस घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया .जानकारी के अनुसार पतरातू थाना के जयनगर निवासी सद्दाम हुसैन, पिता जावेद आलम अपनी स्कूटी (जेएच 01 ईई 1943) को सर्विस करने के लिए सर्विस सेंटर जा रहा था. इसी बीच पीछे से आ रही ट्रेलर (जेएच 05डीवी 3568) ने रौंदते हुए सड़क किनारे तक ले गया. फिर तेज रफ्तार से भागने लगा. वही, लोगों ने उसे नया बस स्टैंड के पास पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने चालक सिमरिया चतरा निवासी रूपेश कुमार पांडे को हिरासत में लेकर थाने लाकर पूछताछ कर रही है.

डीपीएस के पांच सौ छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

बरकट्ठा (हजारीबाग)। प्रखंड के गंगपाचो स्थित प्लस टू डिवाइन पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के पांच सौ छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया. छात्रों ने भद्रकाली मंदिर, पारसनाथ और बोधगया का भ्रमण किया. प्राचार्या ने कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति कि यह योजना रहती है की हमें हर प्रकार से छात्र-छात्राओं के बौद्धिक, मानसिक व शारीरिक विकास के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए. बच्चे आंखों देखी घटनाओं को जीवन पर्यंत याद रखते हैं. प्रकृति के बीच की शिक्षा उनके मन मस्तिष्क में सदा के लिए छप जाती है. उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने का अभिन्न अंग है. स्कूल निदेशक आईपी भारती ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों में उत्सुकता तो बनती ही है. साथ ही साथ एक नए वातावरण में शिक्षा ग्रहण करना उनके लिए आसान और आंखों देखी शिक्षा को आत्मसात करना और भी सरल हो जाता है. बच्चों ने अपने इतिहास, भूगोल, विज्ञान और सामाजिक व्यवस्था से रूबरू हुए.

आईलेक्स ने पहला लीग मैच 179 रनों से जीता

बरही (हजारीबाग)। हजारीबाग में आयोजित लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल टूर्नामेंट में आईलेक्स पब्लिक स्कूल बरही ने 179 रन से जीत दर्ज की. आईलेक्स स्कूल का मुकाबला ओएसिस पब्लिक स्कूल हजारीबाग से था. ओएसिस पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया. आईलेक्स स्कूल ने बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 9 विकेट खोकर शानदार 219 रन बनाए. दीपक प्रसाद ने 67 बॉल पर नाबाद 59 रन बनाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. जवाबी पारी खेलते हुए ओएसिस पब्लिक स्कूल की टीम 10 ओवर में 40 रन बनाकर आउट हो गई. आईलेक्स पब्लिक स्कूल के नीतीश कुमार 3 ओवर में 9 रन देकर 4 विकेट लिए. आईलेक्स स्कूल के टीम कोच भूषण कुमार ने शानदार जीत के लिए टीम को बधाई दी. विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि ये आरम्भ है इसे मंजिल समझ कर रूक मत जाना.

यंग क्रिकेट क्लब ए ने 149 रन से जीत दर्ज की

रामगढ़। रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित स्थानीय छावनी फुटबॉल मैदान में आईजे मेहरा मेमोरियल ए डिवीजन लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 का मैच यंग क्रिकेट क्लब बनाम एसकेवाई इलेवन रामगढ़ के बीच गुरुवार को खेला गया. यंग क्रिकेट क्लब टॉस जीतकर निर्धारित 35-35 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर के मैच में 8 विकेट के नुकसान पर 241/8 का विशाल स्कोर खड़ा किया. उनके मुख्य बल्लेबाज हर्ष राणा 102 रन, मृगेंद्र कुमार सिंह 41 रन, लक्ष्मण कुमार 22, रन, वहीं एसकेवाई इलेवन के गेंदबाज अनित्य अनुपम अपने 7 ओवर में 51 रन देकर 3 विकेट लिया, आलोक गोप 7 ओवर में 45 रन देखकर 2 विकेट प्राप्त किया. अविनाश, विकास एवं ऋषि प्रकाश को एक-एक विकेट से संतोष करना पड़ा. जवाब में एसकेवाई इलेवन 242 रन का पीछा करते हुए 21.3 ओवर में 92/10 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. उनके मुख्य बल्लेबाज सूर्य प्रकाश 17 रन, ऋषि प्रकाश 19 रन, वही, यंग क्रिकेट क्लब के गेंदबाज दिव्यम राज शानदार 5 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिया. मृगेंद्र कुमार सिंह, 3 ओवर में 6 रन दे कर हैट्रिक विकेट के साथ शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट, आयुष एवं रौशन को दो-दो विकेट प्राप्त किया. मैच यंग क्रिकेट क्लब ए 149 रन से जीत दर्ज की। मैच का अंपायर आलोक केसरी एवं समीर कुमार थे.

मरकच्चो थाना क्षेत्र में बढ़ गयी हैं चोरियां

संवाददाता । मरकच्चो (कोडरमा)

थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं लें रही है. आए दिन अज्ञात चोरों द्वारा बेखौफ होकर चोरी के वारदात को अंजाम दिया जा रहा है. चोरों ने एक बार फिर बुधवार की रात थाना क्षेत्र के विचरिया मे दो घरों से लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है. वहीँ चार घरों मे चोरी का असफल प्रयास भी किया है. मामले को लेकर पीड़ित दीपक राम ने थाना में आवेदन देकर चोरी की घटना से अवगत कराया है. दिए गये आवेदन में बताया है की बुधवार को उनका पुरा परिवार एक रिश्तेदार के यहाँ गया हुआ था. वहीं गुरुवार को वह ज़ब वापस लौटे तो अपने घर का मुख्य द्वार खुला हुआ पाया और ज़ब घर के अंदर गए तो घर के अंदर का सभी सामान बिखरा हुआ देखा. उन्होंने बताया की चोरो ने उनके घर से लगभग पौने दो लाख के जेवरात, लगभग पचास हज़ार के बर्तन, पचास हज़ार का इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े तथा नगद पांच हज़ार की चोरी कर ली है. वहीं चोरों ने विचरिया निवासी बीरेंद्र यादव के घर से भी हज़ारों की चोरी कर ली तथा सतीश बर्मा, रामदेव यादव, मनोज बर्मा, सुखदेव वर्मा के घर पर भी चोरी का असफल प्रयास किया. चोरी की घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त है. घटना की जानकारी मिलने पर एसआई गोविन्द सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पंहुच घटनाक्रम की जानकारी ली.थाना क्षेत्र में चोरों का गिरोह लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे है. नवंबर माह के दौरान विभिन्न ग्रामीण इलाकों में अब तक करीब आधा दर्जन दो पहिया और चार पहिया वाहनों की चोरी होती रही है.

इन क्षेत्रों में चोरी की घटना हुई है

- 05 नवंबर को जामु से पिकअप वैन की चोरी.
- 16 नवंबर को जामु से पिकअप वैन की चोरी.
- 20 नवम्बर को बरियारडीह से मोटर साइकिल की चोरी.
- 29 नवम्बर को नावाडीह बाजार से दो मोटर साइकिल की चोरी.
- 29 नवम्बर को ही मरकच्चो ब्लॉक चौक के दूकान से लाखों की चोरी.
- 22 नवम्बर को जामु बाजार से एक मोटर साइकिल की चोरी समेत और भी कई चोरी की घटना शामिल हैं.

बंदी से पहले समिति ने सीसीएल के पदाधिकारी, प्रशासन को सूचना दी

मजदूरी के भुगतान के मुद्दे पर बंद होगा सिरका लोकल सेल

संवाददाता । रामगढ़

मजदूरी के भुगतान के मुद्दे पर एक बार फिर सिरका लोकल सेल बंद होगा. 27 दिसंबर से अनिश्चितकालीन बंदी का ऐलान सेल संचालन समिति ने किया है. बंदी से पहले समिति के पदाधिकारियों ने सीसीएल के पदाधिकारी और रामगढ़ जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी है. सेल संचालन समिति के अध्यक्ष राजेश बेदिया ने बताया कि लोकल सेल को शांतिपूर्ण और मजदूर हित में चलाने को लेकर कई महीनो से जारी विवाद खत्म हो गया था. साथ ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में सेल को संचालित करने का फैसला भी हुआ था.

इस दौरान यह निर्देश भी जारी किया गया था कि मजदूरों का बकाया मजदूरी लिफ्टर से प्राप्त कर भुगतान कर दिया जाए. लेकिन लिफ्टर अब किसी की बात नहीं मान रहे हैं. इस मुद्दे पर सेल्स संचालन समिति ने यह फैसला किया है कि मजदूरों का बकाया मजदूरी शीघ्र भुगतान किया जाए. अन्यथा 27 दिसंबर से सिरका कोलियरी का उत्पादन और संप्रेषण अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया जाएगा. इसकी जवाबदेही स्थानीय सीसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन की होगी.

सेल संचालन समिति के अध्यक्ष राजेश बेदिया ने बताया कि समिति और कांग्रेसी नेता समसूद खान के बीच 20 दिसंबर को एसडीओ कार्यालय में वार्ता हुई थी. उस दौरान एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी और रामगढ़ विधायक ममता देवी भी मौजूद थी. इस वार्ता में सितंबर माह से मजदूरों का बकाया मजदूरी कोयला व्यवसायियों के प्रतिनिधियों से लेकर मजदूरों के बीच भुगतान करने का फैसला हुआ था. एसडीओ और ममता देवी ने मौखिक आदेश दिया था, लेकिन उसके बावजूद भुगतान नहीं हो सका.

राजेश बेदिया ने बताया कि 17 दिसंबर को सिरका रोड सेल संचालन समिति और प्रभावित समसूद खान के बीच समझौता हुआ था. इस समझौते में कांग्रेस को कुल 15 दंगल का नेतृत्व करने का आदेश समिति के द्वारा दिया गया था. सब कुछ होने के बावजूद मुख्य मुद्दा ही भटक गया. मजदूरों को मजदूरी का भुगतान करने से रोक दिया गया है. अब समिति खुद ही इस मुद्दे पर मुखर रूप से आगे आ चुकी है और सिरका कोलियरी में उत्पादन ठप करने का फैसला लिया गया है.इस प्रकरण पर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने कहा कि सिरका सेल संचालन समिति और सीसीएल के बीच कई महीने से विवाद चल रहा है. सेल में भी कई गुट हैं जो एक दूसरे के साथ भिड़ते रहते हैं. वह आपस में कैसे ताल में बिठाएंगे यह उनका व्यक्तिगत निर्णय है.अगर मजदूरी की बात है तो सीसीएल प्रबंधन फैसला ले सकती है.अगर वहां विधि व्यवस्था बिगड़ती है तो जिला प्रशासन कदम उठाएगा.

जैविक खेती के महत्व पर कार्यशाला आयोजित

इचाक(हजारीबाग)। दुर्गा नगर इचाक मोड़ जैविक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस मौके पर विधायक मनोज यादव, अमित कुमार यादव, जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और बटेश्वर प्रसाद मेहता ने विचार रखे. कार्यक्रम में मौजूद किसानों को जैविक प्रणाली खेती करने की सलाह वक्ताओं ने दी. कहा कि जैविक प्रणाली अपनाने से स्वास्थ्य के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण सहजता से हो सकेगा. फसल में गुणवत्ता की वृद्धि के लिए जैविक खेती अपनाना जरूरी है. जिससे समाज के साथ-साथ मानव जीवन और पर्यावरण का संरक्षण संभव है. कार्यशाला में मौजूद किसानों को कार्यक्रम के दौरान का पौधा विपरीत कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग की अपील की गई.

गर्लफ्रेंड को गिफ्ट करने के लिए बेटे ने चुराए मां के 20 लाख के गहने

संवाददाता ।कोडरमा

कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र स्थित बजरंग नगर में एक बेटे की चौंकाने वाली करतूत सामने आयी है. बेटे ने अपनी ही मां के लाखों रुपये के आभूषण की चोरी कर ली. हालांकि, पुलिस ने मां के बयान और शक के आधार पर चोरी की वारदात के घंटे भर के अंदर बेटे रोशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली.

पूछताछ में हुआ खुलासा, बेटे का एक महिला से था संबंध, जो कर रही थी तरह-तरह की डिमांड

पुलिस की पूछताछ में उसने जो बताया, वह और भी चौंकाने वाला है. उसके अनुसार उसका एक महिला के साथ संबंध है, जो लगातार पैसों और अन्य महंगी वस्तुओं की मांग करती है. इसलिए उसने अपनी मां के गहने की चोरी की. बहरहाल, पुलिस ने गहना भी बरामद कर है. उसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये बतायी जा रही है. इन गहनों में चार जोड़ी सोने की चेन, छह जोड़ी कान के झुमके, पायल आदि शामिल हैं.

मां ने कहा, पिता पिछले दो वर्षों से दुबई में, बहू छत पर और मैं बाहर, फिर बेटे पर शक तो बनता है

रोशन की मां पीड़िता गीता देवी ने पुलिस को बताया कि बुधवार को दिन के लगभग दो बजे वह घर के बाहर घूम रही थी. थोड़ी देर बाद जब घर के अंदर गयी तो कमरे का दरवाजा खुला और अलमारी का ताला टूटा हुआ पाया, जिसमें रखे गहने गायब मिले. गीता देवी के अनुसार रोशन के पिता पिछले दो वर्षों से दुबई में हैं. घटना के समय घर में सिर्फ उनकी बहू थी और वह छत पर थी. उसने आरोप लगाया कि हो न हो, यह करतूत उनके बेटे की है. इसके बाद घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जब रोशन से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया.

वर्णवाल सेवा समिति ने मनाई महाराजा अहिबरन की जयंती

रामगढ़। स्थानीय साहू धर्मशाला के सभागार में गुरुवार को वर्णवाल सेवा समिति रामगढ़ की ओर से महाराजा अहिबरन की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. इस दौरान समाज के अध्यक्ष पंकज कुमार वर्णवाल, छोटू लाल मोदी, दीलीप वर्णवाल, मदन मोदी, लक्ष्मी वर्णवाल, प्रियंका देवी ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. अपने संबोधन में वक्ताओं ने महाराजा अहिबरन के बारें में विस्तार से बताया. कहा कि उनका जैसा दानबीर दूसरा कोई नहीं हुआ. जयंती समारोह में मुख्य रूप से मदन मोदी, बादल वर्णवाल, शेखर वर्णवाल, संजय वर्णवाल, पक्राश वर्णवाल, सागर वर्णवाल, अभिषेक वर्णवाल, सुरेश वर्णवाल, टिंकु वर्णवाल, राजेद. वर्णवाल, अजय वर्णवाल, विकास वर्णवाल, केशव श्री, लक्ष्मी वर्णवाल, पुनम वर्णवाल, प्रियंका वर्णवाल, संध्या वर्णवाल, नीतु वर्णवाल, सविता वर्णवाल, गीता वर्णवाल, ममता वर्णवाल, सीमा वर्णवाल, सचिन सहित अनेक लोग उपस्थित थे.

मनरेगा बिचौलिया से परेशान है एघारा मुखिया मालती देवी

संवाददाता । प्रतापपुर (चतरा)

जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत एघारा पंचायत में मनरेगा योजना चलाने के लिए बिचौलिया लोग बेचैन है. लोग गलत कार्य कराने के लिए प्रतिदिन बिचौलिया मुखिया पर दबाव बना रहे है. कार्य नहीं होने पर सोशल मिडीया पर मुखिया को बदनाम किया जा रहा है.

इस संबंध मे एघारा मुखिया मालती देवी ने बतायी कि एघारा पंचायत में मनरेगा बिचौलिया काफी सक्रिय है, तथा बिना कार्य किये ही पैसा निकासी करना चाहते है. बिचौलिया द्वारा गलत काम में भुगतान किए जाने का दबाव बनाया जाता है. बिचौलियों का कार्य नहीं करने पर सोशल मिडिया पर झूठे न्यूज चलाकर बदनाम किया जाता है. मुखिया ने आगे बतायी कि बिचौलिया जिस तलाब व डोभा में लोगों का डिमांड कराने चाहते है.उस योजना का स्थल निरीक्षण किया तो देखा कि योजना स्थल पर एक भी मजदूर काम नहीं कर रहे हैं. बिचौलिया अपने मर्जी से गांव से बाहर रहने वाले एवं सुखी-सम्पन्न लोगो का जॉब कार्ड बनाकर पैसा की निकासी करना चाहते हैं. इसके पूर्व के कार्यकाल में एघारा पंचायत में एक ही योजना को दिखाकर कई बार पैसा निकासी किया गया है. जबकि योजना कार्यस्थल पर भी नहीं है.

बड़कागांव व मांडू सीट हारने पर झामुमो ने किया मंथन

रामगढ़। झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है. रामगढ़ जिले में एक सीट पर गठबंधन की जीत हुई और दो सीट पर हार मिली है. बड़कागांव और मांडू विधानसभा सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार की हार पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मंथन किया है. गुरुवार को पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू की अध्यक्षता में बैठक हुई. इस दौरान विधानसभा चुनाव की समीक्षा की गई. साथ ही पार्टी की सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई. यहां पंचायत और बूथ स्तर की कमेटी की मजबूती पर बल दिया गया. जिला अध्यक्ष ने कहा कि अभी से ही सदस्यता अभियान चलाई जाएगी. जिला अध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन सरकार की सभी योजना को जिले के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए हर टोले, मुहल्ले में झामुमो के सिपाही दौरा करेंगे.

तैयारी लीज की आड़ में वर्षों से अवैध पत्थर का उत्खनन जारी

वन क्षेत्र में चल रहे उत्खनन की जांच में होगा बड़ा खुलासा

जिले में पत्थर माइंस की मापी शुरू

संवाददाता । चतरा

चतरा उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर चतरा जिले में संचालित पत्थर माइंसों का मापी का कार्य शुरू किया गया है. पत्थर माइंस मापी टीम में एसीअरविंद कुमार जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, अंचलाधिकारी, वन क्षेत्र के अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं. अभियान में पत्थर माइंस की मापी शुरू की गई.

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि मापी का कार्य पूरा होने के बाद कार्रवाई की जाएगी. मापी पूर्ण होने के बाद ही इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट तैयार किया जाएगा. इसके बाद यह रिपोर्ट जिला को उपलब्ध कराया जाएगा.पत्थर माइंस की मापी शुरू होने के बाद पत्थर माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है.

ईमानदारी से हुई मापी तो खुलेंगे कई अवैध उत्खनन के राज : पत्थर माइंस की मापी के लिए गठित कमेटी के द्वारा यदि ईमानदारी पूर्वक पत्थर माइंस की मापी कर दी गई तो कई पत्थर माफियाओं की करतूत की राज खुल जाएगी.

जानकारी के अनुसार पिछले कई वर्षों से पत्थर खनन के कार्य में जुटे कई माइंस संचालक निर्धारित लीज से अधिक क्षेत्र में खुदाई कर पत्थर निकाल चुके हैं. जबकि कई दिग्गज नेता, माफिया का भी पत्थर का खदान संचालित की जा रही है.इन खदान संचालकों पर पूर्व में खनन विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई करते हुए जुर्माना के रूप में मोटी रकम की वसूली भी की गई है. कई लीज धारक पत्थर उत्खनन के नियम कानून को ताक पर रखकर पत्थर उत्खनन किया है. उत्खनन के बाद माइंस को खुला छोड़ दिया गया है. जबकि खनन के बाद गड्ढे को भरने का भी प्रावधान है. यदि टीम नियम संगत मापी करती है, तो संचालकों के विरुद्ध ना सिर्फ कानूनी कार्रवाई संभव है, बल्कि करोड़ो रुपए फाइन भी भरना पड़ सकता है.बताया जाता है कि लीज के आड़ में वर्षों से अवैध पत्थर का माइंस में खुदाई चल रहा है. कई बार लाखों लाखों रुपया का फाइन माफियाओं द्वारा भरा गया है. उसके बाद भी जिले में अवैध पत्थर उत्खनन का खेल पदाधिकारियों के सहयोग से जिले में जारी है.

न्यूज अपडेट

दक्षिण कोरिया : कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के खिलाफ मोर्चा खोला

सियोल । दक्षिण कोरिया में अब विपक्ष ने कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के खिलाफ मोर्चा खोल दिया. मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया (डीपीके) ने हान पर संवैधानिक न्यायालय में खाली तीन जजों के पदों पर नियुक्ति पर आनाकानी का आरोप लगाया है. साथ ही महाभियोग का सामना करने के लिए चेताया है. दक्षिण कोरिया के दो प्रमुख समाचार पत्रों द कोरिया टाइम्स और द कोरिया हेराल्ड ने अपनी खबर में इस विवाद पर विस्तार से चर्चा की है. दरअसल कार्यवाहक राष्ट्रपति हान ने कहा है कि वह तब तक संवैधानिक न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं करेंगे जब तक प्रतिद्वंद्वी पार्टियां राजनीतिक समझौता नहीं कर लेतीं.

जापान एयरलाइंस पर साइबर हमला, टिकटों की बिक्री रोकी गई

टोक्यो । जापान एयरलाइंस पर बड़ा साइबर हमला हुआ है. इसका असर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर पड़ सकता है. जापान एयरलाइंस ने साइबर हमले की पुष्टि की है. द जापान टाइम्स के अनुसार, जापान एयरलाइंस ने गुरुवार को कहा कि सुबह उसके सिस्टम पर साइबर हमला किया गया. सुबह 8:56 बजे इसका पता चला. तकनीकी टीम ने समाधान कर लिया है. साइबर हमले की सूचना के बाद प्रस्थान करने वाली घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए टिकटों की बिक्री अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई. एयरलाइन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹इससे हुई असुविधा के लिए हम माफी मांगते हैं.₹ जापान प्रसारण निगम के अनुसार, हानेडा हवाई अड्डे पर लगभग एक दर्जन प्रस्थान उड़ानों में 50 मिनट तक की देरी हुई है.

इमारान की पत्नी बुशरा बीबी को अदालत से राहत, अंतरिम जमानत

इस्लामाबाद । पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गुरुवार को यहां एक स्थानीय अदालत ने बड़ी राहत प्रदान की. अदालत ने उन्हें 26 नवंबर के विरोध प्रदर्शन के संबंधित मामलों में अंतरिम जमानत दे दी. एआरवाई न्यूज चैनल की खबर में यह जानकारी दी गई. एआरवाई के अनुसार, बुशरा बीबी अपने खिलाफ तारनोल पुलिस स्टेशन में दर्ज चार और रमना पुलिस स्टेशन में दर्ज तीन मामलों में अंतरिम जमानत के लिए अपने वकीलों के साथ जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश हुईं. न्यायालय ने प्रत्येक मामले में 50 हजार रुपये के जमानती मुचलके पर उनकी जमानत मंजूर की.

कुर्स्क पर यूक्रेन के हमले में चार लोगों की मौत, पांच घायल हुए

मॉस्को । रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की लपटों से कुर्स्क झुलस रहा है. स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि रूस के दक्षिण-पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र के एलजीओवी शहर पर यूक्रेनी हमले में कम से कम चार लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए. द मॉस्को टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, कुर्स्क क्षेत्र के कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशेटिन ने टेलीग्राम पर लिखा, प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार यूक्रेनी सशस्त्र बलों की एलजीओवी में की गई बर्बर गोलाबारी में तीन लोगों की जान चली गई. एक व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया.' खिनशेटिन ने कहा कि पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

बांग्लादेश सचिवालय : आग बुझाने के दौरान कर्मचारी की हो गई मौत

ढाका । बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज तड़के बांग्लादेश सचिवालय की बिल्डिंग नंबर-7 में आग बुझाने के दौरान हुए हादसे में एक अग्निशमन कर्मचारी की जान चली गई है. इस बिल्डिंग में रात करीब 1:52 बजे आग लग गई थी. ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र ने अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के हवाले से खबर दी कि अग्निशमन कर्मियों ने सुबह 8:05 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया. सूचना मिलते ही अग्निशमन सेवा कर्मी दो मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचे. अधिकारियों के अनुसार, जान गंवाने वाले अग्निशमन कर्मी का नाम मोहम्मद सोहनूर जमान नोयोन है. रंगपुर के मीठापुकुर उपजिला के रहने वाले नोयोन तेजगांव स्टेशन में पदस्थ थे.

सीरिया के विद्रोही गुट अहमद अल -शरा का नेतृत्व स्वीकार करेगा

दमिश्क । सीरिया में अब सभी सैन्य विद्रोही गुट आपसी मतभेद भुलाकर आक्रामक नेता अहमद अल-शरा के नेतृत्व में काम करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के रूस भाग जाने के बाद अस्तित्व में आई कार्यवाहक सरकार की भी यही कोशिश है. उसने 25-26 दिसंबर को सरकारी संस्थानों में कामकाज निलंबित करने का फैसला किया है. सीरियन अरब न्यूज एजेंसी की खबर के अनुसार, अहमद अल-शरा ने रविवार से मुलाकात का सिलसिला शुरू किया है. वह नए सैन्य संस्थान के स्वरूप पर चर्चा कर रहे हैं. अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में भी कहा गया है कि सीरिया के नए नेता विद्रोही गुटों को एक मंच पर लाने की कोशिश कर रहे हैं.

शुभम संदेश

श्री पंच अग्नि अखाड़ा' ने महाकुंभ मेले में पेशवाई जुलूस के दौरान किया प्रदर्शन

एजेंसी । प्रयागराज

वार्षिक महाकुंभ मेले की शुरुआत के प्रतीक के रूप में, 'श्री पंच अग्नि अखाड़ा' ने अपने पेशवाई जुलूस के दौरान आकर्षक प्रदर्शन किया. यह जुलूस साधुओं और अखाड़े के अन्य सदस्यों के आगमन का प्रतीक है, जो विशेष रूप से कुंभ मेला में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं. जुलूस में शामिल कलाकारों ने पारंपरिक धार्मिक नृत्य और रचनात्मक प्रदर्शन करके वातावरण को उत्सवमय बना दिया, जो इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन की गरिमा को दर्शाता है.

प्रधानमंत्री ने 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ किया, बोले-

युवाओं के कारण विकसित भारत की सफलता तय है

- बोले- युवा पीढ़ी को भविष्य के लिए तैयार करने पर जोर दिया और कहा कि युवा अब केवल किताबी ज्ञान तक ही सीमित न रहें, बल्कि उन्हें अपने कौशल और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करना चाहिए

एजेंसी । नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय युवाओं के सामर्थ्य और साहस की सराहना करते हुए कहा कि आज के युवा भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएंगे. प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित वीर बाल दिवस समारोह के दौरान दी. इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ भी किया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में पोषण सेवाओं को बेहतर बनाना और सामुदायिक भागीदारी के जरिए पोषण परिणामों में सुधार करना है.

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के युवा आज विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं और उनका योगदान देश की सफलता के लिए अनिवार्य है. उन्होंने युवा पीढ़ी को भविष्य के लिए तैयार करने पर जोर दिया और कहा कि युवा अब केवल किताबी ज्ञान तक ही सीमित न रहें, बल्कि उन्हें अपने कौशल और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करना चाहिए. प्रधानमंत्री ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि आज भी भारतीय युवा विदेशी कंपनियों के शीर्ष पदों पर काबिज हैं, जो भारत की बढ़ती ताकत का प्रतीक हैं.प्रधानमंत्री ने आगामी 25 वर्षों के विकास को लेकर अपने दृष्टिकोण को साझा किया और कहा कि इस दशक में देश को तेज गति से विकास की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है. उन्होंने कहा, इस दशक में हमें अगले 25 वर्षों के लिए विकास की नींव रखनी है, और इसके लिए भारत के युवाओं को इस समय का पूरी तरह से लाभ उठाना होगा. हमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए भारत को भी प्रगति की ओर ले जाना है.

प्रधानमंत्री ने अपने पहले के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने लाल किले से यह संकल्प लिया था कि देश में एक लाख युवाओं को राजनीति में लाया जाएगा, जो गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि से आएंगे. यह संकल्प इस बात का प्रतीक है कि देश की राजनीति में एक नई और युवा पीढ़ी की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा. प्रधानमंत्री ने इस पहल को अगले 25 वर्षों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए युवाओं से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की. उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि देश की राजनीति में एक नई सोच और ऊर्जा का प्रवेश हो.

प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 2025 में 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' आयोजित करने का भी ऐलान किया, जिसमें देशभर के लाखों युवा भाग लेंगे. इस संवाद का उद्देश्य विकसित भारत के विजन पर विचार-विमर्श करना होगा.वीर बाल दिवस पर प्रधानमंत्री ने साहिबजादों की वीरता और बलिदान को याद किया और कहा कि यह दिन हमें देश और समाज के हित में अपनी जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा देता है. उन्होंने बताया कि वीर बाल दिवस ने भारत के लाखों बच्चों और युवाओं को साहस और प्रेरणा दी है.

प्रधानमंत्री ने वीर बाल दिवस की महत्वता पर भी प्रकाश डाला और कहा कि यह दिन हमें यह सिखाता है कि चाहे कितनी भी विपरीत स्थितियाँ हों, देश और उसके हित से बड़ा कुछ नहीं होता. उन्होंने यह भी कहा कि इस दिन हम साहिबजादों की वीरता को याद करते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को और अधिक मजबूत करें.इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ने वीर बाल दिवस के मौके पर 17 बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में उनके साहस, नवाचार, विज्ञान, खेल और कला में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार प्रदान किए. इन बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत के युवा न केवल साहसिक हैं, बल्कि वे अपने क्षेत्र में विश्व स्तर पर योगदान देने की क्षमता रखते हैं.

सीरिया : 20 समर्थक मारे गए, 45 गिरफ्तार किए गए

एजेंसी । दमिश्क

सीरिया में अब अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों की जान पर बन आई है. सैन्य संचालन विभाग ने राजधानी दमिश्क, ग्रामीण इलाकों, होम्स, लताकिया और टार्टस के कई इलाकों में अभियान चलाकर असद के 20 से अधिक समर्थकों को मार गिराया और कम से कम 45 लोगों को गिरफ्तार कर लिया. सीरियाई सैन्य संचालन विभाग असद के इन समर्थकों को आतंकवादी मान रहा है. अरबी न्यूज एजेंसी '963+' के अनुसार सैन्य संचालन विभाग के करीबी सूत्र ने बताया कि मेजेह 86, रिपब्लिकन गार्ड के आवासों, दमिश्क के डुम्मर प्रोजेक्ट, कुदसाया, अल-हमा और असल अल में सुरक्षा अभियान शुरू किया गया है. सैन्य संचालन विभाग ने वांछित व्यक्तियों और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए चार दिन का समय दिया था. इस अवधि के गुजरने के बाद शुरू किए गए अभियान में अपदस्थ शासन से जुड़े कम से कम 20 आतंकवादी मारे गए और 45 से अधिक को गिरफ्तार कर लिया गया.

दिल्ली सीएम आतिशी बोलीं-

अजय माकन पर 24 घंटे में कार्रवाई करे कांग्रेस

एजेंसी । नयी दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है. दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को कांग्रेस नेता अजय माकन पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, अजय माकन ने हमारे नेता अरविंद केजरीवाल को एंटी-नेशनल कहा है, जबकि उन्होंने कभी भाजपा के किसी नेता के खिलाफ ऐसा आरोप नहीं लगाया. आतिशी ने कांग्रेस से मांग की कि वह माकन के खिलाफ 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करे. आतिशी ने चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस ने माकन के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया, तो आप इंडिया गठबंधन से कांग्रेस को बाहर करने की अपील अन्य विपक्षी दलों से करेगी. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस दिल्ली में भाजपा के पक्ष में खड़ी हो गई है और भाजपा के समर्थन में हर कदम उठा रही है, जिससे आप को नुकसान हो रहा है.

मानसिक विकृतियों को खत्म करने में मदद करता है ज्ञान : डॉ. उमर अली शाह

भीमिली (विशाखापत्तनम)। श्री विश्व विज्ञान विद्या आध्यात्मिक पीठम के नौवें पीठाधिपति सदगुरु डॉ. उमर अली शाह ने कहा कि ज्ञान मानसिक विकृतियों को खत्म करने में मदद करता है. वे बुधवार को श्री विश्व विज्ञान विद्या आध्यात्मिक पीठम, भीमिली आश्रम के 23वें वार्षिक समारोह में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे.उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक सच्चा गुरु आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से सकारात्मक विचारों का परिचय देते हुए मानवता और करुणा का प्रसार करता है. सत्गुरु ने सेवा की भावना को बढ़ावा देने में आध्यात्मिकता के महत्व पर भी जोर दिया और सभी से आग्रह किया कि वे अपने वृद्ध माता-पिता की उपेक्षा न करें. इस कार्यक्रम का नेतृत्व सत्गुरु डॉ. उमर अली शाह ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में आंध्र विश्वविद्यालय के तेलुगु विभाग के प्रमुख डॉ. वेंकटेश्वर योगी उपस्थित थे. वक्ताओं में साहित्यकार पारवस्तु फणि शयनसूरी, विशाखा समाचार पत्र के संपादक एस. वीरभद्र राव,ए. राधाकृष्ण और डॉ. पिंगली आनंद कुमार उपस्थित थे. इस अवसर पर डॉक्टर उमर अली शाह व्यावसायिक संघ के गठन की घोषणा की गई. उस नवगठित संघ के संस्थापक सदस्य मनोज कुमार जैन ,उदय दुबे, एसआर मोहंती तथा शशि जायसवाल को सम्मानित किया गया. आश्रम की ओर से प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका 'तत्व ज्ञानम' का संपादन करने वाले ल. अशोक तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ल. अरुण को शाल ओढाकर गुरुजी के हाथों सम्मानित किया गया.

नरेंद्र ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी पर लहराया तिरंगा

रेवाड़ी । रेवाड़ी जिले के गांव नेहरूगढ़ के पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव ने हरियाणा का नाम रोशन किया है. नरेंद्र यादव ने अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ को फतह कर तिरंगा लहराया है. नरेंद्र की इस उपलब्धि पर परिजन ही नहीं समूचा रेवाड़ी गौरवान्वित महसूस कर रहा है. नरेंद्र ने 25 दिसंबर को अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ पर पहुंचकर तिरंगा लहराया, इस समय पर्वत का तापमान लगभग -52डिग्री था. यह अभियान 6 दिन में पूरा हुआ. इस अभियान में पूरे विश्व से पर्वतारोही शामिल हुए थे. इस अभियान में नरेंद्र भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे. उन्होंने अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ को फतह कर विश्व पटल पर भारत का नाम अंकित किया है. नरेंद्र का सपना सभी सात महाद्वीपों को फतह कर विश्व रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराना था.

कश्मीर में भीषण शीतलहर, रात के तापमान में गिरावट से पानी की आपूर्ति लाइनें जमीं

श्रीनगर । कश्मीर में भीषण शीतलहर की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है. शुक्रवार और शनिवार को ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना है, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ इस क्षेत्र को प्रभावित करने वाला है. कश्मीर में अधिकांश स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट आई है. पारे में गिरावट के कारण पानी की आपूर्ति लाइनें जम गई हैं. डल झील सहित कई जल निकायों की सतह पर बर्फ की एक पतली परत जम गई है. मौसम विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि श्रीनगर में बुधवार रात को न्यूनतम तापमान शून्य से 7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस नीचे के तापमान से थोड़ा ऊपर है.

अजब-गजब

इंसानों की तरह सज-धज कर कमाई करने वाला कुत्ता, हर महीने कमाता है एक लाख रुपये

कुत्ते की स्टाइल किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं है

- मिस्ट की सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग बन गई है. खासकर टिकटॉक पर उसके वीडियोज वायरल हो रहे हैं

शुभम संदेश डेस्क

इंग्लैंड के एक मादा कुत्ते की कहानी जानकर आप हैरान रह जाएंगे, जो इंसानों की तरह सज-धज कर कमाई करता है. इस कुत्ते की स्टाइल किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं है, और उसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है. यह कुत्ता न सिर्फ अपने मालिक के साथ दिखता है, बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी अपनी स्टाइल से काफी सुर्खियां बटोरता है.

25 साल के माली ने पाल रखा है इस कुत्ते को : कहानी है कोवेंट्री के 25 साल के कैलम बार्बर की, जो पेशे से माली हैं और उनके पास एक खास कुत्ता है. यह कुत्ता है केन कॉर्सो ब्रीड का, जिसका नाम मिस्ट है. मिस्ट अब दो साल की हो चुकी है, लेकिन उसकी खासियत यह है कि उसे इंसानों की तरह सजाया जाता है. कैलम ने मिस्ट को तब खरीदा था जब वह सिर्फ 8 हफ्ते की थी, और अब वह उसे स्टाइलिश कपड़े पहनाकर, चश्मा लगाकर और साइकिल पर बैठाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं.

सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग : मिस्ट की सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग बन गई है. खासकर टिकटॉक पर उसके वीडियोज वायरल हो रहे हैं. इनमें मिस्ट को साइकिल पर चढ़ते हुए, स्टाइलिश कपड़े पहने हुए देखा जा सकता है. यह वीडियोज इतने पॉपुलर हो गए हैं कि टिकटॉक से मिस्ट को पैसे मिलते हैं. इसके अलावा, मिस्ट के वीडियोज पर यूनिवर्सल और एक्सपीडिया जैसी बड़ी कंपनियां भी कोलैबोरेट कर रही हैं.

आम नौकरी करनेवाले से ज्यादा कमाई

इतना ही नहीं, मिस्ट की कमाई हर महीने एक लाख रुपये तक पहुंच जाती है, जो किसी आम नौकरी करनेवाले व्यक्ति की कमाई से कहीं ज्यादा है. कैलम बार्बर का कहना है कि मिस्ट ने अपनी एक खास पहचान बनायी है और वह अब अपने मालिक के लिए भी कमायी का जरिया बन चुकी है .मिस्ट की स्टाइल और उसकी लोकप्रियता देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यह कुत्ता अब एक स्टार बन चुका है, और उसकी कमाई का तरीका निश्चित रूप से सबको चौंकाने वाला है.

संभल में एएसआई टीम ने किया भद्रकास तीर्थ का दौरा, जांच जारी

संभल (उत्तर प्रदेश) । भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) और प्रशासन की टीम लगातार प्राचीन स्मारकों की जांच कर रही है. गुरुवार को एएसआई की टीम ने संभल जिले के हातिम सराय स्थित भद्रकास तीर्थ का दौरा किया. इस दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस भी टीम के साथ मौजूद थी. भद्रकास तीर्थ, जो एक ऐतिहासिक स्थल है, वर्तमान में गंदगी और पानी में डूबा हुआ है. टीम ने यहां की जर्जर दीवारों की जांच की, जो पानी में डूबने के कारण कमजोर हो गई हैं. दीवारों को बाहर निकालने के लिए मशीनों का उपयोग किया जा रहा है. जांच के दौरान, एएसआई टीम ने फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी की. इससे पहले, बुधवार को एएसआई की टीम ने रानी की बावड़ी और फिरोजपुर किले का भी सर्वे किया.

2024 लोस चुनाव : ईसीआई ने जारी की रिपोर्ट

64.64 करोड़ मतदाताओं ने वोट डाले, बना रिकॉर्ड

- महिलाओं व दिव्यांग मतदाताओं ने भी बनाया नया रिकॉर्ड

एजेंसी । नयी दिल्ली

इस साल सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करके विश्व रिकॉर्ड बनाया. 2024 में दाखिल नामांकनों की संख्या 12,459 थी जबकि 2019 में यह संख्या 11,692 थी. इसी तरह 2019 में जहां 8,054 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा वहीं 2024 में कुल 8,360 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा. यह जानकारी भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 पर जारी रिपोर्ट में दी है. रिपोर्ट के मुताबिक इस चुनाव में महिला मतदाताओं ने अपनी उपस्थिति और भागीदारी से लोकतंत्र को नई ऊंचाई दी, जो महिलाओं के मताधिकार के नए मानक का संकेत है. महिला मतदाताओं का मतदान औसत 65.78 प्रतिशत रहा जबकि पुरुष मतदाताओं का यह औसत 65.55 प्रतिशत था. महिला उम्मीदवारों की संख्या 800 थी जबकि 2019 में यह संख्या 726 थी. 2019 की तुलना में थर्ड-जेंडर मतदाताओं में 46.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. 2024 में जहां 90,28,696 पंजीकृत दिव्यांग मतदाता रहे वहीं 2019 में यह संख्या 61,67,482 थी. वर्ष 2019 में 540 मतदान केंद्रों की तुलना में वर्ष 2024 में केवल 40 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान हुआ.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)